3 राजधानी
1.5 करोड़ लोगों का पूर्ण टीकाकरण

6 अभिमत
तालिबान नेतृत्व से संबंध

9 राष्ट्रीय
म्यांमा के 30 हजार से अधिक शरणार्थी मिजोरम में

10 विदेश
रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर पर किए हमले

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 249
नई दिल्ली, सोमवार, 18 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधु ने सिंगापुर ओपन का खिताब अपने नाम किया
स्पोर्ट्स-12

# किसान पुत्र व नारी शक्ति में मुकाबला

## उपराष्ट्रपति पदः राजग उम्मीदवार धनखड़ के समक्ष विपक्ष ने मार्गरेट अल्वा को उतारा

● धनखड़ पश्चिम बंगाल में तो अल्वा रह चुकी हैं राजस्थान की राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उप-राष्ट्रपति** पद के चुनाव में मुकाबला किसान पुत्र बनाम महिला शक्ति हो गया है। भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान पुत्र के रूप में पेश किए जाने के बाद विपक्ष ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा को उनके खिलाफ मैदान में उतार दिया।

संयोग से, कोलकाता में राजभवन के रहने के दौरान धनखड़ का विपक्ष की सबसे प्रसिद्ध महिला चेहरा और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान और उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल अल्वा (80) को रविवार को सर्वसम्मति से 17 विपक्षी दलों के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में चुना। अपने नाम की घोषणा होने के बाद अल्वा ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में नामित होना विशेषाधिकार और सम्मान की बात है। मैं इस नामांकन को बड़ी विनम्रता के साथ स्वीकार करती हूं और विपक्ष के नेताओं को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। अल्वा चार बार राज्यसभा की सांसद रह चुकी हैं। वह राजीव गांधी और पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकारों में मंत्री भी रहीं।



मार्गरेट अल्वा का फाइल फोटो

विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार पर फैसला करने के लिए राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के आवास पर बैठक की थी। छह अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 19 जुलाई है। फैसले की घोषणा करते हुए पवार ने कहा कि मार्गरेट अल्वा के नाम पर 17 विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से फैसला किया है। बैठक में कांग्रेस, शिवसेना, वाम मोर्चा के घटक दल, राजद, सपा और अन्य सहित सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश, माकपा नेता सीताराम येचुरी, भाकपा के डी राजा और बिनॉय विश्वम, शिवसेना के संजय राउत, द्रमुक के टीआर बालू और तिरुचि शिव, सपा के राम गोपाल यादव, एमडीएमके के वाइको और टीआरएस के केशव राव शामिल थे। आईएमयूएल के ईटी मोहम्मद बशीर और केरल कांग्रेस (एम) के जोस के. मणि भी मौजूद रहे। टीएमसी और आप बैठक में मौजूद नहीं थे, लेकिन सूत्रों ने कहा कि उन्होंने अल्वा को समर्थन की पेशकश की है।



उपराष्ट्रपति पद के लिए नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता कर विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में मार्गरेट अल्वा की घोषणा करते मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार और डी राजा

पवार ने कहा कि हम तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आप संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने हमारे संयुक्त राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का समर्थन किया था। झामुमो भी इस चुनाव में विपक्षी दलों के साथ है। शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि इस चुनाव में हम सब साथ हैं। धनखड़ और अल्वा में कई चीजें समान हैं, जैसे दोनों राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री रहे हैं और दोनों की पृष्ठभूमि कांग्रेस है। दोनों के पास कानून की डिग्री भी है। एक बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं और दोनों ही राजस्थान से किसी न किसी रूप में जुड़े रहे हैं। धनखड़ जहां राज्य के मूल निवासी हैं, वहीं अल्वा यहां की राज्यपाल रह चुकी हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले धनखड़ जनता दल और कांग्रेस में रहे और उन्होंने खुद को राजस्थान उच्च न्यायालय और फिर सर्वोच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रतिष्ठित किया, जबकि अल्वा के पास अधिक व्यापक विधायी अनुभव है।

### बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस राजग उम्मीदवार के साथ

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को समर्थन देने का फैसला किया है। वहीं जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी धनखड़ का समर्थन करेगी। पार्टी के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी।

# मॉनसून सत्र आज से, पेश होंगे 32 विधेयक

● हंगामेदार रह सकता है सत्र, सरकार ने सर्वदलीय बैठक में विपक्ष से मांगा सत्र संचालन में सहयोग

● महंगाई, सेना भर्ती योजना अग्निपथ, असहिष्णुता बढ़ने, संघीय ढांचे पर हमले और लद्दाख में चीन की घुसपैठ के मुद्दे उठाएगा विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्वदलीय बैठक में भाग लेने जाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी व अन्य

**संसद** का मानसून सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। सरकार ने सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि विभिन्न विभागों 32 विधेयक दोनों सदनों में पेश किए जा सकते हैं। इनमें 14 विधेयक तैयार हैं। सरकार ने यह भी कहा कि वह इन सभी विधेयकों पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा चाहती है।

दूसरी ओर विपक्षी दलों ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना ली है। सर्वदलीय बैठक में सोमवार को सरकार ने सत्र को बिना व्यवधान चलाने के लिए विपक्ष का सहयोग मांगा। वहीं, विपक्षी दलों ने कहा कि वह कीमतें बढ़ने, महंगाई, सेना भर्ती योजना अग्निपथ, असहिष्णुता बढ़ने संघीय ढांचे पर हमले और लद्दाख में चीन की घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि 18 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के लिए सूचीबद्ध विधायी कार्यों से संबंधित हमने 32 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, ताकि विपक्ष भी तैयार हो और इसलिए हम पहले से नोटिस दे रहे हैं। इनमें 14 विधेयक तैयार हैं। हम और भी अधिक पर विचार कर सकते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सभी विधेयकों पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा करने में विश्वास करते हैं। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और हम सभी मामलों पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

जोशी ने कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक में लगभग 45 दलों को आमंत्रित किया था, जिनमें से 36 ने इसमें भाग लिया। वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान उन्होंने कुछ मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को उठाया गया, उनमें उन शब्दों का भी उल्लेख किया गया है, जिन्हें असंसदीय घोषित किया गया है और (सरकार की ओर से) यह स्पष्ट किया गया है कि असंसदीय वाक्यांशों का (शेष पेज 8)

# आईसीएसई 10वीं के परिणाम घोषित, चार छात्र शीर्ष पर



गुरुग्राम में आईसीएसई परिणाम घोषित होने के बाद प्रसन्न मुद्रा में विद्यार्थी

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडियन** सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) ने रविवार को दसवीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम घोषित किए। घोषित परिणाम के अनुसार चार छात्रों ने 99.8 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। शीर्ष स्थान हासिल करने वाले इन चार छात्रों में हरगुन कौर मथारू (पुणे), अनिका गुप्ता (कानपुर), पुष्कर त्रिपाठी (बलरामपुर) और कनिष्क मित्तल (लखनऊ) शामिल हैं। परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक के साथ 34 छात्र दूसरे स्थान पर, जबकि 99.4 प्रतिशत अंक के साथ 72 छात्र तीसरे स्थान पर हैं। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने दो साल बाद मेरिट लिस्ट की घोषणा की है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण परीक्षा आयोजित नहीं होने के बाद वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के आधार पर परिणाम घोषित किए गए थे। अधिकारियों ने कहा कि लड़कियों के पास (शेष पेज 8)

## सीबीआई को अमानतुल्लाह पर मुकदमा चलाने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** वक्फ बोर्ड में अनियमितता मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने खान के खिलाफ दर्ज शिकायत की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति दे दी है। इससे पहले भी आप विधायक से नवंबर 2016 में वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में पूछताछ की गई थी। सूत्रों के अनुसार वक्फ बोर्ड के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) महबूब आलम के खिलाफ भी नियमों, विनियमों और कानून का जानबूझकर और आपराधिक उल्लंघन करने और पद का दुरुपयोग करने तथा सरकारी खजाने को वित्तीय नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न अपराधों के लिए मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (मुख्यालय) ने नवंबर 2016 में दिल्ली वक्फ बोर्ड में विभिन्न मौजूद और गैर-मौजूद पदों पर खान द्वारा मनमानी और अवैध नियुक्तियों का आरोप लगाते (शेष पेज 8)

# भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर खरीदने का इच्छुक है फिलीपीन

● चीन से विवाद के साथ-साथ अन्य समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का कर रहा है सामना

**भाषा।** नई दिल्ली

**ब्रह्मोस** क्रूज मिसाइल की तीन बैटरी की खरीद के लिए 30.75 करोड़ डॉलर के सौदे पर मुहर लगाने के कुछ महीने बाद फिलीपीन अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर खरीदने पर विचार कर रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ अन्य समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए फिलीपीन अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

रक्षा प्रतिष्ठान के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि फिलीपीन ने अपने पुराने हेलीकॉप्टर बेड़े को बदलने के लिए कई उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) की खरीद में दिलचस्पी दिखाई है। पता चला है कि दोनों पक्ष प्रस्तावित सौदे पर बातचीत कर रहे हैं। स्वदेशी रूप से विकसित नई पीढ़ी का एएलएच हेलीकॉप्टर 5.5 टन भार वर्ग में दो इंजन वाला बहु-उद्देश्ईय हेलीकॉप्टर है और इसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए उपयुक्त माना जाता है। अधिकारियों ने कहा कि फिलीपीन स्वदेशी रूप से विकसित भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस के प्रदर्शन से प्रभावित हुआ है और इसे खरीदने पर विचार कर सकता है क्योंकि फिलीपीन अपने लड़ाकू विमानों के बेड़े को बदलना चाहता है।

फिलीपीन दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में मजबूती आई है, खासकर समुद्री क्षेत्र में। फिलीपीन ने जनवरी में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की तीन बैटरी की खरीद के लिए भारत के साथ 30.75 करोड़ डॉलर का सौदा किया था। भारत ने मार्च में फिलीपीन के साथ एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किए, (शेष पेज 8)

## एलजी ने मुख्यमंत्री को नहीं दी सिंगापुर जाने की स्वीकृति



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि वर्ल्ड सिटीज समिट (डब्ल्यूसीएस) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें सिंगापुर की यात्रा करने की अनुमति देने से इनकार करना गलत है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अगले महीने होना है। केजरीवाल ने कहा कि सम्मेलन में शामिल होने की अनुमति न देना गलत है। यह वैश्विक मंच पर दिल्ली की शासन प्रणाली की झलक पेश करने का एक अवसर है। किसी मुख्यमंत्री को इतने बड़े मंच पर जाने से रोकना राष्ट्रहित के खिलाफ है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सिंगापुर जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया, ताकि वह डब्ल्यूसीएस (शेष पेज 8)

# कोविड टीकों का आंकड़ा 200 करोड़ के पार पहुंचा

● देश की 98 फीसदी वयस्क आबादी को एक और 90 फीसदी को दोनों टीके लगे

● मोदी ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताकर देश के लोगों को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड** संक्रमण मामलों में बढ़ोतरी के बीच रविवार को एक दिन में 20,528 नए संक्रमित केस सामने आए जो पिछले पांच माह में सर्वाधिक हैं। इस बीच भारत ने कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में मील का पत्थर स्थापित करते हुए वैक्सीन की 200 करोड़ खुराक लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया। उन्होंने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने फिर से इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि



भारत के लोगों ने विज्ञान पर भरोसा दिखाया है और देश के चिकित्सकों, नर्सों, अग्रिम मोर्चे के कर्मियों और वैज्ञानिकों ने सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। ज्ञात रहे कि देश में पिछले पांच दिनों से लगातार 20,000 से अधिक कोविड के नए संक्रमण मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, टीकाकरण की बढ़ी गति से कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में राहत मिली है।

कोविड संक्रमण से देश में अब तक 5.25 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि मैं उनकी भावना और दृढ़ निश्चय की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा, भारत ने फिर से इतिहास रच दिया। टीके की 200 करोड़ खुराक के विशेष आंकड़े (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,760 | |
| निफ्टी | 16,049 | |
| सोना | 49,970 | /10g |
| चांदी | 54,326 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिर और घरों पर हमले

**ढाका।** फेसबुक पर किए गए एक पोस्ट में इस्लाम के कथित अपमान को लेकर बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में हिंदू समुदाय के एक मंदिर, दुकानों और कई घरों मे तोड़फोड़ की गई। रविवार को मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। ऑनलाइन समाचार पत्र बीडीन्यूज24.कॉम ने स्थानीय थाने के निरीक्षक हरन चंद्र पॉल के हवाले से खबर दी कि शुक्रवार शाम को नारेल जिले के सहपारा गांव में अज्ञात लोगों ने कई घरों मे तोड़फोड़ की और एक मकान को आग लगा दी। हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवा में गोलियां चलाई। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने शाम करीब साढ़े सात बजे हमले के दौरान गांव के एक मंदिर पर ईंटें भी फेंकी। उन्होंने मंदिर के अंदर के फर्नीचर को भी तोड़ दिया।

# तकनीकी खामी के बाद कराची में उतारा गया इंडिगो का विमान

● शारजाह से हैदराबाद जा रहा था

**भाषा।** नई दिल्ली, कराची

**शारजाह** से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक उड़ान के एक इंजन में गड़बड़ी आने का पता चलने के बाद रविवार को एहतियात के तौर पर उसे कराची हवाईअड्डे पर उतारा गया। विमानन नियामक डीजीसीए के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, 14 जुलाई को इंडिगो की दिल्ली-वड़ोदरा उड़ान का मार्ग एहतियात के तौर परिवर्तित करते हुए उसे जयपुर ले जाया गया था क्योंकि विमान के एक इंजन में कंपन हो रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है। इंडिगो ने रविवार की घटना के बारे में एक बयान में कहा कि शारजाह से हैदराबाद जा रही उसकी उड़ान 6ई-1406 के (शेष पेज 8)



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरता इंडिगो का विमान (फाइल फोटो)

### एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के कॉकपिट में मिला पक्षी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बहरीन से कोच्चि जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान के कॉकपिट में 15 जुलाई को एक जिंदा पक्षी पाया गया था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान जब 37 हजार फुट की ऊंचाई पर था, तब सह-पायलट की तरफ मौजूद गल्व कंपार्टमेंट (सीट के सामने सामान (शेष पेज 8)

# आज से महंगी हो जाएंगी कई खाद्य वस्तुएं

● पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही के लिए देने होंगे अधिक दाम, पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**जीएसटी** परिषद के फैसले लागू होने के बाद सोमवार से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं, जिन पर पांच प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

इस तरह 5,000 रुपए से अधिक किराए वाले अस्पताल के कमरों पर भी जीएसटी देना होगा। इसके अलावा 1,000 रुपए प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गई है। अभी इसपर कोई कर नहीं लगता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने पिछले दिनों अपनी बैठक में डिब्बा या पैकेटबंद और लेबल युक्त (फ्रोजन को छोड़कर) मछली, दही, पनीर, लस्सी, शहद, सूखा मखाना, सूखा सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज तथा मुरमुरे पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया था। कर दर में बदलाव 18 जुलाई से प्रभाव में आएंगे।



प्रतीकात्मक चित्र

इसी प्रकार, टेट्रा पैक और बैंक की तरफ से चेक जारी करने पर 18 प्रतिशत और एटलस समेत नक्शे तथा चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर जीएसटी छूट जारी रहेगी। प्रिंटिंग, ड्राइंग इंक, धारदार चाकू, कागज काटने वाला चाकू और पेंसिल शार्पनर, एलईडी लैंप, ड्राइंग और मार्किंग करने वाले उत्पादों पर कर की दरें बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई हैं। सौर वॉटर हीटर पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि पहले पांच प्रतिशत कर लगता था।

सड़क, पुल, रेलवे, मेट्रो, अपशिष्ट शोधन संयंत्र और शवदाहगृह के लिए जारी होने वाले कार्य अनुबंधों पर अब 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो अबतक 12 प्रतिशत था। हालांकि, रोपवे के जरिए वस्तुओं और यात्रियों के परिवहन तथा कुछ सर्जरी से जुड़े उपकरणों पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत की गई है। पहले यह 12 प्रतिशत थी। ट्रक, वस्तुओं की ढुलाई में इस्तेमाल होने वाले वाहनों जिसमें ईंधन की लागत शामिल है, पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जो अभी 18 प्रतिशत है। बागडोगरा से पूर्वोत्तर राज्यों तक की हवाई यात्रा पर जीएसटी छूट अब इकनॉमी श्रेणी तक सीमित होगी। आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक), बीमा नियामक (शेष पेज 8)

# साफ-सफाई को लेकर नोएडा प्राधिकरण गंभीर

## छुट्टी के दिन फिर सड़कों पर उतरे पीजीएम राजीव त्यागी, लिया शहर का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



### लापरवाही मिलने पर होगी कठोर कार्रवाई

*नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबन्धक राजीव त्यागी ने कहा कि ड्रेनों की सफाई और मैकेनिकल स्वीपिंग के कार्य में यदि किसी भी संविदाकार द्वारा कोई भी लापरवाही की जाती है, तो सम्बन्धित संविदाकार के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को सफाई के कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने को कहा।*

नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबन्धक राजीव त्यागी ने रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों का अचानक निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया।

कुछ दिनों से शहर के विभिन्न सैक्टरों के निवासियों की ओर से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि रविवार के दिन स्वीपिंग का कार्य नहीं किया जाता है। जिसके क्रम में रविवार के अवकाश के दिन राजीव त्यागी स्वयं फील्ड पर पहुंच कर विभिन्न सैक्टरों में स्वीपिंग और ड्रेन क्लीनिंग का कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि लापरवाही मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी द्वारा सेक्टर-1, 2, 4, 5 और 15 आदि सैक्टरों का निरीक्षण किया गया। जहां सफाईकर्मी कार्य करते पाए गए। इसके अतिरिक्त मुख्य मार्गों पर मैकेनिकल स्वीपिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

एक्सप्रेस-वे पर महामाया फ्लाईओवर के समीप एवं एमपी-2 मार्ग पर ग्राम निठारी के समीप मै लॉयन के कर्मचारियों द्वारा मैकेनिकल स्वीपिंग का कार्य प्रगतिरत पाया गया। गौरतलब है कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा एनजीटी की गाईडलाईन के अनुरूप वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर मैकेनिकल स्वीपिंग कराई जाती है। पानी का छिड़काव करते हुए मार्गों पर मैकेनिकल स्वीपिंग की जाती है। जिससे धूल नहीं उड़ती और वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु यह सहायक है। साथ ही सफाईकर्मियों का भी दुर्घटना से बचाव होता है।

नौएडा में कुल 300 किमी लम्बाई में मैकेनिकल स्वीपिंग का कार्य किया जाता है। जिसमें प्राधिकरण द्वारा 3 एजेन्सियों यथा. मै. चैन्नई एमएस डब्ल्यू, मै. बीवीजी इण्डिया और मैसर्स लॉयन सर्विसेज को नियुक्त किया गया है।

इन तीन एजेन्सियों द्वारा नौएडा में 10 मशीनों द्वारा कुल 270 किमी में मैकेनिकल स्वीपिंग की जाती है। साथ ही प्राधिकरण की विभागीय 2 मशीनों द्वारा 30 किमी में मैकेनिकल स्वीपिंग का कार्य किया जाता है। इसके आलावा राजीव त्यागी द्वारा विभिन्न नालों की सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

वर्तमान में मानसून के दृष्टिगत ड्रेनों की सफाई का कार्य दिन-रात युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। यहां तक कि देर रात्रि में भी सफाई का कार्य किया जा रहा है। जन स्वास्थ्य खण्ड-प्रथम के अन्तर्गत कुल 130 किमी लम्बाई में कुल 55 ड्रेनों का कार्य प्रगतिरत है, जो कि 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

वहीं, जनस्वास्थ्य खण्ड.द्वितीय के अन्तर्गत विभिन्न जोन में कुल 97 किमी दूरी में 49 नालों की सफाई का कार्य प्रगतिरत है और 70 प्रतिशत सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त मुख्य सिंचाई नाले की 10 किमी लम्बाई में उप्र सिंचाई विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है।

## डांस करते हुए फायरिंग करने वाले पुलिसकर्मी को किया लाइन हाजिर

**गाजियाबाद।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले चर्चित सिपाही कुर्बान अली को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसएसपी मेरठ रोहित सिंह सजवान ने यह कार्रवाई की है। सिपाही के खिलाफविभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

कुर्बान अली पर पहले भी आरोप लग चुके हैं। एक बार चोरी की गाड़ी से चलने का मामला सामने आया। वहीं डेढ़ महीने पहले दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर टोल पर एक ड्राइवर पर पिस्टल तानने में भी नाम सामने आया। पिस्टल तानने के मामले में एसएसपी मेरठ ने तीन सिपाहियों पर कार्रवाई की थी, लेकिन कुर्बान उसमें बच गए थे। फायरिंग का एक वीडियो सामने आया। डांस करने वाले और फयरिंग करता दिखाई पड़ रहा शख्स यूपी पुलिस का सिपाही है। कुर्बान अली एसओजी ग्रुप मेरठ में तैनात हैं। साथ में मेरठ एसटीएफ में तैनात हेड कांस्टेबल और गाजियाबाद में तैनात एक दरोगा डांस कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक को ठगा

**नोएडा।** साइबर ठगों ने युवक से वर्क फ्रोम होम में पार्ट टाइम नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक लाख 47 हजार रुपये ठग लिए। रुपये कटने के मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने सेक्टर.113 थाने में ठगी की शिकायत की है। सेक्टर-117 में विकास कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने नौकरी तलाशने के लिए एक वेबसाइट पर अपना बायोडाटा डाला था। इसके बाद कुछ दिनों पहले उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हे वर्क फ्रोम होम पार्ट टाइम नौकरी दिलाने की बात कही। इसके बाद पीड़ित आरोपी की बातों में फंस गया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें ऑनलाइन एक हजार रुपये पंजीकरण के नाम पर मांगे और उनके पास पेमेंट करने के लिये एक लिंक भेजा। जिस पर पीड़ित ने दिये गये लिंक पर क्लिक किया तो आरोपियों ने उनके फोन को हैक कर लिया और यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से कई बार में एक लाख 47 हजार रुपये निकाल लिये। खाते से रुपये कटने के मैसेज जब उनके मोबाइल पर आये तो उन्हे ठगी की जानकारी हुई। जिसके बाद पीड़ित ने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर फोन करके खाते को ब्लॉक कराया।

### कार का शीशा तोड़कर नगदी और लैपटॉप चोरी

**नोएडा।** सीनियर सिटिजन सोसाइटी निवासी गौरव शर्मा सेक्टर ओमेगा वन स्थित यमुना प्राधिकरण कार्यालय के समीप अपनी कार खड़ी कर मार्केट गए थे। वह दस मिनट बाद वापस लौटे तो कार का शीशा टूटा था और पीछे की सीट पर रखे 70 हजार रुपये, लैपटॉप, ई.स्टांप पेपर और रजिस्ट्री आदि जरूरी दस्तावेज गायब थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

### मारपीट में घायल महिला के बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** झंडापुर में सात जुलाई की रात दनकौर की रहने वाली एक महिला की ससुराल में हुई मारपीट में महिला के ताऊ की मृत्यु हो गई है। लिंकरोड थाने में ससुराल पक्ष के पति समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि ससुराल वालों के उत्पीड़न के चलते उसने मायके वालों को सूचना दी थी और जब उसके मायके वाले सात जुलाई की रात झंडापुर आए तो उन पर ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। गंभीर हालत में भाई व ताउ को उपचार के लिए नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को महिला के ताऊ रामेश्वर की मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने लिंक रोड पुलिस को रामेश्वर की मौत की जानकारी दी है। लिंक रोड थाना प्रभारी मनीष बिष्ट का कहना है कि घायल की इलाज के दौरान मृत्यु की जानकारी मिली है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पर्यावरण की रक्षा को लोगों ने किया पौधरोपण

**गाजियाबाद।** पर्यावरण की रक्षा को रविवार को वैशाली के सेक्टर 3 स्थित पंचशील पेबबल्स सोसाइटी में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया। नवीन हॉस्पिटल के ग्रुप हेड डॉ. अनिल तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि पौधारोपण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके तहत नीम, पीपल, मधुमालती, मोगरा, अमरूद, पपीता, अशोक आदि जैसे फलदायक और पर्यावरण को संरक्षित करने वाले पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सोसाइटी के आनन्द शंकर सिंह, विवेक सिंह भाटी, राजेश्वर लाल, भावना , मुकेश , सलील सरोज, अजीत साहू, अर्जुन चौधरी का पौधरोपण में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हार्न बजाने से टोकने पर युवक को पीटा

● पीड़ित परिवार ने लगाया पुलिस पर हल्की धाराओं में केस दर्ज करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



इंदिरापुरम में गाड़ी का हार्न बजाने से टोकने पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने कई लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। बीबीए छात्र विनय त्यागी ने पुलिस को बताया है कि वह शुक्रवार शाम करीब छह बजे अपने मित्र आयुष के साथ घर आ रहा था। ज्ञानखंड-1 में दोस्त को कार से उतारने के समय कार रोकी तभी पीछे से एक कार चालक ने हार्न बजाना शुरु कर दिया। उन्होंने गाड़ी से उतरकर जब बेवजह हॉर्न बजाने का कारण पूछा तो आरोपी ने उनके साथ अभद्रता शुरु कर दी।

विरोध करने पर उसने पीटना शुरु कर दिया। इसी बीच आरोपी युवक ने अपने ऑफिस से अपने तीन और दोस्तों को बुला लिया। इस दौरान सभी ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोगों की मदद से उसके दोस्त ने उसकी जान बचाई और फिर परिजनों को सूचना दी।

पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया । छात्र के पिता का आरोप है कि पुलिस ने पकड़े गए एक आरोपी को महज शांति भंग करने की धारा में चालान किया है। जबकि उनके बेटे पर जानलेवा हमला हुआ है और उसे गंभीर चोटें भी आई हैं।

इंदिरापुरम थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर का कहना है कि थाना प्रभारी इंदिरापुरम देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि आरोपियों को शीघ्र पकड़ा जाएगा।

## महिला को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**नोएडा।** एक महिला डॉक्टर को ऐप के माध्यम से लोन लेना भारी पड़ गया। पीड़िता द्वारा दो बार लोन चुकाने के बावजूद उन्हें व उनके रिश्तेदारों को ऐप कर्मचारियों की तरफ धमकी दी जा रही है।

आरोपी उनकी फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में पीड़िता निशि ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 76 स्थित अम्रपाली प्रिंसले स्टेट सोसाइटी में रहती है। वह डॉक्टर और साइकोथेरेपी की रिसर्च स्कॉलर है। निशि का कहना है कि उन्होंने एक मोबाइल लोन ऐप से तीन हजार रुपये लोन लिया था।

## ईवे बिल में गड़बड़ी कर ले जाते ट्रक में 11 लाख से अधिक का माल पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ईवेबिल में गड़बड़ी कर ले जाते ट्रक में 11 लाख 75 हजार 608 रुपये का माल पकड़ा गया है। राज्य वाणिज्यकर विभाग गौतमबुद्ध नगर की टीम ने पकड़ा है। डीएनडी पर 22 जून को हुई कार्रवाई में दस्तावेजों की प्रक्रिया अब पूरी हुई है।

विभाग के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि दिल्ली से माल नोएडा के रास्ते ले जाया जा रहा था। एमएस ब्रांडमैन रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का सामान ट्रक में लदा हुआ था। पुराने ई वेबिल पर ही सामान ले जाया जा रहा था। चार लाख 23 हजार 219 रुपये कर और जुर्माना जमा कराया गया है। इसके अलावा कॉपर वायर से लदा एक ट्रक पकड़ा गया है। सर्वश्री ग्रीनमेंट लिमिटेड का यह सामान था। दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि पूरे सामान का ईवेबिल जारी करके सिर्फ कुछ माल का बिल बनाया गया था। 13 लाख 78 हजार 303 रुपये कर और जुर्माना जमा कराया गया है। इसके अलावा हार्ड वेयर से लदे एक ट्रक को भी पकड़ा गया है। माल की कीमत 27 लाख 17 हजार 498 रुपये थी। नौ लाख 78 हजार 300 रुपये कर और जुर्माना जमा कराया गया है। ईवे बिल कॉमन पोर्टल से अपलोड नहीं किया गया।

## लग्जरी कार में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रविवार दोपहर एसयूवी कार से 750 ग्राम स्मैक हेरोइन पकड़ी है। तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार हैं। दावा है कि मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह स्मैक 1 करोड़ 20 लाख रुपए की है।

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी तय्यब खां और शहजाद खान निवासी इज्जतनगर बरेली व सैफ निवासी मजनूपुर बरेली हैं। जबकि फरार आरोपी मोहम्मद आतिफ व मोहम्मद सौफी हैं। ये भी बरेली में मजनूपुर गांव के रहने वाले हैं।

तीनों की गिरफ्तारी साहिबाबाद थाना क्षेत्र में हिंडन एयरफोर्स पुलिस चौकी के नजदीक से हुई है। ये तीनों यहां पर एक व्यक्ति को स्मैक सप्लाई करने आए थे। बरेली से स्मैक की सप्लाई दिल्ली, एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान आदि राज्यों में करते हैं।

## हिंडन नदी में उतरे राज्यसभा सांसद संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



आम आदमी पार्टी ने रविवार को तिरंगा शाखा के स्वच्छ सरोवर अभियान के तहत हिंडन नदी के घाट पर साफ-सफाई की।

राज्यसभा सांसद एवं यूपी प्रभारी संजय सिंह खुद फावड़ा लेकर हिंडन नदी में उतरे। उन्होंने फावड़े से जल कुंभी और अन्य कूड़ा-करकट हटाया और बाहर फेंका। इस अभियान में सांसद का कुर्ता पूरी तरह गंदा हो गया। उन्हें देखकर पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी कपड़े खराब होने का संकोच किए बगैर हिंडन नदी के अंदर उतर गए और घंटों तक सफाई की। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद-51क में मौलिक कर्तव्यों का हवाला दिया है। इसमें लिखा है कि वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए नदी, नालों को स्वच्छ रखना जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि पॉलिथिन का प्रयोग न करें और वातावरण को स्वच्छ बनाएं। इस अभियान में जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, पूर्व विधायक नितिन त्यागी, प्रदेश युवा अध्यक्ष पंकज अवाना, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर छवि यादव, प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमांडो अशोक, निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता तरूणिमा श्रीवास्तव, ओमवीर सिंह, दीपक वर्मा, चेतन त्यागी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, शरदिंदु शर्मा, हरेंद्र शर्मा, निमित्त यादव, जेपी सिंह, अधिवक्ता मनोज त्यागी, कल्पना वर्मा आदि मौजूद रहे।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./GM(P)/2022/611 दिनांक : 15/07/2022

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासित/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदाएं द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्याः वाई.ई.ए./GM(P)/2022/610 दिनांक 15.07.2022 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉमेंन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉमेंन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Supply of Water Tanker and Sweeper on hire For Mobile Toilet at Rehabilitation and Resettlement of Village Abadi in Jewar (Part-G) WC-04 | रु. 8.87 लाख |
| 2. | Dewatering and Restoration of pond in village Moonjkhera YEA WC-06 | रु. 4.07 लाख |
| 3. | Providing and Fixing kerb Stone in Central verge of 30m wide road in Sec-22E, YEA WC-02 | रु. 10.72 लाख |
| 4. | Construction of Boundarywall & Interlocking Tiles in Campus of Barat Ghar in Village-Dubli, YEA WC-06 | रु. 19.62 लाख |
| 5. | Balance Work of Internal Road (close graded premix surfacing) in Pocket-B Sector-20 YEA WC-02 | रु. 70.84 लाख |

जिन्हें दिनांक 21.07.2022 से 01.08.2022 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 02.08.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 6. | C/o Boundarywall and gate for 2MLD Sewage treatment Plant in Sec-22D YEA WC-02 | रु. 23.66 लाख |
| 7. | Providing & Laying 12.00 mtr wide road Yamuna Expressway to Village-Ronija at Sector-22E, YEA WC-02 | रु. 41.39 लाख |
| 8. | Dewatering and restoration of pond in village-Sabota Mustafabad, YEA WC-06 | रु. 12.08 लाख |
| 9. | Dewasting and restoration of pond in village-Ahmedpur Choroli, YEA WC-06 | रु. 3.17 लाख |
| 10. | Dewatering and restoration of pond in village-Dyorar, YEA WC-06 | रु. 5.21 लाख |

जिन्हें दिनांक 22.07.2022 से 03.08.2022 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 04.08.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबंधक (परियोजना)


## सुपरटेक समूह बेचेगा अपने 2 होटल और मॉल

**नोएडा।** नोएडा में सुपरटेक समूह अपने 2 होटल और 2 मॉल को बेचकर एक हजार करोड़ रुपये जुटाएगा। इससे फ्लैट खरीदारों के फ्लैटों को पूरा करेगा। इसमें करीब 16 प्रोजेक्ट है।

सुपरटेक समूह के चेयरमैन आरके अरोड़ा ने बताया कंपनी मेरठ के शॉप्रिक्स मॉल और हरिद्वार के पेंटागन मॉल को बेचेगी। साथ ही मेरठ के एक होटल और हरिद्वार के एक होटल बेचकर पूंजी जुटाएगी। सुपरटेक ग्रुप का एक कंपनी से 50 करोड़ रुपये का करार हो चुका है। यह पूंजी बायर्स के सपनों को पूरा करने में लगेगा। कंपनी ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल एनसीलेट के 10 जून के फैसले के बाद अब तक 923 फ्लैट खरीदार को घर दे चुकी है। निवेशकों से भी कलेक्शन आने लगा है। एक माह में 25 करोड़ कलेक्शन आया है। कंपनी की कोशिश है कि कलेक्शन की राशि और बढ़े, जिससे प्रोजेक्ट पर तेजी से काम को आगे बढ़ाया जाए। कंपनी के हर प्रोजेक्ट पर काम शुरू है।

अभी लगभग 1 हजार 5 सौ कामगार काम कर रहे हैं। जिसकी संख्या आनेवाली समय में 5 हजार तक कर दी जाएगी। एनसीएलटी ऑर्डर आने के पहले कंपनी 4 माह में 5 हजार 4 सौ 65 घर डिलीवरी दिया है। साथ ही प्रोजेक्ट करने में होम बायर्स का भी सहयोग मिल रहा है।

10 जून के बाद अब तक बायर्स की ओर से लगभग 7.9 करोड़ का भुगतान भी किया गया है। एनसीएलटी ने 17 मार्च 2022 को मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। 25 मार्च को सुपरटेक को एक प्रोजेक्ट पर दिवालिया घोषित कर दिया था।

## लापता बच्ची की 17 दिन बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

खोड़ा के शंकर विहार में रहने वाली महिला की 13 साल की लड़की घर के बाहर से लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि वह तीन चार दिन पहले ही गांव से यहां आई थी और उसे रास्ते की जानकारी नहीं थी।

महिला ने बच्ची के गुम होने की सूचना के लगभग 17 दिन बाद खोड़ा थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस बच्ची को तलाशने के लिये आसपास जानकारी कर रही है। शारदा ने बताया कि 28 जून को वह और बेटा फैक्ट्री में काम करने गए थे, जब वापस लौटे तो उनकी 13 साल की बेटी प्रीति घर पर नहीं थी। आसपास जानकारी की तो पता चला कि वह घर के बाहर खेलते हुए देखी गई थी। महिला ने थाने में बच्ची के गुमशुदगी की सूचना दी।

पुलिस उसके यहां 14 जून को आई और उसे एक नंबर देकर अशोक नगर आने के लिए कहा। 15 तारीख को जब वहां पहुंची तो पुलिस वालों ने उसे बाद में आने को कहा। महिला का कहना है कि गांव से आने के कारण बच्ची को यहां के रास्तों की जानकारी नहीं थी, जिस कारण वह रास्ता भटक गई होगी। खोड़ा थाना प्रभारी अलताफ अंसारी ने बताया कि बच्ची को उसकी मां बिहार से लाई थी।



सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन के बारे में युवती को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

## संपत्ति विवाद में बहु ने कराई थी ससुर की हत्या

● हिस्सा नहीं मिलने से नाराज थी, बॉयफ्रेंड ने मांगे थे रुपए, महिला समेत चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस ने 15 जुलाई को लूट के दौरान हुई वृद्ध की हत्या का सनसनीखेज खुलासा रविवार को कर दिया। विधवा बहू ने बॉयफ्रेंड और उसके दोस्तों संग मिलकर वृद्ध ससुर की हत्या और फिर लूटपाट कराई। पुलिस ने महिला व तीन अन्य युवकों को गिरफ्तार किया है।

महिला को जहां प्रॉपर्टी में हिस्सेदारी नहीं मिली, वहीं बॉयफ्रेंड को रुपयों की जरूरत थी। इन दोनों मकसदों को पूरा करने के लिए महिला ने अपने ससुर का कत्ल करा दिया। टीला मोड़ थाना क्षेत्र गांव पसौंडा में शिव मंदिर के पास जसवंत शर्मा 75 का मकान है।

15 जुलाई की रात कुछ बदमाशों ने जसवंत शर्मा के हाथ-पैर बांधने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। बराबर वाले कमरे से करीब साढ़े 7 हजार रुपए कैश और एक लाख रुपए के जेवरात भी लूट लिए और मृतक की बहू कविता के भी हाथ.पैर बांधकर बदमाश फरार हो गए। मृतक के बेटे पंकज शर्मा ने अपनी भाभी कविता पर हत्या का शक जाहिर करते हुए एफआईआर कराई थी। पुलिस को भी शुरुआत से कविता पर शक था। कविता पर शक जाने की कुछ वजहें भी थी। उसके हाथ-पैर पीछे से बंधे हुए थे। जब वह सोकर उठी तो हाथ-पैर बंधे मिले।

पुलिस के मुताबिक, सोते वक्त पीछे की तरफ से हाथ नहीं बांधे जा सकते। यदि बांधे भी जाते तो निश्चित रूप से कविता नींद से जाग जाती। इसके अलावा बदमाशों के पास अलमारी की चाभी कहां से आई, मुख्य गेट के अलावा अन्य कोई रास्ता घर में घुसने का नहीं था तो फिर बदमाश कैसे घुसे। इन सब बातों के चलते कविता शुरू से इस केस की प्राइम सस्पेक्ट थी। पुलिस को इस केस में सबसे बड़ी लीड तब मिली, जब कविता के कमरे से एक मोबाइल सिम मिला। पुलिस ने इसे चालू किया और कॉल डिटेल रिपोर्ट निकाली तो पता चला कि वारदात वाली रात ये सिम चालू था और एक मोबाइल नंबर पर लगातार बातचीत भी हुई थी। इसी के सहारे पुलिस ने पूरा केस खोल दिया।

एसपी सिटी सेकेंड ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड में रविवार को मृतक की बहू कविता समेत इरशाद, मोहम्मद नौशाद और साजिद को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मेरठ में लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनसे लूटे गए जेवरात, 5600 रुपए नगदी, बाइक और तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। पांचवां आरोपी परवेज फरार है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 18 जुलाई, 2022



# कोरोना को लेकर बेपरवाह हुए लोग नहीं लगवा रहे एहतियाती खुराक

- सिर्फ 10 फीसदी लोगों ने लगवाया टीका, सीएम केजरीवाल ने की टीका लगवाने की अपील



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना से बचाव व सुरक्षा की जंग में दिल्लीवासियों की घटती भूमिका, अनदेखी व लापरवाही पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक अपील कर महामारी को हराने के लिए एकजुट प्रयास की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को दिल्लीवासियों से कोविड-19 रोधी



टीके की एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) लगवाने की अपील करते हुए कहा कि शहर में अभी तक सिर्फ 10 फीसदी लोगों ने ही बूस्टर डोज की खुराक ली है। मुख्यमंत्री ने 12-17 आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावकों से बच्चों को टीके की दूसरी खुराक दिलाने की भी अपील की।

उन्होंने कहा कि हमने सुनिश्चित किया कि टीका सभी केलिए मुफ्त उपलब्ध हो। आज, मैं आप सभी से जल्द से जल्द बूस्टर डोज लगवाने की अपील कर रहा हूं। इस खुराक को पहली और दूसरी खुराक के बाद लगवाने की आवश्यकता है। जिन्हें अभी एहतियाती खुराक लेनी है, वे इसे तुरंत लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बूस्टर डोज अभी तक कुल आबादी के एक बहुत छोटे हिस्से ने लगवाया है। उन्होंने कहा कि यह भी अन्य दो खुराकों की तरह मुफ्त में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के टीकाकरण के लिए स्कूलों में भी शिविर लगाएगी। स्कूल प्राधिकारी इस उद्देश्य के लिए स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अभी तक टीके की कुल 3.5 करोड़ खुराक दी गई हैं और एहतियाती खुराक लेने वाले लोगों की संख्या 18.5 लाख है।

उन्होंने कहा कि एहतियाती खुराक का यह आंकड़ा पहली खुराक लेने वालों का महज 10 फीसदी है। केजरीवाल ने कहा कि लोग अब टीका लगवाने के लिए पास के मोहल्ला क्लिनिक में भी जा सकते हैं।

## 1.5 करोड़ लोगों का पूर्ण टीकाकरण



*मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वर्तमान में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। दिल्ली में कुल 1.81 करोड़ लोगों ने टीके की पहली खुराक ले ली है और 1.53 करोड़ लोगों ने दोनों खुराक ले ली हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पास हर दिन एक लाख खुराक देने की क्षमता है और दूसरी खुराक न लेने वाले लोगों को भी जल्द से जल्द टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों को भी एहतियाती खुराक लेने की आवश्यकता है।*



केंद्र में कोरोना की जांच करतीं स्वास्थ्यकर्मी।

# पीएम को दिल्ली मॉडल से लगता है डरः आप

- अंतरराष्ट्रीय मंच पर नरेंद्र मोदी के नकली मॉडल का खुलासा न हो जाए, इसलिए सिंगापुर जाने की नहीं दे रहे मंजूरीः सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर नरेंद्र मोदी के नकली मॉडल का खुलासा ना हो जाए, इसलिए पीएम मोदी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर जाने की मंजूरी नहीं दे रहे।

पीएम को सीएम के दिल्ली मॉडल से डर लगता है। प्रधानमंत्री शायद भूल गए हैं कि जब उनको अमेरिका का वीजा नहीं मिला था तो रात-दिन शोर मचाते थे। तब पूरे देश ने इसकी आलोचना की थी। आज वही काम वह केजरीवाल के साथ कर रहे हैं। संजय सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीएम मोदी के पर मुफ्त रेवड़ी बांटने वाले बयान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम ने अपने मित्रों को रेवड़ी बांटी हैं।

ग्यारह लाख करोड़ का लोन माफ करके देश को तबाह कर दिया। बैंकों का 34 हजार करोड़ रुपए लूट लेने वाली डीएचएफएल पर ईडी कार्रवाई नहीं कर रही, क्योंकि इस कंपनी ने भाजपा को 27 करोड़ का चंदा दिया है। केजरीवाल हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त, फरिश्ते योजना में 50 लाख का मुफ्त इलाज, माताओं बहनों को बस की यात्रा फ्री, 18 लाख बच्चों को अच्छी शिक्षा, मुफ्त दवाएं, मुफ्त इलाज, मुफ्त पानी दे रहे हैं। नरेंद्र मोदी को रेवड़ी से इतनी परेशानी है तो अपने सभी सांसदों को मिलने वाली 5 हजार यूनिट बिजली मुफ्त, बड़े बंगले, वेतन, गाड़ियां, हवाई जहाज यात्रा समेत सभी सुविधाएं बंद करा दें। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सदन का सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। उस बैठक में उन्होंने संघीय ढांचे पर लगातार केंद्र सरकार की ओर से जो प्रहार हो रहा है, राज्य सरकारों के अधिकारों को लगातार छीना जा रहा है, दिल्ली के मुख्यमंत्री के अधिकार लगातार जहो छीना जा रहा है, इन सवालों को सरकार के सामने रखा है। यह बहुत ही गंभीर मामला है।

हमारे राजनीतिक मतभेद 1 हजार हो सकते हैं। केजरीवाल को सिंगापुर सरकार ने वर्ल्ड सिटी सम्मेलन में आमंत्रित किया।

## दोस्त से कहासुनी होने पर मारी गोली, मौत

**नई दिल्ली।** आजादपुर इलाके में एक व्यक्ति ने किसी मुद्दे पर कहासुनी होने के बाद अपने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शालीमार बाग गांव निवासी अभिषेक (23) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) उषा रंगनानी ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात लगभग दो बजे आदर्श नगर थाने के कर्मी आपात प्रतिक्रिया वाहन से आजादपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि इसी दौरान उन्हें रामलीला मैदान के पास एक व्यक्ति घायल हालत में पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को तुरंत बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के सीने में गोली लगी थी। उन्होंने कहा, पूछताछ के दौरान पता चला कि अभिषेक अपने एक दोस्त से मिलने आजादपुर के रामलीला मैदान के पास गया था। वहां, किसी बात पर उनके बीच तीखी बहस हुई।

## गैर-डीयू छात्रों के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम की योजना : कुलपति

- गृहिणियों, सेवानिवृत्त व पेशेवर नियमित छात्रों के साथ कर सकेंगे पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविवद्यालय अगले साल से गृहिणियां, सेवानिवृत्त लोग और कार्यरत पेशेवर समेत ऐसे लोगों को मौका देने जा रहा है जिनको डिग्री से अधिक विषय पढ़ने में रूचि है।

इतना ही नहीं ऐसे लोग दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नियमित छात्रों के साथ कक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय अगले साल जनवरी से गैर-डीयू छात्रों के लिए प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम शुरू करनेकी योजना बना रहा है।

कुलपति ने कहा कि इस मामले को तीन अगस्त को होने वाली अगली अकादमिक परिषद की बैठक में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति, जो डीयू का छात्र नहीं है, एक बार मे्ं अधिकतम दो कोर्स कर सकेगा और प्राप्त क्रेडिट उसके अकादमिक क्रेडिट बैंक में जोड़ दिया जाएगा। अकादमिक क्रेडिट बैंक (एबीसी) एक आभासी भंडारगृह है, जो एक छात्र के डिजिटल रूप से संग्रहित अकादमिक क्रेडिट रिकॉर्ड को रखता है। पाठ्यक्रम के अंत में छात्रों को एक प्रमाणपत्र मिलेगा। सिंह ने कहा कि इससे उन लोगों को मदद मिलेगी जो किसी विशेष विषय या कौशल के बारे में सीखना चाहते हैं, लेकिन पूर्णकालिक डिग्री प्राप्त नहीं करना चाहते हैं। उन्होंनेकहा, कुछ छात्र कुछ ही विषयों में पढ़ाई करना चाहते हैं और डिग्री नहीं चाहते हैं। हम नागरिकों के लिए पाठ्यक्रम-आधारित पंजीकरण शुरू करने की योजना बना रहे हैं। वे विश्वविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों के साथ कक्षाएं ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गैर-डीयू विद्यार्थियों को अंत में एक प्रमाणपत्र मिलेगा और इसे आपके अकादमिक क्रेडिट बैंक में जोड़ा जाएगा। सिंह ने कहा कि आवेदक विद्यार्थी या कोईकामकाजी व्यक्ति हो सकता है और सेवानिवृत्त व्यक्ति भी आकर अध्ययन कर सकते हैं। विशेष पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक आवश्यकताओं और न्यूनतम उम्र तय करने संबंधी ब्योरे पर काम कर रहे हैं।

# शहीद भगत सिंह में हर्षोल्लास से मना स्वर्ण जयंती समारोह



- महाविद्यालय ने स्थापना 50 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय ने स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर रविवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में ए सागा ऑफ 50 ग्लोरियस इयर्स समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह मेंर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो योगेश सिंह और विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणि और दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो श्री प्रकाश सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में 'मोमेंटस मोमेंट' शीर्षक नाम से कॉफी-टेबल बुक का अनावरण किया गया।

इस मौके पर उपकुलपति प्रोफ़ेसर योगेश सिंह ने कहा कि यह वर्ष अत्यंत ही महत्वपूर्ण है इस वर्ष में हम आजादी का अमृत महोत्सव, विश्वविद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने तथा शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहे हैं ।

कॉलेज के चेयरमैन फिरोज खान ने युवाओं से भगत सिंह के विचारों को जीने की बात कही।

प्रधानाचार्या प्रो. एसके सिन्हा ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत कर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो सीएस दुबे ने पूरे वर्ष में होने वाली गतिविधियो की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# सबसे प्रदूषित राजधानी हताशा नहीं, चुनौती

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, पड़ोसी राज्य गंभीर नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली को दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा देने वाले अध्ययनों से मैं हताश नहीं होता बल्कि इसे एक चुनौती के रूप में लेता हूं, यह कहना है दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल का।

पर्यावरण मंत्री ने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा कि उच्चतम न्यायालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के कई दिशा-निर्देशों के बावजूद दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या बरकरार है, क्योंकि पड़ोसी राज्य इनके कार्यान्वयन को लेकर गंभीर नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या को केवल संबंधित राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के एक पैनल के माध्यम से हल किया जा सकता है, जिसकी हर महीने एक बैठक होनी चाहिए। दिल्ली को दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा देनेवाले एक अध्ययन पर उनके विचार पूछे जाने पर राय ने कहा,मैं हताश नहीं होता। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेता हूं। भारत में ऐसे शहर हैं, जो दिल्ली से ज्यादा प्रदूषित हैं। लेकिन इनमें से किसी ने भी दिल्ली की तरह प्रदूषण की समस्या से निपटने की दिशा में काम नहीं किया है। वायु प्रदूषण पर लगाम लगाना हमारी सरकार की शीर्ष दस प्राथमिकताओं में से एक है और दिल्ली इस दिशा में एक योद्धा बनकर उभरी है।

### डीजल वाहन प्रतिबंध पर विचारः राय

गोपाल राय ने कहा है कि उनकी सरकार बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंध से उत्पन्न होने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर गौर करेगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु प्रदूषण गंभीर स्तर तक बढ़ने पर इन डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। मंत्री ने कहा कि इस मामले में लोगों से चर्चा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## बिजनेस में घाटा हुआ तो बन गया लुटेरा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने लूट की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने व्यापार में हुए घाटे के बाद लूट की बड़ी योजना बनाई कि हवाला के पैसे को लूटने के बाद कुछ नहीं बिगड़ेगा। फिर इन्होंने पुरानी दिल्ली के हवाला कारोबारियों की रकम पर नजर रखनी शुरू कर दी।

आरोपियों की पहचान सैयद इमरान और राहुल सिक्का के रूप में हुई है। दोनों ने कारोबार में घाटे से उबरने और लग्जरी लाइफ पाने के लिए सब्जी मंडी से लौट रहे मनी ट्रांसफर का काम करने वाले शख्स से 34.17 लाख की रकम लूट ली। उसके बाद दोनों मौज मस्ती करने के लिए मनाली, शिमला गए।

## बंदूकों की तस्करी मामले में सीमा शुल्क विभाग ने शुरू की जांच

- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बड़ी सं या में बरामद हुई थीं बंदूक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर हाल में गिरफ्तार किए गए एक दंपति के पास से बड़ी संख्या में बंदूक बरामद होने के मामले में सीमा शुल्क विभाग ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू की है कि पिछले साल दंपति ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के जरिए देश में 25 बंदूकों की तस्करी कैसे की।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद दंपति ने सीमा शुल्क अधिकारियों के सामने स्वीकार किया कि वे तुर्की से 12.5 लाख रुपए की 25 बंदूकों की तस्करी में शामिल थे। अधिकारी ने कहा, उनके दावे के संबंध में और अधिक जानकारी का पता लगाने के लिए एक आंतरिक जांच की जा रही है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि उन्होंने गुरुग्राम के दंपति को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर देश में 22.5 लाख रुपए की 45 बंदूक की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में बुधवार को जारी एक बयान में सीमा शुल्क विभाग ने कहा था कि दोनों यात्रियों ने इससे पहले तुर्की से लगभग 12,50,000 रुपए मूल्य की 25 बंदूकों की तस्करी में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की। उनके अपराध स्वीकार करने के बाद सीमा शुल्क अधिकारियों ने उनसे मिली जानकारी की पुष्टि करना शुरू कर दिया है। दंपति ने पिछले साल दिसंबर में 25 बंदूकोंकी तस्करी में शामिल होने का दावा किया था।

हम अधिक जानकारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और उड़ान विवरण कीपुष्टि करेंगे।

इस बीच, सीमा शुल्क विभाग ने दंपति से 45 बंदूक जब्त करने की सूचना एनआईए को दी है, जो आतंक से संबंधित घटनाओं की जांच करती है।

## संक्षिप्त समाचार



पार्टी की सदस्यता दिलाते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व अन्य।

### तीन बार डूटा अध्यक्ष रहे डॉ. आदित्य आप में शामिल

**नई दिल्ली।** अकेडमिक्स ऑफ एक्शन एंड डेवलपमेंट के चेयरपर्सन व 3 बार के डूटा अध्यक्ष डॉ. आदित्य नारायण मिश्रा आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए है। उनके अलावा दर्जनभर से अधिक प्रोफेसर, शिक्षाविद व डूटा के वर्तमान कार्यकरिणी के कई सदस्यों ने भी झाड़ू थाम लिया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने टोपी और पटका पहना कर उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में शिद्दत से काम करती है यहीं कारण है कि पार्टी जब से सरकार में आई है हमने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए शानदार काम किए है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में 5 नए यूनिवर्सिटी शुरू किए और उच्च शिक्षा संस्थाओं में 5 सालों में 25,000 से ज्यादा सीटें बढाई ये अपने आप में रिकॉर्ड है और ऐसा शायद ही देश के किसी और राज्य में हुआ होगा। आदित्य नारायण मिश्रा के पार्टी में शामिल होने से उच्च शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में उनके अनुभवों से फायदा मिलेगा।

### दो दिन बारिश होने से मौसम खुशगवार, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में रविवार सुबह बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि बारिश होने के कारण पारा गिरकर 24.3 डिग्री सेल्सियस हो गया जो औसत तापमान से तीन डिग्री कम है। इसने कहा कि सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 98 फीसदी दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों जैसे कि शाहदरा, अक्षरधाम, मयूर विहार, आईटीओ, साकेत और इंडिया गेट के आसपास के इलाकों में बारिश हुई। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सुबह साढ़े आठ बजे तक शहर में 30 मिलीमीटर बारिश हुई। हालांकि दोपहर बाद मौसम में उमस महसूस की गई।

### एफएम चैनलों की मदद लेगी दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। राजधानी में लोगों को ट्रैफिक जाम की स्थिति और मार्ग बदलने के बारे में अद्यतन जानकारी देने के लिए दिल्ली पुलिस एफएम चैनलों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक द्वारका रेंज और पब्लिक इंटरफेस यूनिट) अंकित सिंह ने कहा कि सभी इलाके से यातायात के संबंध में सूचना प्राप्त कर उसे जन संपर्क अधिकारी के माध्यम से रेडियो के एफएम चैनलों को दिया जाएगा। सिंह ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी में 1.22 करोड़ से ज्यादा वाहन पंजीकृत हैं। कार चलाते हुए लोग अकसर एफएम सुनते हैं। इस प्रणाली के जरिए हम और अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यात्रियों को वीवीआईपी वाहनों की आवाजाही, विशेष इंतजाम, धरना, प्रदर्शन आदि की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि वे उसी हिसाब से अपनी यात्रा तय कर सकें।

नीट का पेपर देने जाते अभ्यार्थी



# जंगपुरा में पालतू जानवरों के लिए शुरू होगा विशेष पार्क

## दिल्ली नगर निगम की महत्वाकांक्षी परियोजना ने पकड़ी गति, जल्द होगा तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब पालतू पशुओं के लिए विशेष पार्क तैयार होने जा रहा है। जो अबतक अपने आप में अनूठी विशेषताओं के एक नजीर बन सकता है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जंगपुरा में पालतू कुत्तों और बिल्लियों के लिए विशेष रूप से एक पैट पार्क विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना ने जोर पकड़ लिया है और जल्द इसका निर्माण भी शुरू हो जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि पैट पार्क में पालतू जानवरों को घुमाने की जगह, कुत्तों और बिल्लियों के लिए बिना जंजीर या पट्टा बांधे उन्हें खुला छोड़ने, पशु चिकित्सा केंद्र, खेल क्षेत्र जैसी सुविधाएं, खाना और सामान की बिक्री के लिए स्टॉल होंगे। इसमें एक आश्रय स्थल भी होगा जहां पालतू जानवर आराम कर सकते हैं, जब उनके मालिक काम के लिए बाहर होंगे। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पालतू जानवरों के लिए एक समर्पित पार्क विकसित करने का काम अब धीरे-धीरे शुरू हो गया है क्योंकि पहले धन की कमी तथा पूर्ववर्ती तीनों नगर निगमों के एकीकरण के कारण परियोजना पर प्रगति धीमी थी। अधिकारी ने बताया कि अब पार्क के लिए निविदा जारी हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। कोष की कमी के कारण काम रुका हुआ था लेकिन अब हम कुछ कोष की व्यवस्था कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जल्द एक महीने में काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण दिल्ली के जंगपुरा में एक एकड़ क्षेत्र वाले एक पुराने पार्क में पैट पार्क बनाया जाएगा। इस कदम को पिछले साल तत्कालीन दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने मंजूरी दी थी और इसकी समय सीमा मार्च 2022 रखी गई थी। पैट पार्क में पालतू जानवरों के घूमने, दौड़ने, स्विमिंग जैसी सुविधाएं भी होंगी। कुत्ते-बिल्लियों के शौच के लिए एक निर्दिष्ट स्थान रहेगा और पालतू जानवरों के मल को इकट्ठा करने के लिए अपशिष्ट बैग डिस्पेंसर का भी प्रावधान होगा।

### ग्रेटर हैदराबाद से मिली प्रेरणा

ग्रेटर हैदराबाद के डॉग पार्क से मिली थी। हालांकि, पूर्ववर्ती उत्तरी नगर निगम ने पिछले साल अक्टूबर में ओल्ड राजेंद्र नगर में दिल्ली का पहला डॉग पार्क खोला था। ऐसे कई मामले आए हैं जहां लोगों को अपने कुत्तों को सार्वजनिक पार्क के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है, इसलिए ऐसी सुविधाएं होना जरूरी है। दिल्ली के राजधानी होने के नाते यहां ऐसी कई सुविधाएं होनी चाहिए क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें कुत्ते और बिल्लियां पालना पसंद है। उन्होंने कहा कि पार्क में एक पशु चिकित्सालय भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें पालतू जानवरों की सर्जरी की सुविधा होगी।

अधिकारी ने कहा, हम इस तरह के अपशिष्ट को इकट्ठा करने के लिए ढके हुए कूड़ेदान स्थापित करेंगे।

# कोरोना के बावजूद प्रदेश में 28 हजार करोड़ रुपये का हो रहा है निवेश : दुष्यंत चौटाला

## इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस और हरियाणा एमएसएमई एक्सीलेरेट रिकॉग्निशन कार्यक्रम में की शिरकत

### कहा, हरियाणा सरकार तथा एमएसएमई मिलकर काम करें तो मनवा सकते हैं अपना लोहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में महिला उद्यमी को सम्मानित करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**उप-मुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने एसोचेम द्वारा आयोजित एक्सीलेरेट हरियाणा-2022 : इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस तथा हरियाणा एमएसएमई एक्सीलेंस रिकॉगनिशन कार्यक्रम में उद्योगों का आह्वान किया कि वे आईटीआई में शिक्षारत विद्यार्थियों तथा प्रदेश के युवाओं को सीएसआर के तहत प्रशिक्षित करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि हरियाणा में एमएसएमई क्षेत्र में उद्योग दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो से ढाई साल में कोरोना की चुनौतियों का सामना किया लेकिन एमएसएमई जगत ने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बढ़त बनाई। इसके परिणामस्वरूप एमएसएमई उद्योगों का प्रदेश में जाल बिछा है। आज काफ ी उद्योग एमएसएमई में कवर हो रहे हैं। हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों के चलते एमएसएमई जगत को गति मिली है। जिसके चलते हरियाणा में मारुति, जेबीएल, बिरला पेंट्स, कोका कोला जैसी कंपनियों द्वारा बड़ा इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना के बावजूद प्रदेश में 28 हजार करोड़ रुपये का निवेश होना यह अपने आप में हरियाणा की ताकत है। वे यह मानते है कि बड़ी मदर इंडस्ट्री यहां आएंगी तो साथ में उनकी एन्सीलरी यूनिट्स भी यहां स्थापित होंगी।

उन्होंने मंच से पद्मा पालिसी के फायदों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि उद्योगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने ई-वाहन पॉलिसी के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि यह पॉलिसी अत्यंत लाभदायक है। भविष्य में इसे लेकर निश्चित तौर पर ही सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई उद्योग ग्रीन एनर्जी को लेकर अपने यहां कोई बदलाव करना चाहता है तो हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए भी पूरा सहयोग दिया जाएगा।

श्रीचौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आईटीआई, कॉलेजों तथा अन्य प्रशिक्षण केन्द्र काफी संख्या में हैं। ऐसे में उद्योगों को चाहिए कि वे आईटीआई तथा तकनीकी शिक्षा संस्थानों में शिक्षारत विद्यार्थियों तथा अन्य युवाओं को सीएसआर के तहत अपने उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि यदि उद्योग प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे तो प्रदेश के 75 प्रतिशत नही, बल्कि 100 प्रतिशत युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने उद्योगों से कहा कि हरियाणा सरकार तथा एमएसएमई जगत यदि मिलकर काम करेंगे तो हम देश में अपना लोहा मनवा सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित उद्यमियों ने उप मुख्यमंत्री को एमएसएमई में बेहतरी के लिए सुझाव भी दिए।

## महिला थाना बल्लभगढ़ में किया पौधरोपण

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के निर्देशन पर वृक्षारोपण पखवाड़ा 14 जुलाई 2022 से 28 जुलाई 2022 तक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी की देखरेख में मनाया जा रहा है। महाविद्यालय में कार्यरत विभिन्न इकाइयों जैसे एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी एसडीजीएस व स्वच्छता सेनानी के स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाएं वृक्षारोपण के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

आज 17 जुलाई 2022 को एनसीसी और वाईआरसी के संयुक्त तत्वावधान में महिला थाना बल्लभगढ़ व आदर्श नगर थाना बल्लभगढ़ में पौधारोपण किया गया। इस पावन कार्यक्रम में एनसीसी की गर्ल्स का कैडेट ने महिला थाना बल्लभगढ़ में जाकर पौधे लगाए साथ ही समय-समय पर पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली, वहीं वाईआरसी के स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने आदर्श नगर थाना में पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने व पर्यावरण स्वस्थ रखने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत द्वारा निर्देशित इस पुनीत कार्यक्रम की दोनों थाना प्रभारी ने प्रशंसा की साथ ही इस मुहिम में हमारे साथ देने का आश्वासन दिया।

# हर घर तिरंगा महोत्सव: गुरुग्राम में चार लाख भवनों पर लहराएगा तिरंगा

## 13 से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हर घर तिरंगा महोत्सव को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**75वें** स्वतंत्रता दिवस को जिले में आजादी के राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा। जिलावासी अपने मकान, दुकान, ऑफिस आदि के सभी भवनों पर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे।

हर घर तिरंगा महोत्सव को लेकर रविवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि तिरंगा हर भारतवासी की शान है और इसे फहराते हुए हमें र्ग की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आने वाला 75 वां स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए खास होगा। इस दिन को हम आजादी के पर्व के रूप में मनाएंगे और तिरंगा खरीद कर अपने घर, ऑफिस आदि सभी जगहों पर लगाएंगे। उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि गुरुग्राम जिला में इस पर्व के लिए राष्ट्रीय ध्वज की कमी नहीं रहेगी और यह ध्वज लोगों को आसानी से उपलब्ध होगा। डीसी श्री यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला में लगभग चार लाख घर हैं, जिनमें से साढ़े तीन लाख शहरी क्षेत्र में और 50,000 ग्रामीण क्षेत्र में। इस लिहाज से जिला में चार लाख भवनों या इमारतों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लोगों को आसानी से तिरंगा उपलब्ध हो, इसके लिए ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि तिरंगे जिला के स्वयं सहायता समूहों से बनवाने को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि उनकी आय बढ़े और वे भी आजादी का पर्व अर्थात त्योहार खुशी से मना सकें। ये झंडे राशन की दुकानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बिना लाभ-हानि के आधार पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जहां से लोग इन्हें खरीद कर अपने घरों, ऑफिस, स्कूल या अन्य इमारत पर लगा सकेंगे। डीसी ने बताया कि अधिकारियों की बैठक बुलाकर उन्हें झंडे बनवाने और उपलब्ध करवाने संबंधी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। सरकारी भवनों पर झंडे लगवाने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख की होगी।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए पंचायत विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है जो पर्याप्त संख्या में झंडे उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगा। इसी प्रकार से शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर परिषद तथा नगर पालिका राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# आर्टिस्ट 31 जुलाई तक करवाएं पोर्टल पर अपना पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**जिला** सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतमने बताया कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार ने विलुप्त होती कलाओं के संरक्षण व कलाकारों की कला को नई पहचान देने के उद्देश्य से हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के माध्यम से कलाकार पंजीकरण योजना शुरू की है।

विभाग द्वारा शुरू किए गए http://artistregistration.artandculturalaffairshry.gov.in/ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। जिला के विभिन्न विधाओं से संबंधित आर्टिस्ट आगामी 31 जुलाई, 2022 तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने आगे बताया कि कलाकार पंजीकरण पोर्टल पर कलाकार स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर कलाकार को केवल एक ही बार पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करवाने वाले कलाकारों को आजीविका का मौका मिलेगा। उन्होंने जिला फरीदाबाद के कलाकारों से आह्वान किया है कि वे इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर सरकार की इस नई पहल का लाभ उठाएं। कलाकार पंजीकरण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य पहली जून से आरंभ हो चुका है। डीआईपीआरओ ने बताया कि कलाकारों की कला को नई पहचान और विलुप्त होती कलाओं के संरक्षण में हरियाणा सरकार की यह पहल अनूठी है।

# प्लाट व जमीन मालिकों से ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय

## ऐसे गिरोह के सदस्य प्लाट पर भवन निर्माण की सामग्री डाल कर रहे कब्जा

### आरोपी पुलिस थाने में अपनी दबंगता दिखाते हुए शिकायत तक नहीं करने दे रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम** नगर निगम की सीमा से लगते गांव रिठौज, सहजावास, बहपला महेन्द्रवाड़ा और बेरका में अवैध कॉलोनी में प्लाटों को ठगी करने का धंधा जोरों से चल रहा है। ठगी करने वाले गिरोह प्लाट या खेत खरीदने वालों से अपनी दबंगता के दम पर लाखों रुपये ठग रहे हैं।

भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव व कॉलोनियों प्लाट व खेतों पर ठगी करने वाले कई गिरोह सक्रिय है। जिनका कार्य आए दिन प्लाट या खेत खरीदने वालों से अवैध रूप से कब्जे करते हैं। उसके बाद समझौता के नाम पर असल मालिकों से लाखों रुपये की अवैध कमाई करते है। जानकारी के अनुसार ऐसे गिरोह के सरगना ठगी की चपेट में आने वाले नागरिकों को पुलिस थाने में अपनी दबंगता दिखाते हुए शिकायत तक नहीं करने दे रहे हैं। कही उनके ठगी के धंधे पर रोक न लग जाए।

### ठगी करने वालों की चल रही दबंई

**गुरुग्राम** निगर निगम के गांव भोंडसी की मारुति कुंज, नया गांव, रिठौज सहजावास, बहपला में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बेचे जाने वाले प्लाटों की रजिस्ट्री कराने के बाद खरीददारों को ठगा जा रहा है। गुरुग्राम निवासी छोटू राम का कहना है कि इस क्षेत्र में दबंग लोगों के कई गिरोह सक्रिय है। ऐसे गिरोह के सदस्य किसी भी प्लाट पर अपना भवन निर्माण की सामग्री डाल देते है। जब मालिक वहां पहुंचता है। उसे पहले धमकाते हुए अपना प्लाट बताते हैं। यदि असल मालिक अपना हक जताता है। उसके साथ मारपीट करने में चंद मिनट लगाते हैं। ऐसे में बेचारा दबंग लोगों को खरीद से भी कम कीमत में अपना प्लाट बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बहलपा में आया था। जहा कृषि के लिए खेत खरीददार से दबंगों ने दादीगिरी दिखाते हुए ढाई लाख रुपये ठग लिए थे।

### आए दिन टूट रहे हैं ताले

**भोंडसी**, सहजावा, रिठौज में बनी 20 से 25 कॉलोनियों में आएदिन बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरियां करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन कॉलोनियों में दिन दहाड़े चोरियां हो रही हैं। चोरी करने वाले गिरोह नकदी व जेवरात पर ही हाथ साफ करते हैं।

चोरी की शिकायत मिलने पर तुरन्त मामला दर्ज किया जाता है। उनकी जांच पड़ताल कराई जाती है। ठगी करने का मामला उनकी संज्ञान में नहीं आ रहे हैं।

**देवेन्द्र सिंह**
**( एसएचओ भोंडसी )**

## संक्षिप्त समाचार



### किसान के बेटे को उपराष्ट्रपति बनाना किसानों का सम्मानः

**गुरुग्राम।** उपराष्ट्रपति पद के लिए जगदीप धनखड़ को उम्मीदवार घोषित करने पर गुरुग्राम में भजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने इसे किसानों का सम्मान करने की बात कही है।भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र यादव के नेतृत्व में मुकेश जेलदार जिला महामंत्री, करमचंद यादव, दिनेश यादव उपाध्यक्ष, नवीन यादव, सतीश कुमार, अमयू, डॉ. ललित शर्मा, संजय शर्मा, जयपाल राघव, सुरेंद्र यादव समेत अनेक किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का धन्यवाद किया। विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने बताया कि किसान परिवार में जन्में एक किसान के बेटे गांव देहात के रहने वाले व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबित कर दिया है कि वह किसानों का सम्मान करते हैं। जगदीप धनखड़ का जन्म राजस्थान के झुंझुनू जिला में किसान के घर में हुआ। अपनी लगन ओर मेहनत के दम पर एक सामान्य परिवार से जमीन से उठकर झुंझुनू से सांसद बनें। अजमेर किशनगढ़ से विधायक बनें और बंगाल के राज्यपाल के पद पर रहे। उन्होंने अपनी कार्यशैली से लोगों के दिल में अपनी जगह बनाई।

# टूरिज्म निगम की जमीन पर अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी

## अवैध निर्माण को लेकर टूरिज्म निगम और नागरिकों का कोर्ट में विचाराधीन है विवाद

### पर्यटन विभाग की जमीन पर 100 से 150 के लगभग मकान बन चुके

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हरियाणा** टूरिज्म निगम की शहर में अरावली पहाड़ी की तलहटी से लगती जमीन पर अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहा है। स्थानीय नागरिक या दूसरे शहरों से आने वाले नागरिक बिना बखौफ होकर जमीन पर पहले अवैध कब्जे तथा फिर भवन निर्माण कर रहे हैं। जबकि इस जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर टूरिज्म निगम और स्थानीय नागरिका विवाद कोर्ट में विचाराधीन है।

शहर के वार्ड-13 में अरावली पहाड़ी के साथ हरियाणा टूरिज्म निगम की साढ़ आठ एकड़ जमीन है। जिस पर पिछले करीब 15 वर्ष से अवैध कब्जा और पक्के मकान बनाने का कार्य बिना किसी रोकटोक के चलता आ रहा है।

इस जमीन पर वर्तमान समय में 100 से 150 के लगभग मकान बन चुके है। अभी भी निगम की खाली जमीन पर नागरिक पहले जमीन पर पशु बांधकर या लकड़ियां डालकर अवैध कब्जा कर रहे हैं। उसके दो से तीन माह बाद पक्के मकान बनाने का कार्य शुरू कर देते हैं। जिनका एक से डेढ माह में दो से तीन कमरे बनाकर तैयार कर देते हैं। जिसके चलते हर साल 15 से 20 पक्के मकान बन रहे हैं।



### सरकारी विभाग हो रहे मेहरबान

**इस कॉलोनी** में रहने वाले नागरिकों को गैर कानूनी तरीके से सुख सुविधाएं देने में सरकारी विभाग भी पूरे मेहरबान हो रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति, बिजली निगम द्वारा प्रत्येक घरों को बिजली का कनेक्शन तथा नगर परिषद द्वारा यहा की कच्ची गलियों को पक्का करती रही है। जिससे स्थानीय लोगों का हौसला और भी बढ़ जाता है। उनके पास सरकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए बिजली व पानी कनेक्शनों की बिल स्थाई निवासी बना रहे है। जबकि इस जमीन पर रहने वालों के पास आज तक जमीन की रजिस्ट्री तक नहीं है।

### जमीन बेचने के नाम पर अवैध कमाई

**नगर निगम** की जमीन को अवैध रुप से मालिक बनकर धडल्ले से प्लाटिंग के रुप में बेचने का गोरखधंधा वर्षो से चला आ रहा है। मात्र चंद कागजों पर एग्रीमेंट बनाकर दे दिया जाता है। जिनके आधार पर पक्का निर्माण करने वाला असल मालिक बनकर बैठ जाता है।

“ अवैध कब्जा व निर्माण का कार्य उनकी संज्ञान में है। मामला अदालत में विचाराधीन है। लेकिन अवकाश पर होने के कारण वह कुछ भी ब्यान देने में सक्षम नहीं हूं।

नवीन शर्मा
(बारबेट कॉम्पलैक्स प्रभारी)

# उमंग विंटर हिल्स सोसायटी में बिजली, पानी, सड़क की समस्या


गुरुग्राम के सेक्टर-77 स्थित उमंग विंटर हिल्स सोसायटी में समस्याओं को लेकर एकत्रित सोसायटी के निवासी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** नगर निगम के अंतर्गत सेक्टर-77 में उमंग विंटर हिल्स सोसायटी के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार से मांग की कि बिल्डर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए यहां रहने वाले लोगों को सुविधाएं दी जाएं। निवासियों की मांग का सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुंदर लाल ने भी समर्थन किया और विधायक सतप्रकाश जरावता से इस बारे में पैरवी कराने की बात कही।

यहां प्रदर्शन कर रहे निवासियों की तरफ से फ्लैट बायर्स एसोसिएशन के प्रधान रजनीश सचदेवा ने बताया कि सोसायटी में प्रवेश करने के लिए कोई मुख्य मार्ग नहीं है। इस कारण यहां सभी निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के साथ यहां बिजली, पानी की भी समस्या लगातार हो रही है। करोड़ों रुपये खर्च करके यहां फ्लैट खरीदे और अब यहां की हालत बहुत खराब है। ऐसे में यहां लोग किस तरह से रहें। उन्होंने कहा कि बिल्डर की ओर से यहां सुविधाओं के नाम पर लोगों के साथ धोखा किया गया है।

फ्लैट बायर्स एसोसिएशन की उपप्रधान सरबजीत कौर, सचिव अरविंद राय के अलावा यहां के निवासी सुभाष जिंदल, रोहित जैन, अमित गुप्ता, अभिषेक सहगल, विवेक जदोन, मैपस्को कासा बेला सोसायटी आरडब्ल्यूए के प्रधान धर्मबीर यादव, लाइफ स्टाइल सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अमरेश के ब्लॉक से राहुल सोनी मौजूद रहे और समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे लोगों का समर्थन किया। सरपंच सुन्दर लाल यादव ने सोसायटी की सभी समस्याओं के लिए लोगों की मांग का समर्थन किया। साथ ही आश्वासन दिया कि विधायक सतप्रकाश जरावता से मुलाकात करके इन समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे।

# संत डा. एमएसजी के भजन की चंद घंटों में व्यूवरशिप पहुंची 22 लाख के पार

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख के भजन ने यू-ट्यूब पर मचाई धूम

पायनियर समाचार सेवा। बरनावा/गुरुग्राम



**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के अलौकिक सुरों और शानदार संगीत से सजे भजन-पाप छुपाके, पुण्य दिखाके करे बंदा तेरा शैतान, देख भगवान तेरा इन्सान तुझको समझे है नादान लांचिंग के बाद चंद घंटे में ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब पर छा गया।

देखते ही देखते यह भजन बच्चे, युवा, अधेड़ के साथ-साथ बुजुर्ग महिला-पुरुषों तक की जुबां पर चढ़ गया। भजन के प्रति लोगों की दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मात्र कुछ घंटों में 22 लाख से ज्यादा लोग इसे देख चुके थे और यह सिलसिला बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, दिल्ली, तमिलनाडू, गुजरात, बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूएई, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, इटली, इंग्लैंड, दुबई और कुवैत सहित कई देशों में इस भजन पर नाचती साध-संगत की वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब नजर आई। पांच मिनट 22 सैकिंड के इस भजन में गुरु जी ने वर्तमान दौर की सच्चाई को समाज के सामने रखा है। वहीं मर रही इन्सानियत और रिश्तों की ओर भी ध्यान दिलाया है। गुरुजी ने इस भजन को शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा, जिला बागपत (उत्तर प्रदेश) में लॉन्च किया। बता दें कि पूज्य गुरु जी ने स्वयं इस अद्भुत, अनुपम भजन को लिखा। स्वरबद्ध किया, संगीत से सजाया। कंपोजिंग के साथ-साथ म्यूजिक सहित सभी कार्य स्वयं ही संपूर्ण किए।

# 13 अगस्त को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम

### कहा दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से मामलों का होगा समझौता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीजेएम** कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 अगस्त को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादी अदालत में समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करवा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 अगस्त को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है।

# आयुर्वेदिक निःशुल्क शिविर का किया आयोजन

पायनियर समचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** फरीदाबाद ब्राहमण सभा द्वारा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के तत्वाधान में आयुर्वेदिक निशुल्क शिविर लगाया गया। शिविर सुबह 9.30 बजे से लेकर 1.30 बजे तक चला शिविर में करीब 750 मरीजों ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया तथा डॉक्टरों से अपनी बीमारी के बारे में परामर्श कर वहां से निशुल्क दवाइयां प्राप्त की।

कैंप में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा ने भी अपने स्वास्थ्य जांच कराई। इस कैंप में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के एच ओ डी डॉ महेश व्यास, डॉ दिव्या कजारिया, डॉ मीना, डॉ गरिमा श्रीवास्तव, डॉक्टर संदीप सिंह तिवारी ने मरीजों की जांच की। इस आयुर्वेदिक कैंप में एलोपैथिक कैंप के मुकाबले अधिक संख्या में मरीज पहुंचे यह इस बात का संकेत है की लोगों का रुझान एलोपैथिक छोड़कर आयुर्वेद की तरफ बढ़ रहा है। जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन वत्स ने कहा की, उनका प्रयास रहेगा फरीदाबाद ब्राह्मण सभा अधिक कैंपों का आयोजन करेगी।

# मुख्यमंत्री से विधायक जरावता व सरपंच ने की मुलाकात

## गुरुग्राम जिला में विकास कार्यों के लिए किया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पौधा भेंट करते सरपंच सुंदर लाल, साथ में विधायक सतप्रकाश जरावता।

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। उन्हें गुरुग्राम जिला में विशेषकर पटौदी विधानसभा में रिकॉर्ड विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। सरपंच सुंदर लाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया।

चंडीगढ़ में संत कबीरदास निवास (मुख्यमंत्री आवास) में मुख्यमंत्री मनोहर लाल वे मुलाकात करने के लिए विधायक सत्यप्रकाश जरावता व गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुंदर लाल पहुंचे। उन्होंने पटौदी और हेलीमंडी को मिलकर नगर परिषद बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। साथ ही गुरुग्राम में हुई प्रगति रैली में पटौदी विधानसभा को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। विधायक सतप्रकाश जरावता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास और खुशहाली के पथ पर चल रहा है। पटौदी विधानसभा की हर मांग को पूरा करने पर विधायक सतप्रकाश जरावता ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर लौटे सरपंच सुंदर लाल ने बताया कि बेहद ही सादगी के साथ मुख्यमंत्री ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने गुरुग्राम जिला में कई मुद्दों पर बात की और कहा कि विकास में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही।

# मजदूरों की ईएसआई डिस्पेंसरी अव्यवस्था का शिकार

**कविता। फरीदाबाद**

## ईएसआई डिस्पेंसरी में आवारा मिले पशु और गेट पर बरसाती पानी

**एनएच**- पांच भगत सिंह चौक के निकट मौजूद ईएसआई डिस्पेंसरी में शनिवार की शाम को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां डिस्पेंसरी के भीतर जाने के लिए मरीजों को गेट पर भरे बरसाती पानी में होकर गुजरते हुए देखा गया।

वहीं अंदर घुसते ही वहां स्टाफ की बजाय आवारा पशुओं को गेट पर ही लाइन से बैठे हुए देखा गया। इसे देखकर कहा जा सकता था कि वहां बीमार मरीजों का नही, बल्कि आवारा पशुओं का इलाज किया जाता है। डिस्पेंसरी के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से आवारा पशुओं को गेट और परिसर में मंडराते हुए देखा गया।

**सीएमओ दफ्तर भी यही है :** सैंकड़ों मजदूरों के इलाज के लिए बनी इस डिस्पेंसरी की हालत बेहद खस्ता हो चुकी है। इमारत जर्जर है, वहीं इलाज के लिए आने वालों को यहां गेट से ही परेशानी होनी शुरू हो जाती है। ऐसे यहां किस तरह से इलाज मिलता होगा, इसका अंदाजा तो लगाया जा सकता है। यहां जनरेटर है, लेकिन चालू नहीं होता। ऐसा नहीं है कि इस डिस्पेंसरी में अधिकारी नहीं आते। जबकि इस डिस्पेंसरी के परिसर में सीएमओ का कार्यालय भी मौजूद है। जहां रोजाना सीएमओ आती है, लेकिन इसकी खस्ता हालत की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया जाता। पायनियर की तरफ से मरीजों को जनरेटर की सुविधा न मिलने की खबरे प्रकाशित की गई थी, लेकिन इस दौरान भी उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**चारों और बदहाली का आलम :** डिस्पेंसरी के गेट पर बरसाती पानी देखा गया। किसी तरह से पानी से निकल कर अंदर पहुंचे तो वहां आवारा पशु गेट पर ही मंडरा रहे थे। वहीं यहां आने वाले मरीजों ने बताया कि यदि आवारा पशु की मौत हो जाए तो उसे कई-कई दिनों तक यहां से हटवाया नहीं जाता। वहीं इन पशुओं के कारण इंफेक्शन फैलने का खतरा भी बना रहता है। वहीं डिस्पेंसरी की इमारत भी जर्जर हो चुकी है। इसके बावजूद भी ओपीड़ी की सुविधा यहां दी जा रही है। डिस्पेंसरी में लाईट न होने पर जनरेटर चालू नहीं किया जाता। ऐसे में मरीजों को गर्मी के कारण परेशानी उठानी पड़ती है।


ईएसआई डिस्पेंसरी के भीतर बैठे आवारा पशु।


डिस्पेंसरी के बाहर भरा बरसाती पानी

# राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर निकले भाजपा कार्यकर्ता

## सूरजकुड में तीन दिन तक रहा भाजपाईयों का मेला

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


सूरज कुंड राजहंस होटल के सभागार मे आयोजित प्रदेश प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग रविवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रमुख 350 के करीब कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। 15 जुलाई को शुरू हुए प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के साथ संयुक्त रूप से किया।

दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत द्वारा विश्व में किये जा रहे कार्यो की कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस सत्र की अध्यक्षता हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने की। तीसरे सत्र में संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि भारतीय जनता पाटी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता में हैं और हम सबकी जिम्मेवारी है कि हमारी वजह से किसी के मौलिक अधिकारों का हनन ना हो। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने की।

पहले दिन के चौथे सत्र में प्रदेश गृहमंत्री अनिल विज और विधायक असीम गोयल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विज ने कहा कि चुनाव उम्मीदवार खुद लड़ता है और खुद हारता है। हमें अपनी इमेज बनानी पड़ती है इसके लिए वक्त लगता है और लोग आपकी हर कार्यप्रणाली पर नजर रखते हैं। अगर आप समाज में लोगों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करते हो और जनता के हर दुख-सुख में उनके साथ खड़े होते हो तो जनता भी आपके साथ रहेगी और आप चुनाव नहीं हार सकते। दूसरे दिन के सत्र में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने केंद्र सरकार के आठ साल में लोगों के जीवन में बदलाव विषय पर अपना उद्बोधन रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर्फ एक ही मकसद है श्रेष्ठ भारत व अखण्ड भारत। पीएम मोदी के नेतृत्व में लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मोदी व मनोहर सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यों से आए बदलावों को जनता तक पहुंचाने का ध्वज बनें।

तीन दिनों तक पूरे समय कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल, सहकारिता मंत्री बनवारी लाल, महिला व बाल विकास मंत्री, कमलेश ढांडा, राज्यमंत्री संदीप सिंह, सांसद संजय भाटिया, नायब सिंह सैनी, सहित भाजपा के 300 से ज्यादा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात लोगों ने युवक की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंका


ओल्ड फरीदाबाद जीआरपी थाने के बाहर खड़े मृतक के परिजन। इंसेंट में मृतक युवक की फाइल फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**एक्सपोर्ट** कंपनी में काम करने वाले एक युवक का बीती शाम कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। आरोपियों ने युवक की हत्या करने के बाद शव को रेलवे लाइन पर लाकर डाल दिया। बाद में किसी ट्रेन से कट कर युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने एनएचपीसी अंडरपास से मृतक और हत्यारोपियों की दो कार बरामद की है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय विकल तंवर सूर्या विहार में परिवार के साथ रहते थे। विकल एक एक्सपोर्ट कंपनी में क्वालिटी चेकर का काम करते थे। वे शनिवार को भी अपनी ऑल्टो कार से डयूटी गए थे। वे शाम साढ़े सात बजे कंपनी से निकले। इस बारे में उन्होंने अपने बड़े भाई लक्ष्मण को मोबाइल पर बताया था। लेकिन जब विकल रात 11 बजे तक अपने घर नहीं पहुंचे तो एक अन्य बड़े भाई ने मोबाइल पर फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे की परिजनों ने समझा कि विकल कंपनी में रूक गया होगा। रविवार तड़के चार बजे जीआरपी के एएसआई भीम सिंह ने परिजनों को बताया कि विकल का शव एनएचपीसी अंडरपास के निकट रेलवे लाइन पर मिला है।

# भारत किसी भी देश का सामना करने में समर्थः शेखावत

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

**केन्द्रीय** जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत सामरिक शक्ति में दुनिया में किसी भी देश का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक व सामरिक शक्ति में सशक्त बनता जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री रविवार को फरीदाबाद में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन के पहले सत्र में हमारा रक्षा सामर्थ विषय पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव ने की। उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित लगभग सभी मंत्री, सांसद व विधायक भी उपस्थित रहे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी जो साधारण से साधारण सदस्य व कार्यकर्ता को नेता बनाने का काम करती है। किसी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण विषय है। भाजपा इस तरह के शिविरों का आयोजन निरंतर करती रहती है। यही कारण है सामान्य कार्यकर्ता पार्टी में सम्मिलत होकर शीर्ष तक पहुंच रहे हैं। शेखावत ने कहा जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता अपडेट रहें इसलिए उन्हें शिविरों के माध्यम से विशेषज्ञ सभी विषयों पर जानकारी देते हैं।

# फार्मेसी काउंसिल मामले में विजिलेंस की जांच जारीः विज

## सरकार ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत किया मामला दर्ज कार्रवाई आगे बढ़ रही है :अनिल विज

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


विधायक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड से बातचीत करते गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज।

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल में हुए भ्रष्टाचार मामले में हमारी ही सरकार विजिलेंस की जांच कर रही है और हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और कार्रवाई आगे बढ़ रही है। फार्मेसी काउंसिल में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। राज्य में आगामी पंचायत चुनाव में बीजेपी और जजपा के चुनाव लड़ने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि इस संबंध में हम दोनों ही मिलकर बैठकर बात करते हैं और कोई ना कोई निष्कर्ष निकालेंगे।

उन्होंने कहा कि जनता बनने वाले प्रतिनिधि या जो वर्तमान में प्रतिनिधि है, उन पर निगाह रखती है और उनके काम को बड़ी ही बारीकी से देखती है क्योंकि प्रतिनिधि हमेशा फोकस में रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि की जो इमेज है यह बहुत अहम भूमिका रखती है और यह इमेज एक दिन में नहीं बनती। इसके लिए वर्षों लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को तो कुछ ना कुछ बोलना है और वह बोलते भी है लेकिन विपक्ष की पार्टियां जिस उद्देश्य के लिए बनी थी, वे उनसे भागते रहे, उनको यह क्यों अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की क्या नीति है या क्या विचारधारा है और हम कैसे सोचते हैं और कैसे हम सकारात्मक बल के आधार पर राजनीति करते हैं हम यह बातें इस शिविर में सिखा रहे हैं इससे किसी को क्या तकलीफ है और उनका क्या मतलब है।

# स्कूल की छत्त से गिरा मलवा

**फरीदाबाद।** लकड़पुर गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में चल रहे मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल की छत से मलवा गिरने से हादसा होने से बच गया। इससे की स्टूडेंट्स बाल-बाल बच गए। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई हैं।

जानकारी के मुताबिक लकड़पुर के मॉडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल में एक टीचर दूसरी कक्षा के स्टूडेंट्स को ब्लैकबोर्ड से पढ़ा रही थी। उसी दौरान बारिश के कारण छत से मलवा गिरा। बताते हैं कि एक-दो कमरों का प्लास्टर भी बारिश की वजह से फूला हुआ है। हालांकि बारिश को देखते हुए कुछ दिन पहले डीसी जितेंद्र यादव ने स्कूलों की छतों की सफाई करने के आदेश दिए थे, ताकि बारिश के समय छत से पानी निकल सके। चूंकि काफी स्कूलों में छतों की सफाई न होने के कारण प्लास्टर फूल जाता है, जो की गिरने से हादसा होने का डर रहता है।

# जजपा ने शुरू की शिक्षित करने की मुहिम : चौटाला

## युवा इकाई के कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


सेक्टर-15 कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्य मंत्री दुष्यंत चौटाला का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**सेक्टर** 15 कम्युनिटी सेंटर में दुष्यंत चौटाला का युवाओं ने किया जोरदार स्वागत किया। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने इस मौके पर शिक्षा की चाबी अभियान का आगाज किया। युवा इकाई फरीदाबाद में 50 बच्चों को पांचवी तक की शिक्षा निशुल्क उपलब्ध करवाएगी।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ने जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने की मुहिम फरीदाबाद में छेड़ी है। पार्टी का यह जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में उठाया गया सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा युवाओं के भविष्य की नींव है बेहतर शिक्षा से ही युवाओं के साथ साथ देश-प्रदेश का भविष्य सुनहरा बनाया जा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि जो बच्चे शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाते उन्हें शिक्षित करने के लिए हर जागरूक नागरिक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करना चाहिए। पार्टी संगठन को मजबुत करने को लेकर भी डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाएं और चाबी के निशान को हर घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बिना पसीना बहाए कामयाबी नहीं मिल सकती है।

पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को कठिन परिश्रम करना ही होगा। कठिन परिश्रम ही सफलता की चाबी है। फरीदाबाद की समस्याओं को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि जब वह पहली बार बतौर डिप्टी सीएम फरीदाबाद आए थे तो यहां पर सीवरेज पानी और सड़क की सबसे बड़ी थी रिहायशी सोसाइटी में रहने वाले लोगों कोभी बड़ी शिकायतें थी। धीरे-धीरे करके उनके समस्याओं का समाधान किया गया। नहरपार बीपीटीपी के लोगों की शिकायतों को दूर किया गया उन्होंने फरीदाबाद की हर समस्या को गंभीरता से लिया और इनके तुरंत निपटान के लिए उन्होंने कदम उठाए।

लोगों की समस्याओं का समाधान गठबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रदेश सरकार जी जान से जुटी है जजपी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर पार्टी को शहरों में मजबूत किया है और गांव की पार्टी होने की धारणा को थोड़ा है, आज जजपी जितनी मजबूत गांव में है उतनी ही मजबूत शहरों में भी है उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गए फरीदाबाद में नगर निगम के नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। कार्यक्रम के संयोजक युवा जिला प्रधान नलिन हुड्डा ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व अन्य नेताओं का स्वागत किया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, उमेश भाटी, ठाकुर राजाराम, कृष्ण जाखड़, अरविंद भारद्वाज, कुलदीप तेवतिया, अमर नरवत, दीपक चौधरी, करामात अली, संदीप कपसिया, अनिल खुटेला, अजय बढ़ाना, हरमीत कौर, स्वेता शर्मा, गीतांजली अहलावत, सुनील शास्त्री, देवेंद्र मान, रोहित बैरागी, प्रेम सिंह धनकड़, शोराज अधाना, रवि शर्मा, युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण शर्मा, सुबोध कुमार, जीत चौधरी, नासिर खान, जिला युवा प्रधान महासचिव बृजेश शर्मा, महासचिव उदित चावला, वरुण गुप्ता, पंकज शर्मा, सौरभ शर्मा,मनमोहन शर्मा, विकास सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामाजिक व राजनीतिक विश्लेषण कर बूथ को मजबूत करें : तावड़े

## तावड़े ने प्रशिक्षण शिविर के दूसरे सत्र में बूथ सशक्तिकरण के दिए मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



सूरज कुंड राजहंस होटल के सभागार मे आयोजित प्रदेश प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री एवं हरियाणा प्रदेश के प्रभारी विनोद तावड़े।

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने का मंत्र देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर सामाजिक, व राजनीतिक विश्लेषण कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुशल कार्यपद्धति के बल पर ही कार्यकर्ताओं ने पार्टी को केंद्र और राज्य में चुनाव जीताकर सत्ता तक पहुंचाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपके ही बलबूते पर हरियाणा में दस की दस सीट जीतकर भाजपा ने रिकार्ड कायम किया और इस प्रक्रिया को जारी रखने के लिए बूथ को मजबूत करना होगा। तावड़े रविवार को भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन के दूसरे सत्र में बूथ सशक्तिकरण विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने की।

बूथ सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए तावड़े ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी का आंकलन लोग किस प्रकार कर रहे हैं यह हमें अपनी इकाई पर जाकर देखना होगा। उन्होंने एनडीए की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू के संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ता को किस तरह स्तर तक पहुंचाया जा सकता है इसका उदाहरण द्रोपदी मुर्मू हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंचायती चुनाव से लेकर राष्ट्रपति उम्मीदवार तक का सफर तय किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## मोहन सिंह को चुना जिला अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** वर्किंग जर्नलिस्ट आफ इंडिया हरियाणा की पलवल ईकाई की एक बैठक विश्राम गृह में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वर्किंग जर्नलिस्ट आफ इंडिया हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह तेवतिया की देखरेख में जिला ईकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया हरियाणा के सचिव राजकुमार भाटिया ने किया। बैठक में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चंद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सतीश भूटानी, सुरेन्द्र गर्ग को संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठक में मोहन सिंह जोहरखेड़ा को यूनियन का सर्व सम्मति से प्रधान चुना गया। जबकि वरिष्ठ उपप्रधान ऋषि भारद्वाज, विष्णु चौहान, महासचिव हारूण खान, कोषाध्यक्ष प्रवीण जाखड़, उपप्रधान शौकत अली खान, हरिओम भारद्वाज,सचिव नितिन शर्मा, प्रवीण आहुजा, सहसचिव सुखदेव तेवतिया, रतन सिंह चौहान, शीतल सैनी, कपूर शर्मा,मिडिया कोर्डिनेटर सौरभ वर्मा, विनोद शर्मा, प्रैस प्रवक्ता सुन्दर कुडू,को बनाया गया है। इस अवसर पर कार्यकारणी के सभी सदस्यों का फूलमालाऐं डालकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान विशेष सलाहकार भूषण, मुकेश बघेल, वरिष्ठ सदस्य उपकार, महेश, करतार मुख्य रूप से शामिल थे। यूनियन के प्रैस प्रवक्ता सुन्दर कुडू ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

## हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार : भड़ाना


आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते युवा ।

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर मानचित्र वर्मा व मृदु धींगरा के नेतृत्व में बड़खल विधानसभा के वार्ड नंबर 19 से राहुल, यशपाल, मोहम्मद हुसैन अंसारी, दिनेश पाल, कार्तिक, चंद्रपाल सिंह, श्वेता, जगमोहन शर्मा, वीरेंद्र कुमार, हर्ष पाल रावत, अक्षय, अभिषेक शर्मा, इशिका, अशोक एवं कमाल खान सहित दर्जन भर साथीयों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता प्रभावित हैं और हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाली सरकार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की होगी। जिस प्रकार से बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली में दी जा रही हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। पार्टी में लगातार लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं डॉ. सुशील गुप्ता के मार्गदर्शन में लोग अधिक से अधिक आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। जिस प्रकार से पूरे हरियाणा में युवा, महिलाएं एवं सभी वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, उससे पार्टी को लगातार मजबूती मिल रही है। उन्होन कहा की सत्ताधारी भाजपा सरकार जनता के साथ किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है, इसलिए अब जनता ने नेक नियत वाली आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कमर कस ली है। आने वाले नगर-निगम चुनावों में पार्टी सिम्बल पर चुनाव लड़ेगी और बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि चुनकर आएंगे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो चुकी है, आज जनता त्राहिमाम कर रही है। महंगाई ने मध्यम एवं गरीब वर्ग की कमर तोडकर रख दी है। भाजपा केवल पूंजीपतियों के हक की बात करती है। कांग्रेस एवं भाजपा की भ्रष्ट नीतियों से तंग आकर आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प नजर आ रही है। उन्होन कहा कि आम आदमी पार्टी ही एक पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। इस मौके पर जिला महासचिव भीम यादव, राकेश भड़ाना, तेजवंत बिट्टू, परमजीत कौर, हैप्पी सिंह, चंचल तंवर, सुरेंद्र अरोड़ा, नरेश शर्मा एवं हिमांशु शेट्टी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## साईकिल चलाकर दिया प्रदूषण से बचाने का संदेश



**फरीदाबाद।** लक्ष्य रेडोनियर ने 200 किलोमीटर साइकिल राइडिंग का आयोजन किया। यह आयोजन विंग्स आन व्हील्स, डायरेक्टर भव्य कौशिक द्वारा किया गया। जिसकी शुरुआत और समापन सेक्टर-10, फरीदाबाद में हुआ। यह एक अंतरराष्ट्रीय राइड थी जो कि आडेक्स इंडिया और आडेक्स क्लब पेरिसियन, फ्रांस से अधिकृत साईकिल प्रतियोगिता है। इससे पहले उपस्थित साईकिल राईडरों ने कहा कि साईकिलिंग करने से एक तो आपका स्वास्थ्य बेहतर रहता है साथ ही साथ पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता है। इसके अलावा वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। साइकिल की वजह से जाम भी नहीं लगेगा, जिससे ट्रैवल टाइम बचेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को छोटी से छोटी दूरी और छोटे से छोटे काम के लिए पैदल अथवा साईकिल का उपयोग करना चाहिए। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर भव्य कौशिक और सतीश कुमार अदलक्खा ने बताया कि साईकिल चलाने से न सिर्फ हम सेहतमंद बने रह सकते हैं, बल्कि हमारे पर्यावरण की सेहत भी अच्छी बनी रहेगी। साईकिल राइडिंग का मकसद था लोगों को साईकिल के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जा सके। यह साईकिल राइडिंग फरीदाबाद के सैक्टर-10 से शुरू होकर कोसी कला मथुरा तक पहुंची पश्चात पुनः फरीदाबाद आकर समाप्त हुई। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, पंजाब, आगरा सहित अन्य कई राज्यों से आये से 30 से अंतरराष्ट्रीय स्तर के साईकिल राइडरों ने हिस्सा लिया।

## 1008 तुलसी के पौधे वितरित किये


बल्लभगढ़ योग वाटिका पार्क में तुलसी के पौधो वितरित करते कैबीनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा।

**बल्लभगढ़।** सेक्टर-3 योग वाटिका पार्क में पर्यावरण को बचाने हेतू 1008 तुलसी के पौधो का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंडित टिपरचन्द शर्मा केबीनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के बड़े भाई ने पार्क में सैर करने वालों और योग साधको को एक एक तुलसी का पौधा देकर उनके घर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम का आयोजन वार्ड-40 के समाजसेवी एडवोकेट नवीन चेची द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित टिपरचन्द शर्मा ने कहा कि तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है और लोग इसे अपने घर के आंगन या दरवाजे पर या बाग में लगाते हैं। उन्होनें कहा कि सावन के महीने में किए गए इस कार्य का बाबा भोलेनाथ नवीन चेची को अवश्य फल देगें। समाजसेवी नवीन चेची ने कहा कि तुलसी माता का आर्शीवाद वार्ड-40 के लोगों पर बना रहे और साथ ही साथ हिन्दु जागृत हो इसलिए उन्होनें तुलसी पौधा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया है। इस मौके पर श्याम सिंह रावत, रमन सिंह चेची, सुभाष, प्रदीप बैसला, सुदर्शन धनकर, सुरेंद्र शर्मा, केएन राय, पायल राजपूत, रेनु बाला, शैलेंद्र गुरु, भानु शर्मा, भारत शर्मा, रतन, मनोहर लाल शर्मा, राजपाल शर्मा, इंदु, बिट्टू बैसला, गिरीश चन्द्रा व वेद प्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## नई श्रीलंका सरकार

### भारत सच्चा दोस्त

**कोलम्बो** में नई सरकार का गठन हो गया है। उसे हमेशा याद रखना चाहिए कि भारत उसका सच्चा दोस्त है। शक्तिशाली लोगों के पतन का उदाहरण श्रीलंका है। देश पर कुछ समय पहले तक पूरी शक्ति से शासन करने वाले राजपक्षे परिवार के सदस्य या तो देश में छिपे हैं या बाहर भागने का प्रयास कर रहे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति पद से गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे तथा संसद के अध्यक्ष द्वारा उसे मंजूर करने से इस द्वीप देश में राजनीतिक व आर्थिक संकट के अंत की शुरुआत हो गई है। कम से कम वंश परिवार की विदाई के बाद हम यही उम्मीद कर सकते हैं। हमें यह उम्मीद भी है कि वंश परिवार कोई षडयंत्रकारी चाल चल कर देश के लिए भयानक परिस्थितियां पैदा करने का काम नहीं करेगा। खबरों के अनुसार, संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबयवर्दने ने कहा है कि संविधान के प्राविधानों के अनुरूप सात दिन के भीतर नया राष्ट्रपति चुन लिया जाएगा। इस बीच प्रधानमंत्री तथा कार्यवाहक राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे को अंतरिम राष्ट्रपति की शपथ दिलाई गई है। अभी यह देखना बाकी है कि प्रदर्शनकारी विक्रमसिंघे को किस प्रकार स्वीकार करते हैं, उनको पुरानी सरकार का प्रतिनिधि माना जाता है अथवा राजपक्षे-पश्चात परिवर्तन करने वाला नेता। यह उल्लेख करना जरूरी है कि गोटाबाया राजपक्षे ने मई में अपने भाई महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के पद पर की थी। कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में



उन्होंने अपने कार्यालय पर प्रदर्शनकारियों द्वारा धावा बोलने के बाद कर्फ्यू लगा दिया था। यह अलग बात है कि भीड़ ने उसके बाद राष्ट्रपति गोटाबाया के इस्तीफे का उत्सव मनाया था। नए राष्ट्रपति के निर्वाचन के बाद वे नया प्रधानमंत्री नियुक्त करेंगे, लेकिन इस नियुक्ति को संसद द्वारा स्वीकार करना जरूरी होगा।

अच्छा होगा कि नई अवस्थापना सभी मामलों में समावेशी दृष्टिकोण अपनाए। पहले उसे देश के सामने आए अभूतपूर्व संकट का बदला लेने की भावना को ठंडा करना होगा तथा दोषियों को गलत निर्णय लेने या उनके क्रियान्वयन के बजाय आपराधिक कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध तथा 'सफेद हाथी' जैसी ढांचागत परियोजनायें स्वीकार करना ऐसे ही निर्णय हैं। इन निर्णयों के लिए जिम्मेदार लोगों को तभी दंड मिलना चाहिए, यदि इनके पीछे कोई दुर्भावना छिपी हो। आपराधिक दृष्टिकोण से ये केवल मूर्खतापूर्ण निर्णय थे और यदि मूर्खता के लिए दंड देने की शुरुआत हुई तो अनेक राजनेताओं को जेल जाना पड़ेगा। दूसरा, श्रीलंका की नई सरकार को चीन के प्रति वही दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जो सारी दुनिया का है, यानी यह दुनिया का सर्वाधिक खतरनाक व शक्तिशाली दुष्ट देश है। चीन के साथ दोस्ती करना उसी तरह है जैसे किसी जहाज से ठीक से काम न करने वाले पैराशूट के भरोसे छलांग लगाना। बीजिंग का इरादा सारी दुनिया पर प्रभुत्व जमाना है और चीनी नेताओं द्वारा आक्रामक रूप से प्रोत्साहित 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव' इसे प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। श्रीलंका उन अनेक देशों में से एक है जिसे कर्ज के जाल में फंसाया गया है। नई दिल्ली हमेशा कोलम्बो को बीजिंग के साथ संबंधों के बारे में सतर्क करती रहती थी, लेकिन श्रीलंका के राजनेता ढांचागत परियोजनाओं के जादुई लाभों के प्रति इतना आकर्षित थे कि तार्किक निर्णय नहीं ले सके और जाल में फंस गए। संकट के दौरान भी चीन ने परेशान श्रीलंका वासियों की कोई सहायता नहीं की, जबकि भारत ने अनेक प्रकार से 3 बिलियन डालर से अधिक की सहायता दी। भारत वास्तव में जरूरत के समय सच्चा दोस्त सिद्ध हुआ है। कोलम्बो की नई सरकार को यह हमेशा याद रखना चाहिए कि भारत की सच्चा दोस्त है।

# तालिबान नेतृत्व से संबंध

अरबों डालर की विकास परियोजनाओं से लेकर सुरक्षा आयाम तक अफगानिस्तान में भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



भारत-तालिबान के बीच बढ़ती गर्मजोशी पर सावधानी से विचार करने की जरूरत है, जबकि पहले इसके ठीक उलट संबंधों में अत्यधिक ठंडापन था। हालांकि, अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता में आने से पहले से भी भारत का तालिबान के कुछ गुटों से गोपनीय व अघोषित संपर्क था। इसके बाद ये संबंध खुलेआम सामने आ गए। 31 अगस्त, 2021 को कतर में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने शेर मुहम्मद अब्बास स्टानिकजई से मुलाकात की थी जो उस समय दोहा में तालिबान राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख थे तथा अब वे कार्यकारी उप विदेश मंत्री हैं। यह मुलाकात स्टानिकजई की पहल पर हुई थी। इस मुलाकात में सुरक्षा, संरक्षा तथा अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों की जल्दी वापसी पर चर्चा हुई थी। इसके साथ ही अफगान नागरिकों व खासकर अलपसंख्यक समुदाय के लोगों की यात्रा पर भी बातचीत हुई थी। भारतीय राजदूत मित्तल ने यह मुद्दा भी सामने रखा था कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का प्रयोग किसी प्रकार भारत-विरोधी गतिविधियों या आतंकवाद के प्रसार के लिए नहीं होना चाहिए। भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा 1 सितंबर को जारी एक प्रेस वक्तव्य के अनुसार, 'अफगान प्रतिनिधियों ने राजदूत को आश्वासन दिया है कि इन मुद्दों को सकारात्मक रूप से संबोधित किया जाएगा।' उसी साल अक्टूबर में विदेश मंत्रालय में ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान प्रभाग के संयुक्त सचिव जे.पी. सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान पर मास्को फार्मेट विचार-विमर्श के समय अफगानिस्तान के कार्यकारी उप प्रधानमंत्री अबुल सलाम हनफी से मुलाकात की थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्रालय में यूरेशिया प्रभाग के संयुक्त सचिव आदर्श स्वाइका भी शामिल थे। तालिबान के प्रमुख प्रवक्ता तथा सूचना एवं संस्कृति के कार्यकारी उप-मंत्री जबीउल्ला मुजाहिद कि अनुसार, दोनों पक्षों ने 'एक दूसरे के सरोकारों पर विचार करना आवश्यक समझा तथा राजनयिक व आर्थिक संबंध सुधारने पर जोर दिया।' बयान में आगे कहा गया था कि श्री सिंह ने 'अफगानिस्तान को व्यापक मानवीय सहायता' देने की भारत की इच्छा प्रकट की।

22 जून को अफगानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने वहां 3,000 टन गेंहू भेजा और इस प्रकार पिछले साल भारत द्वारा 55,000 टन गेंहू भेजने की प्रतिबद्धता में से 35,500 टन गेंहू अफगानिस्तान पहुंच गया है। इसके अलावा भारत ने 27 टन राहत सामग्री भी भेजी जिसमें फैमिली रिज टेंट, स्लीपिंग बैग्स, कंबल व स्लीपिंग मैट्स तथा 5,400 सर्जरी व इलाज के लिए चिकित्सकीय सहायता भी शामिल थी। इससे विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने तीन महीने तक 36,000 लोगों की सहायता की। इसके अलावा भारत पहले ही अफगान जनता के लिए 13 टन दवायें, कोविड-19 के 5,00,000 टीके तथा बाद में ईरान में अफगान शरणार्थियों के लिए कोविड-19 के 1,00,000 टीके और भेज चुका था। इसके साथ ही भारत ने काबुल में अपना दूतावास 23 जून को पुनः खोल दिया जिसका प्रबंधन राजनयिकों व तकनीकी स्टाफ की छोटी सी टीम कर रही थी। इस प्रकार उसने मानवीय सहायता पहुंचाने में समन्वय के प्रयास मजबूत किए। लेकिन इस सहायता का अर्थ तालिबान सरकार को मंजूर करना नहीं था। भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि वह यह निर्णय बड़ी विश्व शक्तियों द्वारा किसी फैसले के बाद ही करेगा। इसके बावजूद उसकी कार्रवाइयों ने तालिबान सरकार की वैधता का संदेश परोक्ष रूप से दे ही दिया है। स्पष्ट रूप से तालिबान सरकार के साथ भारत के संबंध इस प्रकार विकसित हुए हैं जो थोड़ा पहले के संबंधों से पूर्णतः विपरीत हैं। सवाल है कि क्या ऐसा करना उचित है? अनेक आयाम इसका सकारात्मक जवाब देते हैं। नई दिल्ली की आवश्यकता काबुल के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना है क्योंकि वह अफगानिस्तान की अनेक विकास परियोजनाओं में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि तालिबान के सत्ता पर कब्जे के पहले इन विकास परियोजनाअें पर खर्च 3 बिलियन डालर से अधिक हो चुका था। इन परियोजनाओं का प्रभाव अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर है और इनमें स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, बांधों तथा विद्युत ट्रांसमिशन लाइनों व सबस्टेशनों का निर्माण शामिल है। भारत-अफगानिस्तान संबंधों में सुरक्षा का आयाम भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह जरूरी है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों व ऐसी ही अन्य गतिविधियों का केन्द्र बनने से रोका जाए। अफगानिस्तान की धरती पर लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद के शिविर मौजूद हैं जो खासकर भारत पर निशाना लगाते हैं। इसके साथ ही अन्य आतंकी संगठनों में इस्लामिक स्टेट-आईएस से संबद्ध इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी तथा भारतीय उपमहाद्वीप में सक्रिय अलकायदा भी अफगानिस्तान की धरती से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इसी प्रकार हक्कानी नेटवर्क की गतिविधियों पर भी सवाल उठ रहे हैं जिसका पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई निदेशालय से सीधा संबंध है। वह तालिबान के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से भारतीय अवस्थापना के खिलाफ अनेक हमलों का जिम्मेदार है। अब वह सत्तारूढ़ तालिबानी अवस्थापना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हालांकि, हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख सिराजुद्दीन हक्कानी ने कहा है कि अफगानिस्तान सभी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध रखना चाहता है, लेकिन देखना होगा कि भारत के संबंध में उसकी कार्रवाइयां क्या उसकी कथनी के अनुरूप हैं। अपनी ओर से तालिबान ने कहा है कि वे अपने क्षेत्र का प्रयोग किसी अन्य देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के लिए नहीं होने देंगे, लेकिन क्या उनके इस वादे पर विश्वास किया जा सकता है? पाकिस्तान ने 1994 की गरमी में इस संगठन का गठन किया था और इसके बाद से उसे लगातार समर्थन दिया जा रहा है क्योंकि इस समर्थन के बिना इस संगठन का जीवित रहना कठिन होगा। लेकिन अब सीमा पर टकराव और झड़पें बढ़ने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच समस्या पैदा हो रही है। क्या भारत के संबंध में ऐसी ही स्थिति विकसित होने से इनकार किया जा सकता है? तालिबान ने लड़कियों की शिक्षा का अपना वादा पूरा नहीं किया है। पहले उसने कहा था कि वह छठी कक्षा के बाद लड़कियों को पढ़ने तथा शरीया नियमों के अनुसार महिलाओं को काम करने की अनुमति देगा। लेकिन इसके बजाय वे महिलाओं के खिलाफ लगातार नियंत्रण बढ़ाते जा रहे हैं। यह भी स्पष्ट है कि अपनी घोषणाओं के विपरीत वे अफगानिस्तान में समावेशी सरकार बनाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या वे अपनी इच्छानुसार भी अपने वादे पूरे कर सकेंगे? अब उनके भीतर भी नस्ली, क्षेत्रीय व अन्य आधारों पर अनेक गुट बन गए हैं। इसके अलावा व्यवहारवादियों व कट्टरपंथियों के बीच भी विभाजन और तीखे होते जा रहे हैं। कट्टरपंथी व्यवहारवादियों से बढ़ते टकराव की स्थिति में भारत को एक मुद्दा बना सकते हैं जिनको भारत के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों का खासतौर से लाभ मिला है। इस परिघटना से नई दिल्ली व काबुल के बीच संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

# स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों पर लड़े जाएं चुनाव

**सुरुचि शर्मा कुमार**
(लेखिका एक चिकित्सक हैं)



कोविड-19 महामारी ने टूटी हुई स्वास्थ्य प्रणालियों में दरार का खुलासा किया, जिससे हमें देश में सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में सरकार की भूमिका पर विचार करना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि सभी राजनीतिक दलों के भारतीय चुनाव घोषणापत्र में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को कोई स्थान नहीं दिया गया है। मजे की बात यह है कि भारत के मतदाता भी चुनावी निर्णय लेते समय स्वास्थ्य के विषय को पर्याप्त महत्व देने में कम रुचि रखते हैं।

अक्टूबर-नवंबर 2020 के दौरान हुए बिहार विधानसभा चुनावों में, चुनाव के बाद के सर्वेक्षण से पता चला कि केवल 0.3 प्रतिशत मतदाताओं ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता के रूप में माना, जबकि राज्य में कोविड-19 महामारी के दौरान चुनाव हुए थे। मतदाताओं के लिए आर्थिक कारकों और सामान्य विकास संबंधी मुद्दों का अधिक महत्व था।

यह एक विडम्बना है क्योंकि देश के लोग स्वास्थ्य देखभाल पर दुनिया के सबसे अधिक 78 प्रतिशत खर्च करते हैं, दशकों से स्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चुनावों में स्वास्थ्य को कम प्राथमिकता देने के कारण जटिल और लोगों के मनोवैज्ञानिक छापों में निहित प्रतीत होते हैं। लोगों को आश्चर्यजनक रूप से लगता है कि स्वास्थ्य सेवा के लिए सरकार से न के बराबर उम्मीदें हैं। यह इस कारण से हो सकता है कि स्वास्थ्य प्रणाली बहुत लंबे समय से अनुत्तरदायी और जवाबदेह नहीं थी। एक उम्मीद किसी घटना की भावनात्मक प्रत्याशा या विश्वास है जो भविष्य में वास्तविकता में हो सकती है। साथ ही, अपने चुनावी घोषणापत्र में स्वास्थ्य सेवा के लिए राजनीतिक दलों की ओर से ध्यान की कमी भी लोगों की सरकार से उम्मीदों के नुकसान की व्याख्या कर सकती है। दूसरी ओर, राजनीतिक नेता बेहतर स्वास्थ्य सेवा का वादा करने से दूर रहते हैं, क्योंकि या तो उनके पास जवाब नहीं है या वे विषय को बहुत जटिल पाते हैं। हालांकि, हम देखते हैं कि जहां राजनीतिक नेताओं ने केरल जैसे स्वास्थ्य सेवा पर अच्छा प्रदर्शन किया है, वहीं इसने नागरिकों से एक ऐसी उम्मीद पैदा की है जो राजनीतिक नेताओं को स्वास्थ्य के मुद्दे पर ध्यान देने के लिए मजबूर करती है।

केंद्र में सत्तारूढ़ दल को 2014 से कई कल्याणकारी योजनाओं को बनाए रखने, ऐसी कई योजनाओं को जोड़ने और चुनाव के दौरान सक्रिय रूप से प्रचारित करने से लाभ प्राप्त करने के लिए देखा जाता है। स्वास्थ्य सेवा के एजेंडे पर चुनावी फोकस की कमी के लिए विभिन्न कारक/कारण चल रहे हैं। यह वास्तव में एक तथ्य है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों को क्रियान्वित करना कठिन है और मतदाताओं को संज्ञान लेने के लिए कोई ठोस परिणाम देने के लिए वे बहुत धीमे हैं। इसलिए, राजनीतिक दलों की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र के निवेश को अन्य परिणाम-उन्मुख योजनाओं/एजेंडे की तुलना में राजनीतिक रूप से जोखिम भरा देखा गया है। उदाहरण के लिए, खाद्यान्न या गैस सिलेंडर (उज्ज्वला) के वितरण में सुधार कुशल चिकित्सा देखभाल नीति / योजना को सक्षम करने की तुलना में आम जनता के लिए अधिक दृश्यमान और मूर्त / मापने योग्य है, जो कि एक कठिन और समय लेने वाला कार्य है। किसी उत्पाद की डिलीवरी पर आधारित कल्याण योजनाएं स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सेवाओं में सुधार की तुलना में कहीं अधिक सरल और मूर्त हैं, जो बहुत अधिक जटिल हैं। हेल्थकेयर एक ऐसी प्रणाली पर निर्भर करता है जिसमें बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन, चिकित्सा प्रोटोकॉल और संसाधन, उच्च जवाबदेही और क्षमता शामिल है। इस कारण से, शायद, मुख्य हाल के वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में चुनावी प्रतिज्ञाएं व्यापक ढांचागत सुधारों के बजाय स्वास्थ्य बीमा और कुछ मुफ्त उपचार प्रस्तावों पर रही हैं जिनके भीतर इस उत्पाद का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। स्वास्थ्य के लिए सामाजिक निर्धारक जिन्हें संयुक्त राष्ट्र के निर्वाह लक्ष्यों में अत्यधिक प्राथमिकता दी जाती है, उन्हें स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में सुधार पर किसी भी चर्चा में जगह मिलनी चाहिए। वे सामान्य रूप से स्वास्थ्य की स्थिति के लिए महत्वपूर्ण योगदान कारक हैं और सरकारों में प्राथमिकता की अलग-अलग डिग्री प्राप्त करते हैं। लेकिन सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता, स्वच्छता और पोषण के विषयों को छूने वाले विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों का इष्टतम आवंटन सुनिश्चित करने के लिए अधिक केंद्रित समन्वय की आवश्यकता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए उनका योगदान निर्विवाद रूप से बहुत है लेकिन इन्हें पर्याप्त रूप से पहचानने, मापने और मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के अन्य सामाजिक निर्धारकों में बिंदुओं को जोड़ने और सामान्य भलाई के लिए इनका बेहतर उपयोग करने के लिए स्वास्थ्य सुधार में योगदान देने वाली विभिन्न एजेंसियों के काम का समन्वय करने के लिए देश के उच्चतम कार्यालयों में एक समन्वय निकाय स्थापित करने की भी आवश्यकता है। विशेषज्ञ सहमत होंगे कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के पुनर्निर्माण के लिए सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बेहतर वित्तीय आवंटन की आवश्यकता है और कुछ नीति राष्ट्रीय और राज्य सरकारों की भूमिकाओं की स्पष्टता के आसपास काम करती हैं। दूसरा क्षेत्र साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य प्रशासन और प्रशासन के साथ सशक्त संस्थान बना रहा है। इनके लिए प्रेरणा बेहतर स्वास्थ्य के लिए भारतीय मतदाताओं की मांगों को बनाने (या अधिक दृश्यमान बनाने) से निकलेगी। सामाजिक सहायता समूहों और गैर-सरकारी संगठनों को मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य योजनाओं की उनकी धारणा और यहां तक कि इसके पीछे की राजनीति पर काम करना चाहिए।



अंत में, हिरन सत्ता पक्ष के नेताओं के पास रुक जाता है। इस तरह के भव्य सुधारों को अंजाम देने के लिए विभिन्न समूहों के प्रतिरोध को दूर करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। यह सही समय है कि चुनाव स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों पर लड़े जाएं, न कि कर्जमाफी, सब्सिडी और मुफ्त वितरण जैसे कारकों के आधार पर।

## आप की बात

### किताबों से दूर होते बच्चे

**एक** छात्र के लिए सबसे अच्छी गुरू और मित्र पुस्तकें ही होती हैं। यह पुस्तके ही हैं जिसके माध्यम से एक छात्र ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाता है, नये -नये विचार मन-मस्तिष्क में आते हैं, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक क्षमता में वृद्धि होती है, लेकिन जब से लाकडाउन लगा उसके बाद तो आनलाईन कक्षाओं की बाढ़ सी आ गई। एक से बढ़कर एक कोचिंग संस्थान दृष्टि आईएएस, ध्येय , एलेन ,आकाश ,पैरामाउंट और न जाने कितनी ऐसी नामचीन संस्थाएं थि जो आनलाइन माध्यम से अपनी भूमिका लाकडाउन में निभाई, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू जिसपर किसी का ध्यान नहीं गया कि पहले जो बच्चे किताबों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते थे। वह अब नहीं दिखाई दे रहा, हर कोचिंग संस्थान अब अपने विडियो लेक्चर अपने बच्चों को दे रही हैं और पिडिएफ में नोट्स जिसका दुष्परिणाम यह हो रहा कि बच्चे अब नोट्स नही बनाते, और यही नही अब तो ऐसे अप्लीकेशन भी आ गये हैं कि आपको अपने मस्तिष्क के साथ अभ्यास ही नहीं करना पड़ता, अगर कोई गणित का सवाल हो,आपको नहीं आ रहा, स्कैन कर लो जिससे वह खुद अपने आप हल हो जायेगा, लेकिन यह बच्चों को मानसिक रूप से आलसी बना रहा है।

– **मंगल सिंह,** आजमगढ़

### बदल रहा बच्चा गोद लेने का ट्रेंड

**देश** में पिछले कुछ सालों में बच्चा गोद लेने के ट्रेंड में बदलाव देखने को मिल रहा है। अप्रैल 2021 और मार्च 2022 के बीच देश में गोद लिए गए 2,991 बच्चों में से 1,698 लड़कियां थीं। सेंट्रल एडॉप्टेशन रिसोर्स अथॉरिटी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए डेटा से इसकी पुष्टि होती है। सीएआरए के 2013-14 के आंकड़ों पर करीब से नज़र डालने से पुष्टि होती है कि भारत में लड़कों की तुलना में लड़कियों को गोद लेने के की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। यह एक शुभ संकेत है कि गोद लेने के इच्छुक दंपत्ति लड़कियों को गोद लेने में प्राथमिकता दे रहे हैं! इससे लड़कियों के प्रति हमारे देश में बदलती मानसिकता का सहज ही अनुभव होता है। अब तो कइ नव दंपत्ति भी चाहते हैं कि उनकी पहली संतान लड़की हो ।मगर यह हालात सिर्फ शहरों तक सीमित है। गांवों कस्बों में तो आज भी लड़कों को अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे अनाथालय में छोड़े जाने वाले बच्चों में लड़कियों की संख्या अधिक होती है। इससे भी गोद लेने के लिए लड़किया अधिक संख्या में उपलब्ध होती है। फिर भी यह स्वागत योग्य है कि एक अंधकार के गर्त में डूबे लावारिस बच्चे को गोद लेने वाले द्वारा एक नए उज्जवल भविष्य में प्रवेश का अवसर मिलता है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी

**गौरतलब** बात है कि संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या आकलन प्रकोष्ठ के अनुसार भारत की आबादी इसी चालू वर्ष 2022 के दिसंबर माह तक दुनिया की सबसे बड़ी आबादी हो जाएगी और चीन को भी पछाड़ देगी। देश में हर मिनट 30 बच्चे जन्म ले रहे हैं, जबकि यह औसत चीन में 10 है 7 दुनिया की कुल जमीन का मात्र 2 फीसदी ही भारत के हिस्से में हैं, पानी सिर्फ 4 फीसदी उपलब्ध है, लेकिन आबादी 18 फीसदी से ज्यादा है। भारत को जनसंख्या नियंत्रण के लिए कड़े कानून की जरूरत है। इस समस्या को जागरूकता व प्रचार के स्तर पर नहीं निपटाया जा सकता है। अगर 1979 में चीन एक बच्चे वाला कानून न लाया होता और जागरूकता पर निर्भर होता तो उसकी आबादी 250 करोड़ से भी अधिक होती लेकिन उसके सख्त कानून की वजह से उसकी गति व औसत कम हो गया है। बढ़ती आबादी मानवता के लिए खतरा ही है। भारत के संदर्भ में तो यह वर्ग विशेष के लिए भी खतरा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण, आदि मापदंड इन आंकड़ों पर निर्भर करते हैं।

– **अतुल कुमार सोनू**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**जन्म** जयंती पर हम के. कामराज को याद करते हैं। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**गर्भपात** तक पहुंच के लिए हमारा संघर्ष न केवल राष्ट्रीय, बल्कि राज्यों व स्थानीय स्तर पर भी है।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप-राष्ट्रपति



**कांग्रेस** समेत कई राजनीतिक दल देश को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा है कि किसी शब्द पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

– **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता"

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरीं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों को को लेकर अमित शाह व जी किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आज यहां अपने सरकारी आवास पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आजादी के अमृत महोत्सव के विजन को देश में उत्साह और उमंग के साथ पूरा किया जा रहा है। आगामी 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके क्रम में प्रदेश सरकार ने 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुल 3 करोड़ 18 लाख तिरंगे फहराए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने तय किया है कि 31 जुलाई तक जनपद मुख्यालय तक तिरंगे भेज दिए जाएंगे। तिरंगा वितरण केन्द्रों में हर विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल हैं। 2 करोड़ 68 लाख तिरंगे आवासीय घरों में लगाए जाएंगे। 50 लाख तिरंगों को प्रदेश में सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी कार्यालयों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों में फहराया जाएगा। एक झण्डा गीत जयघोष प्रदेश ने तैयार किया है। इसके अलावा केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी भव्यता के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 3 करोड़ 18 लाख तिरंगे के लक्ष्य को दिया गया था। प्रदेश के एमएसएमई विभाग द्वारा 2 करोड़ तिरंगे की खरीद की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। 1 करोड़ 18 लाख तिरंगे प्रदेश में स्वयं सहायता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

समूहों , एनजीओ, निजी सिलाई केन्द्रों इत्यादि के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। इन्हें जनपद के विकास खण्डों के स्टोर में रखा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी को इस कार्य का प्रभारी बनाया गया है। विकास खण्ड स्तर पर बीडीओ प्रभारी अधिकारी होंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पंचायत सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को इस कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव को नए तरीके से मनाने का विजन दिया है। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के क्रम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश के बच्चों, युवाओं सहित सभी नागरिकों के मन में देशभक्ति जागृत करने का विशिष्ट आयोजन है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश और जन जन का कार्यक्रम है। इस अवसर पर देश के 100 करोड़ से अधिक लोग अपने घर में तिरंगा फहराएंगे। यह कार्यक्रम दुनिया का अपने स्तर का पहला कार्यक्रम है, जिसमें देशवासी देश के झण्डे को फहराएंगे और भारत माता की सेवा में समर्पित होंगे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यमों का प्रयोग किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा तिरंगे की उपलब्धता की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, पोस्ट ऑफिस इत्यादि से तिरंगे प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकारों द्वारा जेम पोर्टल से तिरंगे की खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से सरकारी वेबसाइटों पर इस कार्यक्रम के लोगो एवं स्लोगन प्रदर्शित किए जाएं। 11 से 14 अगस्त तक स्कूलों में प्रभात फेरी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। 13 अगस्त को लोग अपने घर में झण्डा फहराकर अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। युवा पीढ़ी को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने तथा देश की सुरक्षा एवं समृद्धि से जोड़ने की हम सबकी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को पूर्ण कर हम लोगों के मन में नई देशभक्ति जगाने में सफल होंगे। इस प्रकार हर घर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा सकेगा। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग, अपर मुख्य सचिव युवा कल्याण डिम्पल वर्मा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चीनी खिलाड़ी को धूल चटाने पर पीवी सिंधु को सीएम ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिंगापुर** में चीनी प्लेयर को धूल चटाकर तिरंगा लहराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की स्टार शटलर पीवी सिंधु को बधाई दी है। उन्होंने सिंधु के सिंगापुर ओपन 2022 सीरीज का फाइनल मैच जीतने पर ट्वीट कर कहा है कि आपकी जीत पर हमें गर्व है। अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश की बेटी पीवी सिंधु को सिंगापुर ओपन 2022 में मिली ऐतिहासिक विजय हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी जीत युवा खिलाड़ियों के जोशए जुनून और संकल्प को दृढ़ता प्रदान करेगी। हमें आप पर गर्व है। सिंगापुर ओपन के फाइनल में भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु का मुकाबला चीन की बैडमिंटन खिलाड़ी वांग जी यी से था। पीवी सिंधु ने तीन सेट तक चले फाइनल मैच में चीनी खिलाड़ी को 21-9, 11-21, 21-15 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

## आगामी सत्र से आटोमेशन आधारित चार नये कोर्स शुरू होंगे: आशीष पटेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के डिजीटल इण्डिया अभियान तथा दिन-प्रतिदिन होते आटोमेशन(मशीनी परिचालन) को दृष्टिगत रखते हुये आगामी शैक्षणिक सत्र 2023-24 से न्यू ऐज कार्स के अंतर्गत चार नये कोर्स के सलेबस तैयार किये गये हैं। इनमें पीजी डिप्लोमा इन डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग, पीजी डिप्लोमा ड्रोन टेक्नोलॉजी, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्यूरिटी तथा पीजी डिप्लोमा इण्टरनेट आफ थिंग्स शामिल हैं।

रविवार को लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे होने की उपलब्धियां सामने रखते हुए प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत कुल 5 कार्य पूर्ण किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये थे, जिनमें से 4 कार्य पूर्ण तथा 1 कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 2 राजकीय पालीटेक्निक बछरांवा रायबरेली एवं किशनी मैनपुरी के आवासीय,अनावासीय भवन के साथ.-साथ 15 निर्माणाधीन छात्रावासों के कार्यों को पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया था। 2 पालीटेक्निक तथा 15 छात्रावासों के सापेक्ष 18 निर्माणाधीन छात्रावासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हस्तान्तरित कराया गया है तथा इन्हें जनोपयोगी बनाया जा रहा है। मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि प्रदेश की पालीटेक्निक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को नवीन तकनीकी ज्ञान अर्जित करने एवं समस्त विभागीय गतिविधियों तथा संस्थानों में उपलब्ध इनवेन्ट्री से अवगत कराने के उद्देश्य से यू राइज पोर्टल विकसित किया गया है। प्राविधिक मंत्री ने बताया कि प्रत्येक राजकीय पालीटेक्निक में एक स्वतंत्र व आधुनिक ट्रेनिंग कम प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना की जा रही है। मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि उप्र स्टार्टअप नीति 2020 के तहत प्रदेश के राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों एवं एकेटीयू के घटक संस्थानों में कुल 15 इनक्यूवेशन सेन्टर स्थापित किये गये है।

## कैंसर के इलाज के मामले में यूपी बनेगा देश का माडल राज्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश के 64 हजार आयुष्मान भारत लाभार्थियों को मिला कैंसर का इलाज

**कैंसर** के इलाज के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश को देश का माडल राज्य बनाना चाहती है। इसके लिए सरकार के निर्देश पर लगातार काम चल रहा है। साथ ही पैलिएटिव केयर एवं डागनोस्टिक को भी योजना के अंतर्गत जोड़ा जा रहा है।

स्टेट एजेंसी फार कम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने का कहना है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में अब तक 64 हजार लोगों के कैंसर का इलाज किया गया है। प्रदेश सरकार इस योजना के अधीन आने वाले किसी भी कैंसर रोगी को बेहतर से बेहतर इलाज देने के लिए कृतसंकल्प है। साचीज, एक्सेस हेल्थ और रोश इंडिया के सहयोग से आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है और आयुष्मान लाभार्थियों को बेहतर इलाज प्रदान कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि डाक्टरों को यह प्रशिक्षण स्तन, फेफड़े, लीवर, ओरल और रक्त कैंसर पर दिया जाएगा। सत्र का उद्देश्य जागरूकता, मानक उपचार दिशानिर्देशों का अनुपालन और आयुष्मान अस्पतालों के बीच सहयोगात्मक शिक्षा के माध्यम से कैंसर के इलाज के मानक को बढ़ाना था। इस सत्र में बीएचयू, गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज, बरेली के श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज, प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज और सैफई मेडिकल कालेज के डाक्टर मौजूद थे।

## प्रदेश में जनता जितनी परेशान हुक्मरान उतने ही बेफिक्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महंगाई की मार से जनता की बुरी हालत है। जनता जितनी परेशानी में है हुक्मरान उतने ही बेफिक्र दिखाई दे रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बुरा हाल है। घरेलू अर्थव्यवस्था चौपट हैं लेकिन भाजपा सरकार की संवेदनहीनता कम होने का नाम नहीं ले रही है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में एक डालर के मुकाबले रूपया 80 के पार हो गया है इससे अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण विदेशों में पढ़ाना, विदेश यात्रा करना सब मुश्किल हो गया है। खाद, बीज, कृषि यंत्र सभी महंगे हैं। मोबाइल, कार खरीदना महंगा हो गया है। व्यापार घाटा बढ़ गया है। आयात महंगा हो जाने से देश की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था लाने की जिद में गरीब को और गरीब बना रही है। पौष्टिक आहार पर जीएसटी की दरें बढ़ाकर आम जनता को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार पैकेज्ड और लेबल वाली दही, लस्सीए पनीर, शहद, मांस, मछली सहित आटा चक्की, दाल, चीनी, एलईडी लैंप और लाईट्स के साथ चेक बुक, होटल के कमरे आदि सभी पर जीएसटी दरें बढ़ाकर जनजीवन मुश्किल बनाकर जनता का शोषण कर रही है। उन्होंनें कहा कि महंगाई की तपिश से परेशान लोगों का जिस तेजी से बजट बढ़ा है, उस अनुपात में आय नहीं बढ़ी है। इससे लोगों की घरेलू अर्थव्यवस्था बिगड़ गयी है। इस भीषण महंगाई में जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। महीने के राशन का खर्च लगभग 100 फीसदी बढ़ गया है। बैंकों ने लोन पर ब्याज की दरें बढ़ा दी है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां इसकी जिम्मेदार हैं। भाजपा ने गरीबों, मध्यमवर्ग को राहत देने के बजाय बड़े पूंजीघरानों को तमाम रियायतें देने का काम अब तक किया है। ऐसी जनविरोधी सरकार को पीड़ितजन कब तक बर्दाश्त करेंगे।

## माध्यमिक स्कूलों को अब कम से कम दो खेल प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फिट** इंडिया अभियान को देखते हुए बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए राज्य सरकार की तरफ से कई कदम उठाए जा रहे हैं। माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी पूरा जोर दिया जाएगा। इसके तहत अब सभी माध्यमिक स्कूलों को कम से कम दो खेल प्रतिस्पर्धा में अपने विद्यार्थियों को प्रतिभाग कराना अनिवार्य होगा। फिट इंडिया अभियान का मकसद लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इससे संबंधित सलाह देने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट की एक समिति बनाई गई है। समिति की सलाह पर बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रेरित करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से यह कदम उठाया जा रहा है। अगर कोई विद्यालय ऐसा नहीं करता है तो जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा सरिता तिवारी की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि 25 जुलाई 2022 से पांच नवंबर 2022 तक जिला स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाए। किसी भी कीमत पर विद्यार्थी को इसमें प्रतिभाग करने से न रोका जाए। प्रार्थना सभा के बाद 20 मिनट शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी) जरूर कराया जाए।

## सहज संपत्ति हस्तांतरण से बढ़ा पारिवारिक सौहार्द्र: रविंद्र

● 100 दिवसीय उपलब्धियों में स्टांप पंजीयन मंत्री ने गिनाईं विभागीय उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने रविवार को विभाग की 100 दिवसीय कार्य योजना तथा उपलब्धियों पर बताया कि विभाग ने 100 दिनों में पारिवारिक सौहार्द बढ़ाने, रोजगार सृजन, ऑनलाइन सुविधाओं से बढ़ी पारदर्शिता, टोकन डिस्प्ले सिस्टम तथा समग्र विभागीय कार्यों से इज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में प्रदेश उन्नति प्राप्त कर रहा है।

लोकभवन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अभी तक जन सामान्य द्वारा अपने रक्त सम्बन्धों में नैसर्गिक प्रेम के कारण पंजीकृत कराये जा रहे दानपत्रों पर भी कलेक्टर सर्किल रेट से आगणित बाजार मूल्य पर बैनामा विलेख के समान स्टाम्प शुल्क अदा किये जाने के प्रावधान थे। विभाग द्वारा 100 दिन की कार्य योजना में लिए गए संकल्प के अनुसार रक्त एवं वैवाहिक सम्बन्धी दानपत्रों में स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान कर दी गयी है। वर्तमान में दानपत्र पर 18 जून को शासनादेश जारी करते हुए अधिकतम 5000 रूपए का स्टाम्प शुल्क लिया जा रहा है। उपरोक्त निर्णय को जन सामान्य द्वारा हर्षोल्लास से स्वीकार किया गया है। अधिसूचना जारी होने के से मात्र 20 दिवसों में सम्पूर्ण प्रदेश के अन्तर्गत 15023 रक्त सम्बन्धी दान विलेखों का पंजीकरण किया जा चुका है जबकि पूर्व में प्रति माह लगभग 5000 दानपत्रों का पंजीकरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि अभी तक छोटे मूल्य के स्टाम्प पत्रों को प्राप्त करने के लिए स्टाम्प वेण्डरों के पास जाना पड़ता था जो तहसील अथवा अन्य दूरस्थ स्थान पर उपलब्ध होते थे। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

सरकार द्वारा जन सामान्य को विभिन्न कार्यों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पत्रों को सुगमता से प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग द्वारा ग्राम एवं नगर पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेन्टर, उचित दर विक्रेता के माध्यम से छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प पत्र उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। शासन के उपरोक्त निर्णय से प्रदेश में छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प पत्र आम जनता को आसानी से उपलब्ध हो रहे है। पूर्व में बड़े नगरों में स्थित उप निबन्धक कार्यालयों में असमान क्षेत्राधिकार होने के कारण एक कार्यालय में बहुत बड़ी मात्रा में लेखपत्र पंजीकरण के लिए प्रस्तुत हो रहे थे। वही दूसरे कार्यालय में औसत से बहुत कम मात्रा में लेखपत्र प्रस्तुत हो रहे थे। उपरोक्त व्यवस्था से अत्यधिक लेखपत्रों के प्रस्तुत होने से संबंधित कार्यालय में पक्षकारों की अधिक भीड़ एकत्र होती थी और विलम्ब होता था। सरकार द्वारा उपनिबन्धक कार्यालयों में लागू किये गये समवर्ती क्षेत्राधिकार को सृजित करने से लेखपत्रों के प्रस्तुतीकरण का कार्य समानुपातिक रूप से होना सम्भव हुआ है। वर्तमान व्यवस्था से सभी उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य समान होने से लेखपत्रों का गुणवत्ता पूर्ण परीक्षण सम्भव हुआ है तथा लोगों को भी प्रतीक्षा करने से मुक्ति मिल रही है। सरकार द्वारा प्रदेश के 18 जनपदों में स्थित 19 उप निबन्धक कार्यालयों के समूह में उपरोक्त व्यवस्था लागू की जा रही है।

## दलित और उपेक्षित समाज में भी स्वार्थी लोगों की कमी नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार की तारीफ करते हुए रविवार को सहयोगियों के स्वार्थी रवैये पर करारा तंज कसा है। उन्होंने दलित और उपेक्षित समाज में भी स्वार्थी लोगों की बात कर एक बड़े वर्ग को निशाना बनाने की कोशिश की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि दलित और उपेक्षितों में भी स्वार्थी लोगों की कमी नहीं है।

रविवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने छोटे भाई को याद करते हुए कहा कि आनंद हमेशा हमारे साथ रहे। उन्होंने कहा कि दलित व उपेक्षितों में भी स्वार्थी लोगों की कमी नहीं है, जिसमें मेरे कुछ रिश्तेदार भी हैं व एक ऐसा है जो मेरी गैरहाजिरी में मेरे दिल्ली निवास पर सीबीआई छापे के बाद परिवार सहित चला गया, तबसे ही छोटा भाई आनन्द सरकारी नौकरी छोड़कर परिवार के साथ मेरी सेवा व पार्टी कार्य में लगा है। मायावती ने आगे कहा कि इन स्वार्थी किस्म के लोगों ने खासकर बामसेफव डीएस 4 आदि के नाम पर अनेकों प्रकार के कागजी संगठन बनाए हुए हैं जो सामाजिक चेतना पैदा करने की आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं और अब यही कार्य बीएसपी में कुछ निष्क्रिय हुए लोग भी दूसरे तरीके से कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से बीएसपी को कमजोर करने हेतु जातिवादी शक्तियाँ यहाँ पर्दे के पीछे से यह सब षडयन्त्र करती रहती हैं।

## मोदी सरकार ने बुन्देलखंड की जनता के साथ क्रूर मजाक किया: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** कमेटी के प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 8 वर्षों में बुन्देलखंडियों की मूलभूत समस्या और ऐतिहासिक व सांस्कृतिक पहचान के साथ क्रूर मजाक किया है। आज प्यासा और बेरोजगार बुंदेलखंडी एक्सप्रेस वे पर महंगा डीजल, पेट्रोल का यातायात खर्च कर दिल्ली, लखनऊ एवं पंजाब जैसे शहरों में दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री द्वारा सौंपे गये एक्सप्रेस वे और औद्योगिक कॉरीडोर की परिकल्पना अपने मकसद को तभी अंजाम दे पायेगी जब बुन्देलखण्डवासी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को बचाये रखने के लिए अपने निजी जीवन में समृद्ध होंगे। मौजूदा विषम परिस्थितियां, पेयजल संकट, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, परम्परागत रोजगार, वित्तीय व प्रशासनिक सहयोग के बगैर एक्सप्रेस वे और औद्योगिक कॉरीडोर की परिकल्पना जनता को मूलभूत विषयों से विमुख करने का षड़यंत्र है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि बुंदेलखंड के मूलभूत विकास को लेकर तत्कालीन डॉ. मनमोहन सिंह सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड पैकेज के तहत शुरू में 7466 करोड़ रुपये का आवंटन किया गय, बाद में 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012-17 के दौरान भी इसे जारी रखते हुए पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष के तहत इसके लिए 4400 करोड़ रुपये और दिए गए। इस पैकेज का लक्ष्य जल संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंकों एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवेल, चेकडैमों का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए।

## राष्ट्रपति चुनाव: विधान भवन स्थित तिलक हॉल में होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● चार विधायक लोकसभा में जबकि एक विधायक केरल विधानसभा में डालेंगे वोट

● प्रेक्षक ने मतदान स्थल का किया निरीक्षण



**राष्ट्रपति** चुनाव को लेकर सोमवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में मतदान होगा। इस चुनाव में यूपी विधान सभा के पांच सदस्य विधान सभा के बजाए लोकसभा और केरल विधान सभा में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। यूपी के चार विधायक मुकेश चौधरी, प्रदीप कुमार सिंह, जियारूहमान, बृजभूषण राजपूत लोकसभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जबकि नील रतन पटेल केरल की विधान सभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव आयोग द्वारा राजीव सिंह ठाकुर अपर सचिव डीपीआईआईटी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। रविवार को राजीव सिंह ठाकुर ने मतदान दिवस की तैयारियों की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की। इसके बाद उन्होने मतदान स्थल का निरीक्षण किया तथा मतदान के दिन मतदान करने वाले के आने तथा जाने के मार्गो, सभी व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश भी दिये गये। मतदान 18 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक इस चुनाव के लिए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान होगा।

प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे और संयुक्त सचिव अजीत कुमार शर्मा को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। श्री दुबे ने बताया कि सभी मतदात विधान भवन के गेट संख्या सात से आएंगे और उनको कक्ष संख्या 80 से मतदान पर्ची दी जाएगी। पर्ची लेकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग तिलक हाल में करेंगे। मतदान कक्ष में पेन, मोबाइल और पर्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतपत्र में मतदाताओं को सिर्फ अंक ही लिखना होगा जबकि टिक लगाने या हस्ताक्षर करने पर मतदान अवैध घोषित हो जाएगा। दुबे ने बताया कि विधान भवन स्थित कक्ष संख्या 54 को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां पर मतपेटी और मतपत्र रखे गए हैं। एक विधायक के मत की वैल्यू 208 अंक निर्धारित की गई है। तिलक हाल के नीचे राज्यपाल कक्ष को कंट्रोल रूम बनाया गया है। आयोग द्वारा दी गई पेन से ही मतदाताओं को अंक मतपत्र में लिखने होंगे उन्हें अपने पेन का प्रयोग नहीं करना होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में प्रदेश विधानसभा के 403 विधायक ही मतदान करेंगे। प्रदेश के हर निर्वाचित विधायक का मत मूल्य सर्वाधिक 208 रहने के कारण सोमवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में इस राज्य की अहम भूमिका रहेगी। उत्तर प्रदेश के 403 सदस्यों वाली विधानसभा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी अपना दल (एस) और निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के विधायकों की कुल संख्या 273 है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों की संख्या 111 और उसके सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के छह तथा राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के आठ सदस्य हैं। इसके अलावा कांग्रेस के दो, बहुजन समाज पार्टी का एक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो विधायक हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए विधान सभा सचिवालय के सुरक्षाकर्मी और सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अजीत कुमार शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी रत्नेश, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लखनऊ पीयुष मौर्डिया, मार्शल विधानसभा कैप्टन मनीष राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीटीसी का बवाल: पहली बार एसपी का आया जवाब

**● कुक और चौकीदार के आरोपों पर एसपी शफीक अहमद का पहली बार आया जवाब**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** लंबे समय से पीटीसी के दो कर्मचारी अपने अधिकारी पर गंभीर आरोप लगा रहे है, उनके आरोप इतने गंभीर है कि मीडिया में आने के बाद सनसनी फैल गई है, पीटीसी के चौकीदार विनोद कुमार और कुक कृष्ण शंकर गुप्ता के एडीजी जकी अहमद और एसपी शफीक अहमद पर भेदभाव करने नॉनवेज बनवाने के साथ ही उत्पीड़न करने के आरोप है, जबकि सीतापुर की पीटीसी में एडीजी जकी अहमद ने एक जुलाई 2022 को कार्यभार ग्रहण किया। 17 दिन हुए है अभी उन्हें कार्यभार ग्रहण किए लेकिन उनपर भी कर्मचारियों ने गंभीर आरोप जड़ दिए है। सीतापुर की पीटीसी के एसपी शफीक अहमद का 5 साल का कार्यकाल रहा है, उनपर उनके ही मातहतों ने जब गंभीर आरोप लगाए तो पहली बार पीटीसी के एसपी शफीक अहमद तमाम प्रयासों के बाद सामने आए और उन्होंने पलटवार करते हुए जो तर्क दिए उससे आरोप लगाने वाले कर्मचारी ही कटघरे में खड़े हो गए। एसपी शफीक अहमद का कहना है कि कुक कृष्ण शंकर गुप्ता और चौकीदार विनोद कुमार कभी उनके आवास पर रहे ही नहीं तो नॉनवेज बनवाने की बात कहां से आई, वैसे भी पीटीसी में नॉनवेज बनाने की अनुमति नहीं है, एसपी ने तो आरोप लगाने वाले कर्मचारियों को ही कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह दोनों कर्मचारी उनसे पूर्व भी कई-कई बार दंडित और निलंबित हो चुके है। फिलहाल एसपी शफीक अहमद को शासन ने रविवार को तबादला करते हुए प्रतीक्षारत कर दिया है, इस तबादले को भी बवाल से जोड़ कर देखा जा रहा है, लेकिन हकीकत में शफीक अहमद का कार्यकाल पहले ही पूरा हो चुका है। पीटीसी में बवाल की गूंज शासन तक जा पहुंची है, बेहद अनुशासित समझे जाने वाले पुलिस टेर्निंग सेंटर में कर्मचारियों द्वारा अपने ही उच्चाधिकारियों के खिलाफजिस तरह से गंभीर आरोप लगाए गए है, वह बेहद चिंता की बात है, शासन को अविलंब जांच कर सच सामने लाकर दोशियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि दोबारा किसी के भी स्तर से अपराध न हो, फिलहाल आई इंडिया ने इस पूरे मामले को लेकर अधिकारियों का भी पक्ष जानने का प्रयास किया, तमाम प्रयासों के बाद पहली बार सीतापुर पीटीसी के एसपी शफीक अहमद का जवाब मिल सका। इससे पहले पड़ताल के दौरान पीटीसी के अधिकारियों ने आरोप लगाने वाले कर्मचारियों के बारे में जो जानकारी दी वह कर्मचारियों को ही कटघरे में खड़ा करती हुई नजर आ रही है। पीटीसी के एसपी शफीक अहमद का कहना है कि चौकीदार विनोद कुमार 1997 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था, कार्य सरकार में 1980 दिन गैरहाजिर रह चुका है, 5 बार न्यूनतम वेतन पर प्रत्यावर्तित करने दो बार वार्शिक वेतन वृद्ध रोकने, 7 बार अर्थदण्ड एवं दो परिनिंदा लेख कुल 16 बार दंडित किया जा चुका है। जबकि कुक कृष्ण शंकर गुप्ता 2014 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था, अब तक 64 दिन गैरहाजिर रह चुका है, तीन अर्थदण्ड, 4 परिनिंदा पृविश्ट 7 बार विभागीय दंड से दंडित किया जा चुका है। इन कर्मचारियों के विरूद्ध उनसे पहले भी अफसरों ने कार्यवाहियां की है। कर्मचारियों द्वारा एडीजी जकी अहमद पर लगाए गए आरोपों के बारे में भी एसपी शफीक अहमद का कहना है कि जकी अहमद ने तो 1 जुलाई 2022 को कार्यभार ग्रहण किया है, सारी कार्यवाहियां पूर्व एडीजी के समय की है।

## मिश्रिख तीर्थ में फिर मरी सैकड़ों मछलियां

**सीतापुर।** विश्व विख्यात महर्षि दाधीचि की तपोस्थली मिश्रिख तीर्थ में रविवार को फिर सैकड़ों मछलियां मर गई। यह पहली बार नहीं है जब तीर्थ की मछलियां मरी हैं। पिछले कई वर्षों से मछलियों के मरने का सिलसिला जारी है। दरअसल, मौसम में परिवर्तन या गंदे जल के कारण मछलियों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है, जिससे हजारों मछलियां दम तोड़ देती हैं। जिम्मेदार हर बार समस्या के निराकरण की बात कहते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। आलम यह है कि गंदगी के चलते मिश्रिख तीर्थ का जल आचमन योग्य भी नहीं रह गया है। एसडीएम मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया चूना व दवाई का छिड़काव किया गया है। मछलियों के मरने का सिलसिला रुक गया है। वहीं, स्थानीय नागरिक राहुल शर्मा ने बताया अब मछलियां न मरें इसको लेकर स्थाई समाधान किए जाने की जरूरत है।

## कैम्प लगाकर बनाए गए राशन कार्ड

**सीतापुर।** लहरपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को राहत देने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक आलोक सिंह द्वारा सर्वे कर कैम्प लगाकर राशन कार्ड बनाए गए। इस दौरान क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित रतौली, गौड़ चौखड़िया, पलौली, सिड़किड़ा, महसी, रुखारा, सेखनापुर, मीतमऊ नकहा, रमुआपुर, फूलपुर गुनिया आदि गांवों के 180 बाढ़ पीड़ितों के राशन कार्ड बनाए गए। एसडीएम अनुपम मिश्रा एवं एएसपी उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित ने तहसील सभागार में बाढ़ पीड़ितों को राशन कार्ड वितरित किए। इस मौके पर सीओ सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल आदि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### नागरिकों और व्यापारियों को कमलापुर पुलिस ने कराया सुरक्षा का अहसास

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर कमलापुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवप्रसाद पांडेय की अगुवाई में रविवार को कस्बे में फुट पेट्रोलिंग कर नागरिकों और व्यापारियों को सुरक्षा का अहसास कराया। फ्लैग मार्च नहर चौराहा से बड़ा चौराहा, स्टेशन रोड, मास्टरबाग रोड, छोटा चौराहा, सरैया रोड होते हुए वापस थाना परिशर पहुंचा। इस बीच रोड के किनारे खडे दो पहिया, चार पहिया वाहनों के चालकों से पूछताछ कर बेवजह खड़े वाहन हटवाए गए। सर्विस रोड पर अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को भी हिदायत दी गई। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज लालचन्द सिंह, उमाकांत सविता, आरक्षी रामकृष्ण सिंह, सुधाकर सिंह, अजय कुमार, कमल, जयकुमार, देवेश यादव, आकाश बाबू, आकाश शैनी, महिला आरक्षी रचना गौड़, अर्चना पासवान, रेशम सुक्ला आदि मौजूद थीं।

### पिकअप में टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला मोहम्मदी मार्ग पर कंजा में स्थित पेट्रोल पंप के निकट बाइक सवार नरेंद्र पुत्र आशाराम निवासी ग्राम कोंधवा ने पिकप में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। सड़क हादसे में हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया।

### पुलिस ने किया अंग्रेजी शराब के सेल्समैन की लूट का खुलासा , छह लुटेरे गिरफ्तार



**बरेली।** बरेली पुलिस ने पुरनापुर रोड पर अंग्रेजी शराब के सेल्समैन के साथ हुई लूट का खुलासा किया है । लूट करने वाले 6 डकैतों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है । हरुनागल के पास 11 जुलाई की रात 10रू00 बजे अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन धर्मवीर पुत्र स्वर्गीय शिशुपाल और हरविंदर पुत्र सोहन लाल दुकान बंद कर रहे थे तभी बोलेरो गाड़ी में सवार 6 बदमाश आए और और दोनों सेल्स मैन को मार पीट कर धमकाते हुए दुकान की बिक्री के 85 हजार रुपये , सैमसंग मोबाइल और दुकान की चाबी छीन ले गए एसपी सिटी रविंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक थाना विथरी चौनपुर को निर्देशित किया की बदमाशों की तुरंत धरपकड़ करें पुलिस ने बालीपुर अहमदपुर को जाने वाली सड़क पर एक बोलेरो कार खड़ी देखी उसमें 6 बदमाश बैठे हुए थे। उनकी घेराबंदी करके उनके पास से तमंचा और 61 हजार रुपये बरामद किए और डकैती में प्रयोग की गई बोलेरो कार भी बरामद की पकड़े गए बदमाशों में रोहिताश, पुत्र कालीचरण , विचित्र पाल पुत्र डालचंद , सनी पटेल पुत्र स्वर्गीय धर्मपाल , आदित्य शर्मा उर्फरोहित पुत्र शिव नारायण शर्मा , बिक्की पटेल पुत्र हरीश पटेल , विकास पुत्र मुकेश दीक्षित है । पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शीतांशु शर्मा उप निरीक्षक कुमरेश त्यागी राम रतन देश दीपक सिपाही चंद्रहास सिपाही यतेश, जसवीर और अमित कुमार मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** सड़क किनारे खड़े एक युवक को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी उसकी जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली के मोहल्ला बिहारीपुर कहरवान निवासी अनिल राठौर के 25 वर्षीय बेटे रिंकू राठौर की बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रिंकू कल शाम को मोटरसाइकिल से क्योंलड़िया थाने के गांव साक पुर निवासी अपनी मौसी के घर जाने के लिए घर से निकला था वह मोटरसाइकिल से भमोरा थाना क्षेत्र में रमपुरा मोड़ पर खड़े होकर मौसेरे भाई सुमित राठौर के आने का इंतजार कर रहा था उसको सुमित को अपने साथ लेकर उसके घर तक जाना था लेकिन इसी दौरान तेजी से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने रिंकू को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक दो भाइयों में बड़ा था उसकी मां का नाम कांति देवी है

### दुर्घटना में घायल किशोरी की मौत

**बरेली।** सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए एक की मौके पर ही मौत हो गई 2 को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक किशोरी ने बीती रात दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामपुर के शाहाबाद थाने के गांव टांडा निवासी सरवर खा की 17 वर्षीय बेटी फरमाना कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि फरमाना कल दिन में अपने सगे भाई नफीस और उसके दोस्त हनीफ के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाने के लिए मोटरसाइकिल से अपने घर से चली थी लेकिन जब उनकी वाइक टांडा रोड पर पहुंची तो उन्होंने सड़क किनारे खड़े एक आम बेचने वाले से आम खरीदने की कोशिश की लेकिन आम खरीदते समय तेजी से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े तीनो लोगों को टक्कर मार दी और फरार हो गया घटना के बाद हनीफकी मौके पर ही मौत हो गई गंभीर रूप से घायल फरमाना और उसके भाई नफीस को इलाज के लिए पुलिस ने एक निजी अस्पताल भेजा और घरवालों को सूचना दे दी इलाज के दौरान फरमाना कि बीती रात मौत हो गई घायल नफीस की हालत भी नाजुक बनी हुई है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

### बीमारी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

**बरेली।** विवाह के कुछ महीने बाद ही ससुराल से मायके लौटी एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव महेशपुरा निवासी सुदन यादव की बेटी वीणा की लाश आज सुबह घर के एक कमरे में पंखे से बंधी उसकी साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि मीना का विवाह लगभग 8 माह पूर्व फिरोजाबाद के मक्खनपुर थाना क्षेत्र के गांव जभेड़ा निवासी पवन यादव से हुआ था विवाह के पहले से ही मीना गंभीर बीमारी से पीड़ित थी जिसके चलते वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहती थी 8 दिन पूर्व वह ससुराल से अपने मायके आई थी और बीती रात उसमें पंखे से लटक कर फांसी लगा ली सुबह होने पर घर वालों ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देकर घटना की जानकारी पुलिस को दी । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

## भारत परिषद की मासिक बैठक सम्पन्न

**सीतापुर।** सीतापुर भारत परिषद की मासिक बैठक जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा के संयोजन में कैम्प कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आकाश राय व संचालन जिला संयुक्त सचिव अजीत सक्सेना ने किया। शुभारम्भ गणपति भगवान के पूजन अर्चन से हुआ। इसके बाद प्रत्येक पदाधिकारी को कार्य तालिका के अनुसार वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष आकाश राय ने पूर्वी नगर अध्यक्ष शोभित बाजपेयी एव नगर महासचिव विशाल बाजपेयी को मनोनीत किया। अंत मे जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा ने सभी का आभार जताया। बैठक में कमल किशोर सेठ, सचिन त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, कमलेश मेहरोत्रा, लक्ष्मी कांत बाजपेयी, अशोक प्रजापति, अन्नी मेहरोत्रा, संजय पाण्डेय, शशीकला मिश्रा, अजय मिश्रा, सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा, नगर अध्यक्ष शोभित बाजपेयी, विशाल बाजपेयी मौजूद थे।

## 48 घंटो में अपराधियों के खिलाफअभियान चलाकर हुई कार्रवाई

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस ने बीते 48 घंटो में अपराधियों के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 132 विवेचनाओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुए कुल 68 वांछित तथा वारंटी गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें नगर सर्किल द्वारा कुल 33 विवेचना निस्तारित व 06 वारंटी गिरफ्तार, सदर सर्किल द्वारा कुल 08 विवेचना निस्तारित व 03 वांछित, वारंटी गिरफ्तार, लहरपुर सर्किल द्वारा कुल 14 विवेचना निस्तारित व 20 वांछित, वारंटी गिरफ्तार, बिसवां सर्किल द्वारा कुल 38 विवेचना निस्तारित व 14 वारंटी गिरफ्तार, मिश्रिख सर्किल द्वारा कुल 10 विवेचना निस्तारित व 14 वांछित, वारंटी गिरफ्तार, महोली व सिधौली सर्किल द्वारा कुल 11 विवेचना निस्तारित, सिधौली सर्किल द्वारा कुल 11 विवेचना निस्तारित व 03 वांछित, वारंटी गिरफ्तार व महमूदाबाद सर्किल द्वारा कुल 07 विवेचना निस्तारित व 08 वांछित, वारंटी गिरफ्तार किए गए हैं।

## ग्रामीण ने फांसी लगायी

**बरेली।** घर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ही घर से बाहर निकले एक ग्रामीण ने गांव के पास ही एक पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली सुबह होने पर उसकी लाश फांसी पर लटकी मिली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।शीशगढ़ थाने के गांव गिरधरपुर निवासी 48 वर्षीय उमाशंकर पुत्र बूदन लाल की लाश आज सुबह इतवारी लाल के आम के बाग में एक पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी मिली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि उमाशंकर के बेटे महेंद्र पाल की बेटी का कल नामकरण संस्कार था और रात में घर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था रात लगभग 1बजे तक उमाशंकर घर में ही था इसके बाद वह घर से बाहर चला गया कुछ देर इंतजार करने के बाद घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सुबह होने पर जंगल में जा रहे गांव के बच्चों ने उसकी लाश को पेड़ पर लटके देखा और उसके घर वालों को सूचना दी जो तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सोमवती है।

# छेड़छाड़ के विरोध पर विवाहिता के पति व ससुर को पीटा

**● एक बार छेड़छाड़ के बाद पुलिस से शिकायत पर भड़के आरोपी, विवाहिता का आरोप दबंगों ने दोबारा घर में घुसकर की छेड़छाड़**

**● विरोध करने पर विवाहिता के पति और ससुर की पिटाई का आरोप, रेउसा थाना प्रभारी बोले मारपीट की दोनों घटनाएं, की गई कार्रवाई**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** रेउसा थाना इलाके में घर में घुसकर विवाहिता से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर भड़के दबंगों ने दोबारा छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर महिला के पति और ससुर से मारपीट भी की। पिटाई से महिला के ससुर को गंभीर चोटें आई हैं। हांलाकि रेउसा पुलिस दोनों घटनाओं को महज मारपीट की घटना बता रही है। आपको बता दें, कि रेउसा थानाक्षेत्र के बल्दीपुरवा मजरा सेमरा कला गांव में बीती तीन जुलाई को एक विवाहिता से गांव के ही एक शख्स ने उस वक्त छेड़छाड़ की ज बवह घर में अकेली थी। महिला का आरोप है कि घटना की शिकायत रेउसा पुलिस से करने पर सुनवाई नहीं हुई, लिहाजा उच्चाधिकारियों से इंसाफकी गुहार लगाई। पीड़ित पक्ष के मुताबिक रेउसा पुलिस ने मामले में सुलह लिखवा ली। महिला का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर नाराज आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ शनिवार की शाम फिर उसके घर आ धमका और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर दबंगों ने उसके पति और ससुर की पिटाई कर दी। पिटाई से घायल महिला का ससुर जख्मी हो गया। पुलिस को सूचना दी गई। रेउसा पुलिस ने घायल का सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराया। थाना प्रभारी रेउसा ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि मारपीट का मामला है, पहले भी मारपीट ही हुई थी जिस पर कार्यवाही की गई थी। दोबारा से मारपीट किए हैं जिसमें एक व्यक्ति पर कार्यवाही की गई है।

# रविवार को विद्यालय खोलना पड़ा महंगा



**● कोतवाल ने बंद कराया विद्यालय**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के मोहम्मदी रोड स्थित गोला पब्लिक स्कूल ने जिलाधिकारी के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए रविवार को विद्यालय खोल दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय ने विद्यालय बंद कराया।

बताते चलें तहसील सभागार में सावन मेले तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक है भारतीय जनता पार्टी के नेता बालकृष्ण गुप्ता ने जिलाधिकारी का ध्यान केंद्रित कराते हुए कहा था कि कुछ विद्यालय रविवार को खोल देते हैं तो क्या रविवार को विद्यालय खोल सकते हैं या रविवार सोमवार अवकाश रहेगा जिस पर जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा था कि रविवार व सोमवार दोनों भीड़ के दिन है इसलिए दोनों दिन अवकाश रहेगा इसके बावजूद गोला पब्लिक स्कूल ने रविवार को विद्यालय खोला।

खुले विद्यालय का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो प्रशासन हरकत में आया और प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय मौके पर पहुंचे तथा विद्यालय बंद कराया। देखना यह है इस विद्यालय पर कार्यवाही होती है कि मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## 20 को खीरी आएंगी महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति

**लखीमपुर खीरी।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति 20 जुलाई को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रही। इस आशय की जानकारी डीपीओ संजय कुमार निगम ने दी।

उन्होंने बताया कि आयोग की सदस्य 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जन सुनवाई करेंगीए जिसमें कोई भी पीड़ितए शोषित महिला अपनी शिकायत दर्ज कराकर निदान करा सकती है। जनसुनवाई में सीएमओए एसडीएम सदरए सीओ सदरए थाना प्रभारी महिला थाना मौजूद रहेंगे। 21 जुलाई को गोला तहसील के कृषक समाज इंटर कॉलेज में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज.4൦ के तहत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल आयोजित होगी।

# पुलिसकर्मियों एवं परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन के बेहतर स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु पुलिस लाइन परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डा लाल पाथ लैब्स द्वारा कैम्प लगाकर पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन के नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच हेतु ब्लड सैंपल क्लेक्ट किया गया। ब्लड सैंपल का परीक्षण करके ब्लड शूगर लेबल, कोलेस्ट्रोल, हीमोग्लोबिन, टीएसएच, वीटामिन डी, एचबीए1सी आदि महत्वपूर्ण रिपार्ट उपलब्ध कराई जाएगी जिसके आधार पर स्वास्थ्य का मुल्यांकन करके आवश्यकतानुसार इलाज कराया जा सकेगा। उक्त शिविर से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा तथा बीमारियों की समय से जानकारी हो जाने से बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

# पेज एक का शेष

## मॉनसून सत्र...

संकलन हर साल लंबे समय से किया जा रहा है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, आगामी संसद सत्र के लिए सरकार द्वारा सूचीबद्ध विधेयकों में बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक शामिल हैं, जो सहकारी समितियों में सरकार की भूमिका को युक्तिसंगत बनाने और बहु-राज्य सहकारी समितियों के कामकाज में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करता है ताकि उन पर जनता का विश्वास बढ़े और उनके वृद्धि और विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु के लिए अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) की सूची को संशोधित करने के लिए संविधान संशोधन के वास्ते दो अलग-अलग विधेयक भी पेश किए जाएंगे। प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल के माध्यम से 155 साल पुराने प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स एक्ट को एक सरल संस्करण में तब्दील करने का प्रयास किया जाएगा, जिसके दायरे में डिजिटल मीडिया को भी लाया जाएगा।

## आईसीएसई 10वीं...

होने का प्रतिशत (99.98 प्रतिशत), लड़कों (99.97 फीसदी) की तुलना में थोड़ा अधिक है। समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत 99.97 प्रतिशत है। सीआईएससीई ने शनिवार को घोषणा की थी कि पहले और दूसरे सेमेस्टर दोनों के अंकों को अंतिम अंक में समान वेटेज दिया गया और जो उम्मीदवार सेमेस्टर। या सेमेस्टर 2 परीक्षाओं में शामिल नहीं हुए थे, उन्हें अनुपस्थित माने जाएंगे और उनके परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे। सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी और सचिव गेरी अराथून ने कहा, आईसीएसई परीक्षा परिणामों की गणना के लिए, सेमेस्टर। और सेमेस्टर 2, दोनों परीक्षाओं को समान वेटेज दिया गया है। प्रत्एक विषय और पेपर के अंतिम अंक तक पहुंचने के लिए सेमेस्टर।, सेमेस्टर 2 और प्रोजेक्ट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंकों को जोड़ा गया है। बोर्ड के इतिहास में पहली बार, सीआईएससीई ने एक परीक्षा वर्ष में दो परीक्षाएं आयोजित कीं। कक्षा 10 और 12 के लिए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2021 में हुई थी और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल-मई 2022 में आयोजित की गई थी।

## सीबीआई को...

हुए एक शिकायत दर्ज की थी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने एक मामला दर्ज कर लिया था और जांच की थी, जिसमें पर्याप्त अभियोजन योग्य सबूत मिले थे, जिसके बाद जांच एजेंसी ने उपराज्यपाल से अभियोजन की मंजूरी मांगी थी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस साल मई में इस बाबत उपराज्यपाल से अनुरोध किया था।

## भारत से...

जिसमें रक्षा हार्डवेयर और उपकरणों की आपूर्ति के लिए सरकार से सरकार के बीच सौदे शामिल हैं। तेजस विमान पहले ही मलेशिया के लिए शीर्ष पसंद के रूप में उभरा है क्योंकि देश अपने पुराने लड़ाकू विमानों के बेड़े को बदलने पर विचार कर रहा है। चीन के जेएफ-17 जेट, दक्षिण कोरिया के एफए-50 और रूस के मिग-35 के साथ-साथ याक-130 से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद मलेशिया ने भारतीय विमानों में दिलचस्पी दिखाई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस, एकल इंजन और बहुउद्देश्ईय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है जो उच्च-जोखिम वाले हवाई क्षेत्र में संचालन करने में सक्षम है। पिछले साल फरवरी में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपए का सौदा किया था। सूत्रों ने कहा कि भारत अपने नागरिक और सैन्य विमान संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए फिलीपीन में एक एमआरओ (रखरखाव और मरम्मत) सुविधा स्थापित करने का भी इच्छुक है। एक अधिकारी ने कहा, कई परियोजनाओं पर बातचीत चल रही है।

## एलजी ने...

में देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। सूत्रों के मुताबिक, उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने केजरीवाल के सिंगापुर दौरे से जुड़ी फाइल को मंजूरी नहीं दी है। सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग ने एक जून को संपन्न एक बैठक में केजरीवाल को देश में आयोजित होने वाले वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में आमंत्रित किया था। केजरीवाल ने तब कहा था कि वह इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हैं और जल्द औपचारिक स्वीकृति भेजेंगे।

## कोविड टीकों...

को पार करने के लिए सभी भारतीयों को बधाई। भारत के टीकाकरण अभियान को व्यापक बनाने में अद्वितीय योगदान देने वालों पर गर्व है। इसने कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी इस उपलब्धि के लिए देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया कि जन-भागीदारी की भावना से ओत-प्रोत भारत की टीकाकरण यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादाई नेतृत्व में सबके प्रयास के शक्तिशाली प्रतिमान के तौर पर उभरी है। यह असाधारण उपलब्धि इतिहास में जगह बनाएगी। एक बजे तक प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक देश में संक्रमण रोधी टीके की 2,00,00,15,631 खुराकें दी जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 98 फीसदी वयस्क आबादी को टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है, जबकि 90 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार, 15-18 वर्ष के बीच के 82 प्रतिशत किशोरों को भी टीके की एक खुराक दी जा चुकी है जबकि 68 प्रतिशत किशोरों को दोनों खुराक दी जा चुकी हैं।

## तकनीकी खामी...

मार्ग को परिवर्तित करते हुए उसे कराची ले जाया गया। एअरलाइन ने कहा, पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया गया और एहतियात के तौर पर विमान के मार्ग को परिवर्तित कर उसे कराची ले जाया गया। यात्रियों को हैदराबाद लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान कराची भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की प्रतिस्पर्धी एअरलाइन स्पाइसजेट अभी डीजीसीए की जांच के दायरे में है। डीजीसीए ने 19 जून के बाद से इसके विमानों में तकनीकी गड़बड़ी की कम से कम आठ घटनाएं होने के बाद छह जुलाई को स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इनमें से एक घटना 5 जुलाई को हुई थी, जब स्पाइसजेट की दिल्ली-दुबई उड़ान को कराची ले जाना पड़ा क्योंकि फ्यूल इंडीकेटर सही तरीके से काम नहीं कर रहा था। विमानन नियामक ने 6 जुलाई को कहा था कि स्पाइसजेट सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय हवाई सेवाएं स्थापित करने में "विफलै रही और नोटिस का जवाब देने के लिए उसे तीन सप्ताह का समय दिया। पाकिस्तान नागर विमानन प्राधिकरण (पीसीएए) के एक अधिकारी ने इंडिगो की एक उड़ान के कराची हवाई अड्डे पर उतरने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, सभी यात्रियों का उचित ध्यान रखा गया है और उन्हें ट्रांजिट लाउंज ले जाने के बाद नाश्ता कराया गया और खाने-पीने की चीजें दी गईं। पीसीएए के अधिकारी ने कहा कि इंडिगो के विमान के इंजन नंबर दो में इंजीनियरिंग क्रू ने गड़बड़ी पाई।

## एअर इंडिया...

रखने के लिए दी गई दराज) में एक जिंदा पक्षी पाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान कोच्चि में सुरक्षित रूप से उतरने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि डीजीसीए घटना की जांच कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि विदेशी हवाईअड्डे पर विमान को उड़ान भरने के लिए तैयार करने के दौरान हवाईअड्डा कर्मियों से कोई चूक हुई होगी। वहीं, एक अन्य घटना के तहत 16 जुलाई को कालीकट से दुबई जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को मस्कट ले जाना पड़ा, क्योंकि बीच मार्ग में विमान के केबिन में कुछ जलने की गंध आ रही थी। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दोनों घटनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया देने के पीटीआई-भाषा के अनुरोध का फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है।

## आज से...

एवं विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड जैसे नियामकों की सेवाओं के साथ रिहायशी मकान कारोबारी इकाइयों को किराए पर देने पर कर लगेगा। बैटरी या उसके बिना इलेक्ट्रिक वाहनों पर रियायती पांच प्रतिशत जीएसटी बना रहेगा। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को दशकों से कर कानूनों के तहत कर-निरपेक्ष दर्जा प्राप्त है। मोहन ने कहा, संशोधन के संबंध में जो सवाल दिमाग में आता है, वह यह कि चूंकि चिकित्सा प्रतिष्ठानों द्वारा किया जाने वाला इलाज एक समग्र आपूर्ति है, इसलिए इसके लेनदेन के विभिन्न तत्वों पर नई कर देनदारी लगाने के लिए इसे कृत्रिम रूप से विभाजित नहीं किया जा सकता है। यह अधिसूचना धारा आठ के प्रावधान से परे प्रतीत होती है, जो सभी समग्र आपूर्ति लेनदेन पर एकल कर को अनिवार्य करता है।

# म्यांमा के 30 हजार से अधिक शरणार्थी मिज़ोरम में

## ● जारी किए गए पहचान पत्रः अधिकारी

**भाषा।** आईजोल

**पिछले साल** फरवरी में पड़ोसी देश म्यांमा में सेना द्वारा सत्ता हथियाए जाने के बाद से अब तक 11,798 बच्चों और 10,047 महिलाओं सहित म्यांमा के 30,316 नागरिकों ने मिज़ोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के गृह विभाग द्वारा महीने की शुरुआत में संकलित आंकड़ों का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि संकटग्रस्त देश छोड़कर मिज़ोरम आने वालों में 14 विधायक भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 30,316 लोगों में से 30,299 लोगों की जांच प्रक्रिया (प्रोफाइलिंग) पूरी हो चुकी है। साथ ही धारक को शरणार्थी के रूप में प्रमाणित करने वाले पहचान पत्र 30 हज़ार से अधिक शरणार्थियों को जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शरणार्थी कार्ड राज्य सरकार द्वारा जारी किया जा रहा है। इसे केवल मिज़ोरम में पहचान के उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एक वैध दस्तावेज़ नहीं होगा। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, म्यांमा के नागरिकों का लेखा जोखा रखने के लिए पहचान पत्र जारी किए जा रहे हैं। यह उन व्यक्तियों को उनसे दूर रखेगा जो निहित राजनीतिक हितों के लिए उन्हें भारत की नागरिकता देना चाहते हैं। प्रत्एक पहचान पत्र में कहा गया है कि वाहक म्यांमार का नागरिक है और मिज़ोरम में रह रहा है। पहचान पत्र में लिखा है, यह सिर्फ पहचान के लिए है और आधिकारिक या किसी अन्य उद्देश्य की पूर्ति के लिए इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह हस्तांतरणीय नहीं है। अधिकारी के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में सरकार गैर-सरकारी संगठनों, गांव के अधिकारियों और म्यांमा के नागरिकों द्वारा कम से कम 156 अस्थाई राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिसमें सियाहा जिले में अधिकतम 41 आश्रय गृह हैं, इसके बाद लॉंगतलाई में 36 और चम्फाई में 33 आश्रय गृह हैं।

## दिल्ली के मजनू का टीला में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मजनू का टीला में एक सीमित क्षेत्र के भीतर रह रहे पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों को पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ए लोग अच्छे भविष्य की उम्मीद में भारत आए थे जिन्हें यहां तंबुओं और कच्चे मकानों में रहना पड़ रहा है। राधा सोलंकी (52) ने कहा कि केंद्र द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम को स्थगित रखे जाने के कारण उनकी उम्मीदें और सपने बिखर गए जिन्होंने नौ साल पहले पाकिस्तान से भारत में कदम रखा था। सोलंकी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें कोई मदद नहीं मिली, पानी और बिजली भी नहीं। हम खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हमारे अंदर अब कोई दया नहीं बची है, क्योंकि यहां किसी ने भी हम पर दया नहीं की है। पिंजरे में बंद पक्षी ही पिंजरे में रहने का दर्द महसूस कर सकता है।आपबीती सुनाते हुए, सोलंकी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बाद उनकी वित्तीय स्थिति इस हद तक बिगड़ गई कि उनके बच्चों को स्कूल से बाहर होना पड़ा क्योंकि वे डिजिटल कक्षाओं का खर्च नहीं उठा सकते थे। तीस वर्षीय गंगा, जिनके पति मोबाइल कवर की एक दुकान चलाते हैं और परिवार के अकेले कमाने वाले हैं, ने कहा कि मदद के लिए उनकी सारी अपील अनसुनी रही। गंगा ने कहा, हम नहीं चाहते कि कोई हमें वित्तीय सहायता प्रदान करे, लेकिन कम से कम वे हमें नागरिकता और नौकरी प्रदान कर सकते हैं। हमने कई बार मदद की गुहार लगाई है, लेकिन कोई मदद या प्रतिक्रिया नहीं मिली। मई, 2022 में पश्चिम बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि कोविड महामारी समाप्त होने के बाद नागरिकता संशोधन कानून लागू किया जाएगा। शरणार्थियों की नागरिकता के मुद्दे के बारे में मानवाधिकार कार्यकर्ता कविता कृष्णन ने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के माध्यम से शरणार्थियों को नागरिक का दर्जा देने की आवश्यकता नहीं है। कृष्णन ने पीटीआई-भाषा से कहा, शरणार्थियों को सीएए लागू किए बिना भी नागरिकता प्रदान की जा सकती है। तो फिर सरकार ऐसा क्यों नहीं कर रही है? शरणार्थियों को कम से कम बुनियादी सुविधाएं और शरणार्थी का दर्जा दिया जाना चाहिए क्योंकि वे इसके हकदार हैं।



जम्मू में अमरनाथ यात्रा के लिए अपने पंजीकरण का इंतजार करते साधू

## देवगिरि किले में मराठा-निजाम के बीच युद्ध पर किताब लिखी जाएगी

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** इतिहास के एक शोधकर्ता मराठा और निजाम के बीच युद्ध के विवरण संकलित कर रहे हैं ताकि इतिहास के पन्नों में बेहद कम चर्चित मराठा-निजाम युद्ध पर संकलित इन विवरणों को वह किताब की शक्ल दे सकें। इसके लिए पुणे के इतिहास विशेषज्ञ राज मेमाणे ने करीब 15,000 ऐतिहासिक दस्तावेजों का अध्ययन किया है। जिस समय औरंगाबाद जिले के दौलताबाद स्थित देवगिरि किले पर मराठों का नियंत्रण था, उस अवधि के बारे में सार्वजनिक रूप से अधिक विवरण उपलब्ध नहीं हैं। मेमाणे ने पीटीआई-भाषा से कहा, वास्तव में, मराठा और निजाम सैनिकों के बीच की लड़ाई को मराठा सैनिकों की जीत के रूप में देखा जाना चाहिए और हर साल 17 जुलाई को इसका जश्न मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई 3 से 17 जुलाई, 1763 तक हैदराबाद के तत्कालीन निजाम के 10,000 सैनिकों और करीब 500 मराठों के बीच हुई थी।

मेमाणे ने कहा कि मराठा-निजाम के सैनिकों की संख्या में भारी अंतर के बावजूद, मराठा किले पर अपना नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे। उन्होंने कहा, मैंने पेशवा दफ्तर (पुणे में अभिलेखागार कार्यालय) से हजारों दस्तावेजों की पड़ताल की है, जहां मुझे इस लड़ाई का विवरण मिला। मेमाणे के अनुसार, हैदराबाद के निजाम ने देवगिरि किले में सेना भेजी थी। उनके अनुसार, मराठा किले से बाहर आए और निजाम के सैनिकों पर हमला करने के लिए छापामार रणनीति का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि युद्ध में केवल एक मराठा सैनिक की मृत्यु हुई थी। उन्होंने निजाम के सैनिकों को हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। मेमाणे ने दावा किया कि कुछ दस्तावेजों के अनुसार, मराठा सैनिकों ने निजाम के सैनिकों पर हमला करने के लिए किले से अग्निबाण का इस्तेमाल किया था।

## पारसी समुदाय में 30 प्रतिशत योग्य वयस्क अविवाहित

### ● शादी के प्रोत्साहन के लिए ऑनलाइन डेटिंग पर जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** पारसियों की आबादी घटने का एक बड़ा कारण इस वर्ग के लोगों की शादी में दिलचस्पी की कमी होना है और स्थिति यह है कि सबसे कम जनसंख्या वाले इस अल्पसंख्यक समुदाय के करीब 30 प्रतिशत विवाह योग्य वयस्क अविवाहित हैं। यही कारण है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की जियो पारसी योजना के तहत पारसी पुरुष एवं महिलाओं को विवाह के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से ऑनलाइन डेटिंग और काउंसलिंग पर विशेष जोर दिया रहा है।

मंत्रालय की इस योजना की क्रियान्वयन संस्था पारजोर फाउंडेशन की निदेशक शेरनाज कामा ने यह जानकारी दी। उनका कहना है कि पारसी समुदाय के लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है क्योंकि इस समुदाय में कुल प्रजनन दर करीब 0.8 प्रति दंपति है तथा हर साल औसतन 200 से 300 बच्चों के जन्म की तुलना में औसतन 800 लोगों की मृत्यु होती है जो हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाइयों के मुकाबले बहुत खराब स्थिति है। नए राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सर्वेक्षण के अनुसार, हिंदू समुदाय में कुल प्रजनन दर 1.94, मुस्लिम समुदाय में 2.36, ईसाई समुदाय में 1.88 और सिख समुदाय में 1.61 है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में पारसी समुदाय की आबादी 57,264 थी जो 1941 में।,14,000 थी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने पारसी समुदाय की आबादी का संतुलन बनाए रखने और कुल प्रजनन दर बढ़ाने के मकसद से नवंबर, 2013 में जियो पारसी योजना की शुरुआत की थी जिसके लिए हर साल चार से पांच करोड़ रुपए का बजट मुहैया कराया जाता है। मंत्रालय की इस योजना का क्रियान्वयन पारजोर फाउंडेशन नामक संस्था द्वारा कुछ अन्य पारसी संगठनों के साथ मिलकर किया जाता है। इस संस्था की शीर्ष पदाधिकारी शेरनाज कामा ने पीटीआई-भाषा से कहा, जियो पारसी योजना शुरू होने से लेकर अब तक (15 जुलाई तक) हमारे प्रयासों से 376 बच्चे पैदा हुए जो हर साल पारसी समुदाय में पैदा होने वाले औसतन 200 बच्चों से अतिरिक्त हैं। उनका कहना है कि पारसी समुदाय में बच्चे कम पैदा होने की सबसे बड़ी वजह वयस्कों का अविवाहित रहना है। उन्होंने कहा, अध्ययन में यह बात सामने आई है कि पारसी समुदाय के करीब 30 प्रतिशत वयस्क अविवाहित हैं जबकि वे शादी योग्य हैं। शादी करने वालों में करीब 30 प्रतिशत लोगों के पास औसतन एक-एक बच्चे हैं। करीब 30 प्रतिशत लोग 65 साल से अधिक उम्र के हैं। पारसी समुदाय में शादी करने वाली महिलाओं की औसत आयु 28 वर्ष और पुरुषों की 31 साल है। उनके मुताबिक, शादी नहीं करने की बड़ी वजह युवाओं खासकर महिलाओं में स्वतंत्र रहने की भावना का प्रबल होना है। पारसी युवाओं पर बुजुर्गों की देखभाल की जिम्मेदारी है जिस वजह से भी वे शादी नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि एक-एक युवा दंपत्ति पर आठ-आठ बुजुर्गों की देखभाल की जिम्मेदारी है, हालांकि सरकार 10 लाख रुपए से कम आय वाले लोगों को बुजुर्गों की देखभाल के लिए चार-चार हजार रुपए की मासिक मदद देती है जो पर्याप्त नहीं है।

लेडी श्रीराम कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर शेरनाज ने यह जानकारी भी दी कि कोविड काल के दौरान न सिर्फ कई शादियां हुईं, बल्कि अच्छी-खासी संख्या में बच्चे भी पैदा हुए। उन्होंने कहा कि जियो पारसी योजना के तहत हुए प्रयासों के कारण 2020 में 61 बच्चे पैदा हुए तो 2021 में 60 बच्चे पैदा हुए। यह पूछे जाने पर कि पारसी नौजवानों को शादी के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से क्या प्रयास हो रहे हैं, उन्होंने कहा, कोविड काल में हमने ऑनलाइन डेटिंग की शुरुआत की जिसके अच्छे नतीजे आए। बीच में कुछ विराम लगा क्योंकि हमारे काउंसलर फील्ड में काम करने लगे। अब इस ऑनलाइन डेटिंग को फिर से शुरू कर रहे हैं।

## गांधी स्मारक ने सावरकर को समर्पित विशेष संस्करण प्रकाशित किया

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की स्मृति में स्थापित किए गए राष्ट्रीय स्मारक और संग्रहालय ने अपनी मासिक पत्रिका अंतिम जन का विशेष संस्करण प्रकाशित किया है जो हिंदुत्ववादी नेता विनायक दामोदर सावरकर को समर्पित है। पत्रिका में सावरकर को एक महान देशभक्त बताया गया है जिनका इतिहास में स्थान गांधी से कम नहीं है। गांधी स्मृति और दर्शन समिति (जीएसडीएस) द्वारा हिंदी में प्रकाशित पत्रिका के जून संस्करण में आमुख पृष्ठ पर सावरकर की तस्वीर लगाई गई है। जीएसडीएस, संस्कृति मंत्रालय का एक संस्थान है और प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं।

पत्रिका में धार्मिक सहिष्णुता पर गांधी के लेखों से लिए गए आलेख प्रकाशित किए गए हैं। इसके अलावा हिंदुत्व पर सावरकर के लेख और सावरकर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा लिखे गए आलेख पुनः प्रकाशित किए गए हैं। गांधी स्मृति और दर्शन समिति, तीस जनवरी मार्ग पर स्थित बिरला हाउस में गांधी स्मृति का कामकाज देखती है। यह वही स्थान है जहां नाथूराम गोडसे ने 30 जनवरी 1948 को गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में इसे संग्रहालय बना दिया गया था। जीएसडीएस, राजघाट पर स्थित स्मारक गांधी दर्शन का भी काम देखती है। पत्रिका में छपे वाजपेई के आलेख का शीर्षक है एक चिंगारी थे सावरकर। अंतिम जन के जून संस्करण में डॉ श्रीरंग गोडबोले का आलेख वीर सावरकर महात्मा गांधी हत्या अभियोग , डॉ (मेजर) मधुसूदन चेरेकर का लेख गांधी एवं सावरकर का संबंध, उमेश चतुर्वेदी द्वारा लिखित वीर सावरकर को ऐतिहासिक न्याय कब , मृत्युंजय कुमार का आलेख स्वतंत्रता की वेदी के दो फूल: गांधी और सावरकर तथा अन्य लेखकों की कृतियां भी प्रकाशित की गई हैं।

## तेलंगाना में चुनावी सर्वेक्षण के नतीजे आने के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना में** अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और अब जनता का मूड परखने के लिए सर्वेक्षण किए जा रहे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों के नतीजों के कारण राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और तीनों प्रमुख दलों- सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति, विपक्षी कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी अगली सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। निजी तौर पर कराए गए एक ताजा सर्वेक्षण में, टीआरएस को 38.88 प्रतिशत, भाजपा को 30.48 प्रतिशत, कांग्रेस को 23.71 प्रतिशत और अन्य को 6.91 प्रतिशत वोट मिलने का दावा किया गया है। वर्ष 2018 में हुए चुनाव में 119 विधानसभा सीटों में से टीआरएस को 46.9 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे और उसने 88 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को 28.4 प्रतिशत वोट मिले थे और 19 सीटों पर विजय मिली थी जबकि भाजपा को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा था। अन्य दलों के विधायकों के शामिल होने के बाद टीआरएस के विधायकों की संख्या 102 हो गई है और उपचुनाव में जीत हासिल कर भाजपा ने दो विधायकों की बढ़त हासिल की है। एक अन्य एजेंसी द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार, आगामी चुनाव में टीआरएस को 39.5 प्रतिशत वोट (56-59 सीटें) मिल सकते हैं।

कांग्रेस को 31 प्रतिशत मत (37-39 सीटें) और भाजपा को 21 प्रतिशत वोट (17 सीटें) मिल सकते हैं। टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने दावा किया है कि 2023 विधानसभा चुनाव में 90 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर उनकी पार्टी फिर से सरकार बनाएगी। के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) 2014 से सत्ता में है। तेलंगाना सरकार में मंत्री रामा राव ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा द्वारा हाल में कराए गए सर्वेक्षणों में साबित हुआ है कि चंद्रशेखर राव 2023 का चुनाव जीतकर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

## धनखड़ को राजग का उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद किसानों ने नड्डा का किया सम्मान

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) द्वारा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के एक दिन बाद, विभिन्न क्षेत्रों के किसानों ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा का सम्मान किया और इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। भाजपा नेताओं ने कहा कि विशेष रूप से हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने राजस्थान के जाट नेता धनखड़ के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए नड्डा से मुलाकात की।

नड्डा के कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, किसान पुत्र जगदीप धनखड़ को राजग का उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने पर किसानों ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा का पार्टी मुख्यालय में भव्य अभिनंदन किया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रमुख राजकुमार चाहर ने कहा कि किसान धनखड़ को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहते थे, जिनकी उप राष्ट्रपति चुनाव में जीत निर्वाचक मंडल में पार्टी के मजबूत बहुमत के कारण निश्चित है। नड्डा ने धनखड़ को किसान पुत्र कहा है। उम्मीद है कि धनखड़ की जाट और कृषि पृष्ठभूमि पार्टी को हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में केंद्रित कृषक समुदाय से जुड़ने में मदद करेगी। जाट हरियाणा और राजस्थान में सबसे बड़ी जाति है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभावशाली हैं।



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी जगदीप धनखड़, अमित शाह व वेंकेया नयूडू

## महाराष्ट्र ओबीसी आरक्षण : मुस्लिम संगठन के प्रमुख ने आयोग के आंकड़ा संग्रह में त्रुटि की आशंका जताई

**भाषा।** जालना

**मुस्लिम समुदाय** के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए काम करने वाले एक संगठन के प्रमुख ने रविवार को दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित बंठिया आयोग का ओबीसी पर एकत्र किया गया आंकड़ा त्रुटिपूर्ण हो सकता है। अखिल भारतीय मुस्लिम ओबीसी संगठन के शब्बीर अंसारी ने दावा किया कि आंकड़े एकत्र करने की कवायद के दौरान कई मुस्लिम समूहों को छोड़ दिया गया होगा क्योंकि पांच सदस्ईय आयोग ने उपनामों के आधार पर आंकड़े एकत्र किए।उन्होंने कहा, मुस्लिम ओबीसी, जाति और वर्ग-आधारित व्यवसायों जैसे बागवानी, बुनाई आदि में लगे हुए हैं और इनमें से कई की 1979 में गठित मंडल आयोग ने पिछड़े के रूप में पहचान की थी। हालांकि, उनमें से कई लोग उपनामों का उपयोग नहीं करते हैं, इसलिए हो सकता है कि नए सर्वेक्षण में उन्हें छोड़ दिया गया हो। महाराष्ट्र की पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी सरकार ने ओबीसी पर तथ्यात्मक आंकड़े एकत्र करने के लिए पूर्व मुख्य सचिव जे.के. बंठिया की अगुवाई में आयोग का गठन किया था। उच्चतम न्यायालय ने इस तरह के आंकड़े उपलब्ध नहीं होने के चलते स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण रद्द कर दिया था।

## बिहार के मुजफ्फरपुर-सुल्तानगंज का नाम मंदिरों के नाम पर रखा जाना चाहिएः राय

**भाषा।** मुजफ्फरपुर

**बिहार सरकार** में मंत्री और भाजपा नेता राम सूरत राय ने रविवार को सुझाव दिया कि मुजफ्फरपुर शहर का नामकरण बाबा गरीबनाथ धाम के नाम पर किया जाए, जो राज्य में भगवान शिव को समर्पित सर्वाधिक प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है। उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज का नाम बदलकर अजगैबीनाथ शिव मंदिर के नाम पर रखा जाना चाहिए। राय ने श्रावणी मेला का उद्घाटन करने के बाद अपना सुझाव साझा किया। मंदिर के पास आयोजित यह मेला सावन महीने के दौरान बड़ी संख्या में शिव भक्तों को आकर्षित करता है। मंत्री मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं, लेकिन औराई विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंत्री ने कहा कि वह शहर के चार कोनों में प्रवेश द्वार चाहते हैं और प्रत्एक का नाम मंदिर के नाम हो। इसके अलावा वह श्रावणी मेले के लिए राज्य मेला का दर्जा चाहते हैं। नीतीश कुमार कैबिनेट में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री राय का यह भी विचार है कि सुल्तानगंज का नाम बदलकर अजगैबीनाथ शिव मंदिर के नाम पर रखा जाना चाहिए। भागलपुर जिले में गंगा के किनारे स्थित सुल्तानपुर वह स्थान है, जहां से कांवड़िए तीर्थयात्री पवित्र जल एकत्र करके उसे झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम में चढ़ाते हैं। इस दौरान श्रद्धालु 100 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करते हैं।

## पाक से पलायन कर आए चिकित्सकों को भारत में प्रैक्टिस की अनुमति देने को परीक्षा आयोजित होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय चिकित्सा** आयोग (एनएमसी) ने उस प्रस्तावित परीक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है, जो पाकिस्तान से पलायन कर भारत आए और यहां की नागरिकता हासिल कर चुके पड़ोसी देश के उत्पीड़ित अल्पसंख्यक समुदायों के मेडिकल स्नातकों को देश में प्रैक्टिस करने के लिए स्थाई पंजीकरण कराने की अनुमति देगी। यह कदम उन चिकित्सा स्नातकों के लिए उम्मीद की नई किरण जगाता है, जो पाकिस्तान से भारत आने के बाद देश में कानूनी रूप से चिकित्सक के तौर पर सेवा नहीं दे पा रहे हैं।

दशकों से, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में हिंदू, सिख, जैन और ईसाई समुदाय के लोग भारत में पलायन करने के बाद भारतीय नागरिकता देने की मांग करते रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साल 2021 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बताया था कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर-मुस्लिमों से भारतीय नागरिकता के लिए 8,244 आवेदन मिले थे, जिनमें से 3,117 को स्वीकर कर लिया गया है।गौरतलब है कि संसद ने 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पारित किया था, जिसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न के शिकार हुए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। हालांकि, यह कानून फिलहाल लागू नहीं किया जा सका है, क्योंकि सीएए के तहत नियम-कायदे तय होना बाकी है।पाकिस्तान के उमेरकोट से 2004 में पलायन कर राजस्थान के जोधपुर पहुंचे डॉ. एल एन जांगीड़ (49) एक निजी क्लीनिक में एक चिकित्सक के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें 2019 में भारतीय नागरिकता हासिल हुई थी। जिन्ना सिंध चिकित्सा विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की उपाधि लेने के बावजूद डॉ. जांगीड़ का काम महज मरीजों का चिकित्सकीय पृष्ठभूमि दर्ज करने, उनका रक्तचाप मापने और चिकित्सक द्वारा सुझाई गई दवा की खुराक समझाने तक सीमित है। डॉ. जांगीड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे एक चिकित्सा सहायक के रूप में काम करके बहुत दुख होता है। मुझे हर पल उन दिनों की याद आती है, जब मैं पाकिस्तान में एक डॉक्टर के रूप में काम करता था, मरीजों को परामर्श देता था और उन्हें दवा सुझाता था। मुझे लगता है कि मैं मरीजों की सेवा करने के अपने सपने को साकार करने में असफल हो गया हूं। जांगीड़ चिकित्सा की डिग्री रखने वाले अकेले ऐसे डॉक्टर नहीं हैं, जिन्हें पाकिस्तान से भारत आने के बाद अपनी योग्यता से कमतर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एनएमसी द्वारा पांच सदस्ईय विशेषज्ञ समूह के गठन के लिए 20 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने समग्र प्रयास के माध्यम से निर्णय लिया है कि पाकिस्तान से पलायन कर भारत आने वाले उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों का चिकित्सकीय ज्ञान आंकने से जुड़ी प्रस्तावित परीक्षा के आयोजन के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की प्रत्यक्ष निगरानी में उचित दिशा-निर्देशाविनियम तैयार किए जा सकते हैं। विशेषज्ञ समूह को प्राप्त दस्तावेजों को सत्यापित करने के वास्ते आवेदकों का कार्य अनुभव (यदि कोई हो तो), जनसांख्यिकीय एवं शैक्षणिक जानकारी हासिल करने के लिए अधिकृत किया गया है। विशेषज्ञ समूह एनएमसी द्वारा आयोजित की जाने वाली विशेष परीक्षा की पद्धति एवं प्रारूप भी तय कर सकेगा। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, दिशा-निर्देश तैयार हो जाने के बाद उम्मीदवारों से प्रस्तावित परीक्षा में शामिल होने के लिए एक पोर्टल पर पंजीकरण करने को कहा जाएगा। पाकिस्तान के सिंध से पलायन कर 2005 में भारत आए डॉ. नखत सिंह सोधा (54) जोधपुर के एक निजी अस्पताल में देखभाल पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) की तैयारी करने के लए नौ से दस महीनों का समय चाहिए होगा। डॉ. सोधा कराची के लियाकत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से चिकित्सा विज्ञान में स्नातक हैं। उन्होंने कहा, मैंने ढाई दशक से अधिक समय पहले स्नातक किया था। मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मैं एक बार फिर कैसे चिकित्सा परीक्षा दे पाऊंगा। एफएमजीई में उत्तीर्ण होने के लिए हमें कम से कम नौ से दस महीने तक तैयारी करनी पड़ेगी। तैयारी के दौरान हम नौकरी नहीं कर पाएंगे और उस अवधि में हमारे घर का खर्च कौन उठाएगा? डॉ. सोधा ने कहा कि सरकार अगर हमें चिकित्सक के रूप में काम करने के लिए स्थाई पंजीकरण देने की नीति लाए तो बहुत अच्छा होगा। विदेशी विश्वविद्यालयों से चिकित्सा की डिग्री हासिल करने वाले भारतीय भी एफएमजीई पास करने के बाद ही भारत में प्रैक्टिस कर सकते हैं। हालांकि, पांच अंग्रेजी भाषी देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड की स्नातकोत्तर डिग्री भारत में मान्य हैं और इन देशों से मेडिकल की डिग्री हासिल करने वालों को परीक्षा में बैठने की जरूरत नहीं पड़ती है। एनएमसी ने 28 अप्रैल को एक नोटिस जारी कर भारतीय छात्रों से पाकिस्तान के किसी भी चिकित्सा कॉलेज या शैक्षणिक संस्थान में दाखिला न लेने का आग्रह किया था। नोटिस में कहा गया था, भारत या विदेश में रह रहा कोई भी भारतीय नागरिक, जो पाकिस्तान के किसी भी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएसाबीडीएस या समकक्ष चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहता है, वह एफएमजीई में बैठने या पाकिस्तान में प्राप्त शैक्षिक योग्यता (किसी भी विषय में) के आधार पर भारत में रोजगार पाने के लिए पात्र नहीं होगा।

## शिवजी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर छत्तीसगढ़ स्कूल के प्रधानाध्यापक गिरफ्तार



**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को भगवान शिव के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बोरिया पुलिस चौकी प्रभारी रजनीश सिंह ने कहा कि कुंडीखुर्द के एक स्कूल के प्रधानाध्यापक फूलजेंस तिग्गा (53) को शनिवार को सोशल मीडिया पर भगवान शिव पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, उन्हें एक हिंदू संगठन की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया। तिग्गा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# श्रीलंकाई प्रदर्शनकारी पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन तक संघर्ष जारी रखने पर अडिग

● श्रीलंका में जन आंदोलन के सौ दिन पूरे हुए, नौ अप्रैल से जारी है यह जन का आंदोलन

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति पद को खत्म करके व्यवस्था में पूर्ण बदलाव लाने तक अपना संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है। श्रीलंका में जनआंदोलन का रविवार को 100वां दिन है, जिसके कारण गोटबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद से हटना पड़ा। सरकार विरोधी प्रदर्शन नौ अप्रैल को राष्ट्रपति कार्यालय के पास शुरू हुआ था और बिना किसी रुकावट के जारी है। आंदोलन के एक प्रमुख कार्यकर्ता, फादर जीवंत पीरिस ने कहा, हम अपनी लड़ाई तब तक जारी रखेंगे जब तक कि हम व्यवस्था के पूर्ण परिवर्तन के अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर लेते।

पीरिस ने कहा, यह एक स्वतंत्रता संग्राम है। हम जनशक्ति के माध्यम से एक सत्तारूढ़ राष्ट्रपति को घर भेजने में कामयाब रहे। 73 वर्षीय राजपक्षे बुधवार को मालदीव चले गए और फिर बृहस्पतिवार को सिंगापुर पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। प्रदर्शनकारियों के लिए कार्यवाहक राष्ट्रपति विक्रमसिंघे उनका अगला निशाना हैं और उन्हें हटाने का अभियान शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा, पांच जुलाई को हमने एक कार्य योजना जारी की। इसमें सबसे महत्वपूर्ण था गोटबाया को हटाना और रानिल विक्रमसिंघे और राजपक्षे शासन को हराना। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रपति पद को समाप्त करने के लिए जोर दे रहे हैं ताकि इससे हमारी कार्य योजना सही से आकार ले सके। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा, हम सरकार से डरते नहीं हैं। राजधानी में तीन सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक भवनों पर कब्जा करने के बाद, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति कार्यालय के अलावा उनमें से तीन को खाली कर दिया।

अप्रैल के मध्य से शुरू होने के बाद से प्रदर्शन में हिंसा देखी गई थी। चरमपंथी राजनीतिक एजेंडा वाले कुछ तत्वों को श्रीलंकाई नेताओं की निजी संपत्तियों पर आगजनी के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। विक्रमसिंघे के निजी घर में उसी दिन आगजनी हुई थी, जब राजपक्षे देश छोड़कर भागे थे। वह उन चार उम्मीदवारों में से एक हैं, जो 20 जुलाई को संसद में होने वाले मतदान में राजपक्षे की जगह लेना चाहते हैं। विक्रमसिंघे, जो प्रधानमंत्री भी हैं, ने शुक्रवार को श्रीलंका के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को हिंसा और तोड़फोड़ के किसी भी कृत्य से निपटने का अधिकार और स्वतंत्रता दी गई है। उन्होंने कहा, मैं शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का शत-प्रतिशत समर्थन करता हूं। दंगाइयों और प्रदर्शनकारियों में अंतर है। सच्चे प्रदर्शनकारी हिंसा का सहारा नहीं लेते हैं।



यूक्रेन में रूस के हमले में मारी गयी चार वर्षीय बच्ची की अंतिम यात्रा में शामिल परिजन व स्थानीय लोग

# इमरान खान ने पाकिस्तानी जनरल से सरकार का समर्थन न करने का आग्रह किया

भाषा। इस्लामाबाद

**पूर्व** प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली विफल सरकार का समर्थन नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने सेना के शीर्ष अधिकारियों से अपने फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि कोई भी गलत कदम जनता और प्रतिष्ठान के बीच की खाई को और बढ़ा सकता है।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान ने शनिवार को यहां पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (पीएफयूजे) द्वारा आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश की नजर सेना की ओर है क्योंकि उनके पास शक्ति है। खान ने कहा कि मौजूदा शासन जितना लंबा चलेगा, देश के लिए उतना ही नुकसानदेह साबित होगा।

खान, सेना पर इस साल की शुरुआत में पैदा हुए राजनीतिक संकट के दौरान उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने सेना से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार का समर्थन नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नकदी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अभी सही फैसले लिए जाएं।

## खशोगी के पूर्व वकील को तीन साल की सजा सुनाई

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अमेरिकी नागरिक और जमाल खशोगी के पूर्व वकील असीम गफूर को धन शोधन और कर धोखाधड़ी के आरोप में तीन साल की सजा सुनाई है। सऊदी अरब के पत्रकार खशोगी की 2018 में इस्तांबुल स्थित सऊदी अरब दूतावास में हत्या कर दी गई थी। यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने शनिवार देर रात की अपनी रिपोर्ट में कहा कि गफूर का प्रत्यर्पण किया जाएगा। हालांकि, प्रत्यर्पण कब किया जाएगा, इस बारे में विस्तृत जानकारी नही दी गई है। अबू धाबी धन शोधन अदालत ने यह भी आदेश दिया कि गफूर को 8,16,748 डॉलर का जुर्माना भरना होगा।

## चीन में बाढ़ से 12 की मौत

**बीजिंग।** चीन में अचानक आई बाढ़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकारी स्वामित्व वाले समाचार संस्थान सीजीटीएन की खबर के अनुसार सिशुआन प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कम से कम छह लोगों की मौत हुई है और 12 लोग लापता हैं। खबर में कहा गया है कि शनिवार को लगभग।,300 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

## ब्रिटेन में मतदाता मानते हैं अच्छे प्रधानमंत्री साबित होंगे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक मतदाताओं में से लगभग आधे का मानना है कि ऋषि सुनक एक अच्छे प्रधानमंत्री होंगे। रविवार को एक नए ओपिनियन पोल में यह दावा किया गया। द संडे टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार जेएल पार्टनर्स द्वारा किए गए ओपनियन पोल में 4,400 से अधिक लोगों को शामिल किया गया। इसमें यह बात सामने आई कि 2019 के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी का समर्थन करने वालों में से 48 प्रतिशत का मानना है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक सुनक एक अच्छे प्रधानमंत्री साबित होंगे। यह पहला सर्वेक्षण है जिसमें प्रधानमंत्री पद की दौड़ में विदेश मंत्री लिज़ ट्रस को दूसरे स्थान पर रखा गया है। सर्वेक्षण में शामिल व्यक्तियों में से 39 प्रतिशत ने प्रधानमंत्री पद के लिए ट्रस का और 33 प्रतिशत ने व्यापार मंत्री पेनी मोर्डौंट का समर्थन किया है।

# भारतीय महिला की रावलपिंडी में अपने पुश्तैनी मकान को देखने की तमन्ना 75 साल बाद पूरी हुई

भाषा। लाहौर (पाकिस्तान)

**विभाजन** के समय पाकिस्तान छोड़कर भारत जाने वाली 90 वर्षीय रीना छिब्बर वर्मा का रावलपिंडी में अपने पुश्तैनी मकान को देखने का सपना 75 साल बाद आखिरकार पूरा हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय नागरिक वर्मा को वीजा दे दिया और वह वाघा-अटारी सीमा के जरिए शनिवार को यहां पहुंचीं। पाकिस्तान पहुंचने के तुरंत बाद नम आंखों से वर्मा अपने गृह नगर रावलपिंडी रवाना हो गईं, जहां वह अपने पुश्तैनी मकान प्रेम निवास एवं अपने स्कूल जाएंगी और अपने बचपन के दोस्तों से मिलेंगी। सोशल मीडिया पर अपलोड एक वीडियो में पुणे की रहने वाली वर्मा ने कहा कि उनका परिवार विभाजन के समय रावलपिंडी के देवी कॉलेज रोड पर रहता था। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, मैं मॉडर्न स्कूल में पढ़ती थी। मेरे चार भाई-बहन भी उसी स्कूल में पढ़ते थे। मेरे भाई और एक बहन ने मॉडर्न स्कूल के समीप स्थित गोर्डन कॉलेज से भी पढ़ाई की। उन्होंने कहा, मेरे बड़े भाई-बहनों के मुस्लिम दोस्त थे, जो हमारे घर आते-जाते रहते थे क्योंकि मेरे पिता प्रगतिशील विचारों वाले शख्स थे और उन्हें लड़कों एवं लड़कियों के आपस में मिलने से कोई दिक्कत नहीं थी। विभाजन से पहले हिंदू और मुसलमानों का कोई ऐसा मुद्दा नहीं था। यह सब तो विभाजन के बाद हुआ। वर्मा ने कहा, भारत का विभाजन हालांकि गलत था लेकिन जब अब यह हो गया है तो दोनों देशों को हम सभी के लिए वीजा पाबंदियों में ढील देने की दिशा में काम करना चाहिए। भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग ने सद्भावना दिखाते हुए वर्मा को तीन महीने का वीजा दे दिया। वर्मा 1947 में विभाजन के दौरान 15 साल की उम्र में भारत आई थीं। वर्मा ने 1965 में पाकिस्तानी वीजा के लिए आवेदन दिया था लेकिन युद्ध के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर होने के कारण उन्हें वीजा नहीं मिला था। जीवन के नब्बे वसंत देख चुकी वर्मा ने कहा कि उन्होंने पिछले साल सोशल मीडिया पर अपने पुश्तैनी घर जाने की इच्छा जताई थी। इसके बाद पाकिस्तानी नागरिक सज्जाद हैदर ने सोशल मीडिया पर उनसे संपर्क किया और रावलपिंडी में उनके घर की तस्वीरें उन्हें भेजी। हाल में उन्होंने फिर से पाकिस्तानी वीजा के लिए आवेदन दिया, जिसे ठुकरा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पाकिस्तान की विदेश मामलों की राज्य मंत्री हीना रब्बानी खार को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए अपनी इच्छा व्यक्त की और उन्होंने उनके वीजा की व्यवस्था की।

## रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर पर हमले किए

**विनित्सिया।** रूस ने मिसाइल के जरिए रविवार को यूक्रेन के रणनीतिक महत्व वाले एक दक्षिणी शहर में औद्योगिक केंद्रों पर हमला किया। इस बीच देश में किसी अन्य स्थान पर घातक हमले में जान गंवाने वाली चार साल की बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। लजा बृहस्पतिवार को अपनी मां के साथ कहीं जा रही थी तभी मध्य यूक्रेन में विनित्सिया शहर में रूसी मिसाइल से हमला किया गया था। हमले में लिजा और 7-8 साल के दो लड़कों समेत कम से कम 24 लोग मारे गए थे। लिजा की मां समेत 200 से ज्यादा लोग हमले में घायल हो गए। लिजा की मां आईसीयू में गंभीर अवस्था में हैं। माइकोलैव के मेयर ओलेक्जेंद्र सेंकेविच ने कहा कि रविवार को रूस ने मिसाइलों के जरिए शहर में एक औद्योगिक तथा अवसंरचना इकाई पर हमला किया। हमले में जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। गौरतलब है कि रूस माइकोलैव में पिछले कुछ सप्ताह से लगातार हमले कर रहा है।




पुणे में स्थित एयरमॉल की इमारत जो शॉपिंग और काम करने के लिए एयरपोर्ट में बनाई गई है

## औसत कृषि आय चार वर्षों में 1.7 गुना बढ़ी

**मुंबई।** किसानों की आय वित्त वर्ष 2017-18 के स्तर से वित्त वर्ष 2021-22 में औसतन 1.3 से 1.7 गुना बढ़ी है, जबकि अनाज का निर्यात इस बढ़कर 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।ुछ राज्यों में कुछ फसलों के लिए किसानों की आय (जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन और कर्नाटक में कपास) वित्त वर्ष 2017-18 के स्तर से वित्त वर्ष 2021-22 में दोगुनी से अधिक हो गई, जबकि अन्य सभी मामलों में यह 1.3-1.7 गुना की सीमा में बढ़ी। एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने रविवार को एक विस्तृत रिपोर्ट में कहा कि गैर-नकदी फसल उगाने वाले किसानों की तुलना में नकदी फसलों में लगे किसानों की आय में अधिक वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि महामारी की घातक दूसरी लहर के कारण अर्थव्यवस्था में औद्योगिक और सेवाओं के योगदान के सिकुड़ने के कारण भी थी।

# मानसून की दस्तक के साथ जुलाई के पहले पखवाड़े में घटी पेट्रोल, डीजल की मांग

भाषा। नई दिल्ली

**मानसून** की दस्तक के साथ जुलाई के पहले पखवाड़े में देश में पेट्रोल और डीजल की मांग में गिरावट आई है। उद्योग की ओर से रविवार को जारी शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मानसून के आगमन के साथ जहां कुछ क्षेत्रों में ईंधन का उपभोग घटा है, वहीं आवाजाही घटने से भी इसकी मांग नीचे आई है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल वाले ईंधन डीजल की खपत एक से 15 जुलाई के दौरान 13.7 प्रतिशत घटकर 31.6 लाख टन रह गई, जो पिछले महीने की समान अवधि में 36.7 लाख टन थी। देश में डीजल की मांग मानसून पर काफी निर्भर करती है। आमतौर पर अप्रैल-जून की तुलना में जुलाई-सितंबर की तिमाही में डीजल की मांग कम रहती है। बाढ़ की वजह से जहां आवाजाही घटती है वहीं बारिश के चलते कृषि क्षेत्र में भी डीजल का इस्तेमाल कम हो जाता है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए सिंचाई के लिए पंप चलाने को डीजल का इस्तेमाल होता है, लेकिन मानसून के समय इसकी जरूरत नहीं होती। हालांकि, सालाना आधार पर डीजल की मांग 27 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले साल की समान अवधि में महामारी की दूसरी लहर के कारण डीजल की मांग काफी घटी थी। एक से 15 जुलाई, 2020 की तुलना में डीजल की मांग 43.6 प्रतिशत बढ़ी है। उस समय यह 22 लाख टन रही थी। वहीं यह कोविड-पूर्व यानी जुलाई, 2019 की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक रही है। जुलाई के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की मांग 7.8 प्रतिशत घटकर 12.7 लाख टन रह गई, जो पिछले माह की समान अवधि में 13.8 लाख टन थी। यह आंकड़ा जुलाई, 2021 से 23.3 प्रतिशत और जुलाई, 2020 के पहले पखवाड़े से 46 प्रतिशत ऊंचा है। यह जुलाई, 2019 यानी कोविड-पूर्व की समान अवधि से 27.9 प्रतिशत अधिक है। जून में वाहन ईंधन की मांग बढ़ने की मुख्य वजह गर्मियों की छुट्टियों के बीच लोगों की ठंडे स्थानों की यात्रा थी। विमानन क्षेत्र के फिर से खुलने के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या बढ़ी है। इस वजह से विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग भी बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 जुलाई के दौरान एटीएफ की मांग सालाना आधार पर 77.2 प्रतिशत बढ़कर 2,47,800 टन पर पहुंच गई। यह जुलाई, 2020 की समान अवधि से 125.9 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह कोविड-पूर्व यानी जुलाई, 2019 की समान अवधि से 17.7 प्रतिशत कम है। पिछले महीने की समान अवधि की तुलना में एटीएफ की मांग 6.7 प्रतिशत घटी है। एक अधिकारी ने कहा कि महामारी से संबंधित अंकुश हटने के साथ देश में ईंधन की मांग बढ़ रही है।

# कोविड-19 के कारण खाड़ी देशों से भारत में धन प्रेषण तेजी से घटा

भाषा। मुंबई

**कोविड-19** महामारी से उत्पन्न आर्थिक तनाव के कारण 2020-21 के दौरान भारत में खाड़ी देशों से आने वाले धन की हिस्सेदारी तेजी से कम हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख से यह जानकारी मिली है। लेख में आरबीआई के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा गया है कि अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाएं प्रेषण के लिहाज से भारत के लिए महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरी हैं, जिनकी 2020-21 में देश में आए कुल धन में हिस्सेदारी 36 प्रतिशत है। आरबीआई ने वर्ष 2020-21 के लिए धन प्रेषण पर सर्वेक्षण के पांचवें दौर का आयोजन किया। इसमें धन प्रेषण के जुझारुपन में योगदान देने वाले कारकों का विश्लेषण किया गया और यह समझने का प्रयास किया गया कि महामारी ने धन प्रेषण प्रवाह की अंतर्निहित गतिशीलता को किस प्रकार बदला है। आरबीआई के आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग के अधिकारियों द्वारा तैयार लेख में कहा गया है, भारत के आवक धन प्रेषण में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र की हिस्सेदारी पिछली सर्वेक्षण अवधि 2016-17 में 50 प्रतिशत से अधिक थी जो 2020-21 में घटकर लगभग 30 प्रतिशत होने का अनुमान है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ए आरबीआई के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। आरबीआई के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि कुल मिलाकर, कोविड-19 महामारी के बावजूद भारत का आवक धन प्रेषण चालू खाता प्राप्तियों का एक जुझारू स्रोत साबित हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान खाड़ी देशों से धन प्रेषण में गिरावट, प्रवास की धीमी गति और भारतीय प्रवासियों की ऐसे अनौपचारिक क्षेत्रों में बड़ी मौजूदगी को दर्शाती है जो महामारी के प्रकोप के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। परिणामस्वरूप, इस अवधि में कुल प्रेषण में छोटे आकार के लेनदेन का अनुपात बढ़ गया।

अमेरिका ने शीर्ष स्रोत देश के रूप में संयुक्त अरब अमीरात को पीछे छोड़ दिया। 2020-21 में कुल धन प्रेषण में उसकी हिस्सेदारी 23 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया है कि यह विश्व बैंक की रिपोर्ट (2021) के अनुरूप है जिसमें कहा गया है कि भारत के लिए धन प्रेषण में वृद्धि का एक बड़ा कारण अमेरिका में आर्थिक सुधार है और यही वजह है कि यह कुल प्रेषण का लगभग 20 प्रतिशत है। जीसीसी क्षेत्र में मजबूत प्रभुत्व वाले पारंपरिक धन प्रेषण प्राप्तकर्ता राज्यों केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक का हिस्सा 2020-21 में लगभग आधा हो गया है, जो 2016-17 से कुल प्रेषण का केवल 25 प्रतिशत है।

## रुपए की कमजोरी से मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा

**नई दिल्ली।** रुपए के मूल्य में गिरावट से चालू खाते का घाटा (कैड) प्रभावित हुआ है और मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है, लेकिन साथ ही इस वजह से भारतीय निर्यात अधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया लगातार गिर रहा है। इस समय एक डॉलर की कीमत 80 रुपए के करीब है। ऐसे में आयात महंगा हो गया है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के आर्थिक सलाहकार सेवाओं के प्रमुख रानन बनर्जी ने कहा, रुपए के मूल्यह्रास का अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर पड़ता है। हमारा व्यापार संतुलन नकारात्मक स्थिति में है और ऐसे में रुपए की कीमत गिरने से आयात बिल काफी बढ़ जाता है। हालांकि, इससे हमारा निर्यात और अधिक प्रतिस्पर्धी बनता है। उन्होंने कहा, इससे चालू खाते के घाटे पर असर पड़ता है और इस तरह रुपए पर और दबाव पड़ता है और साथ ही आयात मुद्रास्फीति भी बढ़ती है, क्योंकि रुपए के संदर्भ में आयात की कीमत अधिक हो जाती है।

# एयरलाइन कंपनियों के लिए कम वेतन को लेकर कर्मचारियों का असंतोष बना नया संकट

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** एयरलाइन कंपनियां महामारी के बाद अच्छे दिन लौटने की उम्मीद कर रही हैं, लेकिन उनके सामने फिर संकट खड़ा होता दिख रहा है। उड़ानों का परिचालन सामान्य होने के बीच इस समय उन्हें एक और मुद्दे का सामना करना पड़ रहा है, जिसपर उन्होंने पिछले दो साल के दौरान ध्यान नहीं दिया। यह मुद्दा है कर्मचारियों के कम वेतन का। इंडिगो और गो फर्स्ट के विमान रखरखाव तकनीशियनों का एक बड़ा वर्ग कम वेतन के विरोध में पिछले एक सप्ताह दौरान बीमारी के कारण अवकाश पर है। हालांकि, कर्मचारियों की कमी के बावजूद, कुछ-एक घटनाओं को छोड़कर दोनों एयरलाइन अपनी उड़ानों का परिचालन सुचारू रखने में सफल रही हैं। इन एयरलाइन में कर्मचारियों की कमी की एक और प्रमुख वजह आकाश एयर, पुनर्गठित जेट एयरवेज और टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया द्वारा चलाया जा रहा भर्ती अभियान भी है। गत दो जुलाई को इंडिगो की करीब 55 प्रतिशत घरेलू उड़ानों में देरी हुई क्योंकि इसके चालक दल की एक बड़ी संख्या छुट्टी पर चली गई थी। सूत्रों का कहना है कि ए कर्मचारी कथित रूप से एयर इंडिया में चल रही नियुक्ति गतिविधियों में भाग लेने गए थे। 13 जुलाई को स्पाइसजेट के कुछ पायलटों ने संदेश दिया कि एयरलाइन के कप्तान और फर्स्ट ऑफिसर अपने कम वेतन के विरोध में बीमारी के अवकाश पर जा रहे हैं। हालांकि, एयरलाइन ने कहा कि उस दिन सभी पायलट काम पर आए थे। महामारी के चरम के दौरान भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के वेतन में कटौती की थी। ज्यादातर अब भी अपने कर्मचारियों को कम वेतन दे रही हैं और उन्होंने उन्हें पूरा वेतन देना शुरू नहीं किया है। एक किफायती विमानन सेवा कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि कर्मचारी इस बात को जानते हैं कि उनके ऊपर इस समय काम का बोझ महामारी से पहले के समय जितना है, लेकिन उनको कम वेतन दिया जा रहा है। साथ ही महंगाई की वजह से उनकी स्थिति और खराब है। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों में असंतोष है। विशेष रूप से नीचे के पदों पर कार्यरत तकनीशियनों आदि में काफी नाराजगी है। विरोध में शामिल रहने वाले दो तकनीकी कर्मचारियों ने कहा कि किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन में नए लोगों को 8,000 से 15,000 रुपए का वेतन ही दिया जा रहा है, जो काफी कम है। ालांकि, कम वेतन का मुद्दा अभी उठ रहा है, लेकिन विरोध से पता चलता है कि विमानन उद्योग में यह स्थिति काफी समय से है। पिछले साल सितंबर और नवंबर में दो बार ऐसे मौके आए जबकि स्पाइसजेट के कर्मचारी दिल्ली हवाईअड्डे पर कम वेतन के विरोध में हड़ताल पर चले गए। इनमें ज्यादातर कर्मचारी सुरक्षा विभाग और विमान रखरखाव से जुड़े थे। दिसंबर, 2020 में विमानन क्षेत्र की सलाहकार कंपनी कापा (सीएपीए) इंडिया की रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय विमानन क्षेत्र में मानव संसाधन प्रबंधन पर बाद में ध्यान दिया जाता है और यह स्थिति 2003-04 से है। रिपोर्ट में कहा गया था कि सैकड़ों विमान खरीद लिए जाते हैं और उन्हें बेड़े में शामिल कर लिया जाता है, लेकिन इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाता कि इनके परिचालन के लिए कुशल श्रमबल की जरूरत है।

# माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेंगे



● तालग्राम मामले में नवागंतुक डीएम व एसपी ने मौका मुआयना कर बैठक में शांति बनाये रखने की अपील की

● सीओ, थानाध्यक्ष व दो उप निरीक्षकों को किया गया निलंबित

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। बीते दिन की सुबह पड़ोसी कस्बा तालग्राम के ग्राम रसूलाबाद में अराजकतत्वों द्वारा सांप्रदायिक हिंसा फैलाने के प्रयास के तहत शिव मंदिर के हवन कुंड में प्रतिबंधित अवशेष डाले जाने पर आक्रोशित हुए हिंदूवादी संगठनों द्वारा जाम लगाने सहित दोनों समुदायों के लोगों द्वारा एक दूसरे के धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ व आगजनी के मामले को प्रदेश शासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए शनिवार की देर शाम डीएम एवं एसपी को हटाया गया। वही थानाध्यक्ष व सीओ एवं दो उप निरीक्षकों को निलंबित किया गया। इसके बाद नवागंतुक डीएम एवं एसपी ने मामले की कमान संभालते हुए घटनास्थल का निरीक्षण करनें के बाद सर्व धर्म की जनता की बैठक लेकर शांति एवं सद्भावना बनाए रखने की अपील की है। रविवार को नवागंतुक जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने ग्राम रसूलाबाद पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करनें के बाद थाना तालग्राम परिसर में सर्व धर्म के धर्मगुरुओं सहित क्षेत्रीय जनता की बैठक लेते हुए आपसी सद्भावना एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि समाज में नफरत फैलाने एवं सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले शातिर लोगों से सावधान रहें। ऐसे अराजकतत्वों की सूचना देकर पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करके जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। कहा कि ऐसे अराजकतत्व किसी भी धर्म के नहीं होते हैं। वह सिर्फ एक दूसरे को आपस में लड़वाकर जनपद का अमन चैन एवं माहौल बिगाड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिससे आने वाले समय में कोई भी ऐसी धार्मिक, सांप्रदायिकता फैलाने की जुर्रत न कर सके। इस दौरान उच्च अधिकारियों ने क्षेत्रीय जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला एवं पुलिस प्रशासन क्षेत्रीय जनता की सुरक्षा में तत्पर है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद कुमार, सीडीओ आर एन सिंह, एसडीएम अशोक कुमार सहित नवागंतुक थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, गुरसहायगंज प्रभारी कोतवाल राज कुमार सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## प्रशासन ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाकर की निगहबानी

गुरसहायगंज (कन्नौज)। तालग्राम में सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की घटना को संज्ञान में लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगर व क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर पुलिस एवं पालिका कर्मियों की तैनाती की गई। रविवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस एवं पालिका प्रशासन ने नगर के मंदिरों एवं जामा मस्जिद पर दिन में पुलिसकर्मियों एवं रात में पालिका कर्मियों व पुलिस की सुरक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी लगाई गई। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अराजकतत्वों की सूचना देकर पुलिस एवं प्रशासन की मदद करने सहित शांति व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की है। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देश पर पालिका प्रशासन द्वारा विभिन्न मंदिरों पर सफाई नायक अशोक बाल्मीकि, राजन राजपूत, आकाश सक्सेन, पूरन सिंह, राजेश वर्मा, सुधांशु सक्सेना, रविंद्र सक्सेना, अरविंद सिंह, दीनानाथ, राजेश प्रजापति, वीर सिंह, अमित अवस्थी, परशुराम, धर्मेंद्र, संजीव सिंह, दीपक सिंह एवं जामा मस्जिद पर जीशान आलम, समीर आदि पालिका कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

**छापेमारी कर पुलिस ने बरामद किया चोरी का सामान:**गुरसहायगंज (कन्नौज)। कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर बड़े ही साहसिक ढंग से चोरी के कुछ घंटे बाद ही माल बरामदगी करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है। रविवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर में तंबू डालकर अस्थाई रूप से निवास कर रहे जनपद औरैया के थाना अजीतमल के ग्राम ऊंचा बहादुरपुर निवासी नीरु पुत्र वीरन नट द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार को उसके तंबू में रखें नगदी मोबाइल सहित अन्य सामान अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। पीड़ित की तहरीर पर कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडे ने अपने नेटवर्क एवं सूझबूझ से कुछ ही घंटे में ग्राम खाड़ेदेवर निवासी आशिक पुत्र राजेश कुमार के पास से चोरी किया हुआ माल बरामद कर लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी के मामले को कुछ ही समय में वर्कआउट करने पर नागरिकों ने कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडे की कार्यशैली की सराहना की।



वाराणसी में श्रावण माह के दौरान रविवार को हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ गंगाजल लेने के लिए घाट पर उमड़ी कांवड़ियों की भीड़

# सरकारी जमीन पर बने मदरसे को बुलडोजर से ढहाया

## प्रशासन ने की कार्रवाई, अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली ने कहा, वह इस मामले की तह तक जाएंगे और अदालत से न्याय दिलाएंगे

**अमरोहा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले की हसनपुर तहसील स्थित रेहरा इलाके में कथित रूप से सरकारी जमीन पर बने एक मदरसे को वहां बिना इजाजत नमाज पढ़े जाने की शिकायत पर बुलडोजर से गिरा दिया गया। मदरसे का रख रखाव करने वाले का आरोप है कि जिस जमीन पर मदरसा बना था वह वर्ष 1961 में उसके दादा को आबंटित की गई थी, और करीब एक महीने से वहां नमाज अदा किए जाने की कुछ लोगों ने शिकायत की थी, जिसके बाद प्रशासन ने मदरसा जमींदोज करा दिया। वहीं, अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली ने कहा कि वह इस मामले की तह तक जाएंगे और अदालत से न्याय दिलाएंगे। हसनपुर तहसील के उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार ने रविवार को कहा, रेहरा थाना क्षेत्र के जेबरा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर एक अवैध ढांचा बनाया गया था। एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा वहां नमाज अदा किए जाने की शिकायत पर उस ढांचे को ढहा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि शिकायत पर हुई जांच में यह पता लगा कि वह मदरसा कानूनी प्रक्रिया पूरे किए बगैर बनवाया गया था। लिहाजा शनिवार को पुलिस दल की मौजूदगी में मदरसे को ढहा दिया गया। मदरसा प्रबंधन के लोगों को पूर्व में वह इमारत खाली करने की नोटिस दी गई थी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक वह इमारत करीब सात महीने पहले बनाई गई थी और कुछ माह पहले ही उसे मदरसे का रूप से दिया गया और पिछले महीने से लोगों ने वहां नमाज पढ़नी शुरू कर दी थी। हाल ही वहां अजान देने के लिए एक लाउडस्पीकर भी लगाया गया था। इस बीच, मदरसे के मुतवल्ली इश्तियाक अहमद ने दावा किया कि जिस जमीन पर मदरसा बनाया गया वह ग्राम समाज की नहीं थी बल्कि वर्ष 1961 में उनके दादा को आबंटित की गई थी। मदरसा शांतिपूर्वक संचालित किया जा रहा था लेकिन जब वहां नमाज पढ़ना शुरू हुआ, तब स्थानीय ग्रामीणों ने शिकायत कर दी और प्रशासन ने भी मौका पाकर मदरसे पर बुलडोजर चलवा दिया। उन्होंने कहा कि वह प्रशासन की इस कार्वाई के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। इस बीच, मुरादाबाद के मण्डलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे। उन्होंने अदालत के एक आदेश का संदर्भ देते हुए कहा कि अगर किसी धार्मिक इमारत का निर्माण सक्षम प्राधिकारी की इजाजत के बगैर किया जाता है तो उसे ध्वस्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उधर, अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली ने कहा कि वह इस मामले की तह तक जाएंगे और अदालत के जरिए न्याय दिलाएंगे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य कर रहा अधिवक्ता परिषद: एसपी राय

● अधिवक्ता परिषद की ग्रेटर नोएडा में हुई अहम बैठक



**प्रयागराज।** अधिवक्ता परिषद की बैठक रविवार को आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रवज्वलन और वन्दे मातरम से हुआ। अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री सत्य प्रकाश राय ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता परिषद और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद में रचनात्मक परिवर्तन हो रहा है। अधिवक्ता परिषद को आज पच्चीस साल और संघ को सौ साल पूरे होने को है। अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन की नीति के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। सत्य तो बोलना होगा और देश की संस्कृति और सम्मान को अब दबाया नहीं जा सकता। डी भारत कुमार ने कहा कि छोटी इकाई के गठन से कार्य की गहराई बढ़ती है और कार्य नीचे तक पहुँचता है। क्षेत्र संघचालक सूर्य प्रकाश टोंक ने कहा कि अधिवक्ता परिषद निश्चित तौर पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य कर रहा है। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा और भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया।

संगठन को किस प्रकार अधिक गतिशील बनाया जाए इस पर भी चर्चा हुई। साथ ही इसके चार मूल आयाम न्यायकेंद्र स्वाध्याय मंडल न्यायप्रवाह सदस्यता और मासिक बैठक को और अधिक सशक्त बनाया जाने पर मंथन हुआ। बैठक में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री डी भरत क्षेत्रीय संगठन मंत्री हरि बोरिकर राष्ट्रीय मंत्री सत्य प्रकाश राय और राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री संतोष कुमार के साथ 26 जिला इकाईयों के महामंत्री और अध्यक्ष गौतबुद्धनगर ईकाई के कार्यकर्ता सतेंद्र प्रेम सिंह किशनलाल पाराशर सरिता मलिक ऋांब्रा सपना जयेंद्र हर्षित ऋष्रभ विनोद अमित अजय सत्यम ध्रुव आकाश नीरज दिनेश आदि उपस्थित रहे।

### नरोत्तम कुमार गर्ग ब्रज प्रान्त के अध्यक्ष

प्रयागराज। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री उत्तर प्रदेश उत्तराखंड चरण सिंह त्यागी ने ब्रज प्रान्त के अध्यक्ष के रूप में नरोत्तम कुमार गर्ग मेरठ को अध्यक्ष राखी शर्मा बिजनौर को महामंत्री कमल सिंह लोधी बुलंदशहर को कोषाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा फ़िरोज़ाबाद उमा शंकर शर्मा मथुरा गिरीश चंद्र पांडे बरेली सुभाष चंद्र गुप्ता आगरा आशा रानी गाजियाबाद को उपाध्यक्ष तथा धर्मेंद्र वर्मा आगरा शंकर सैनी हापुड़ को मंत्री घोषित किया।

# चोरी की दो मोटरसाइकिलें व एक किलोग्राम गांजा बरामद



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराधियों के धड़पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तरबगंज पुलिस ने कुंवर लाल उर्फ सचिन पुत्र करिया प्रसाद निवासी अदमापुर, थाना उमरीबेगमगंज, गोंडा को 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा व चोरी की एक मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके निशानदेही पर चोरी की एक अदद और मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद किया है। मोटरसाइकिलों के बारें मे पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि 01 मोटरसाइकिल कुछ समय पहले उसने थाना करनैलगंज व दूसरी मोटरसाइकिल अयोध्या के सरयू घाट से चोरी किया था। थाना तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल रवाना कर दिया है।

# डॉ आशीष गुप्ता प्रदेश और नीलिमा त्रिपाठी महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी

● जनविकास महासभा के सनातन प्रकोष्ठ और महिला सभा अवध प्रान्त का हुआ गठन

**लखनऊ।** जनविकास महासभा उत्तर प्रदेश ने आज यहां संगठन का विस्तार करते हुये सनातन प्रकोष्ठ और महिला सभा अवध प्रान्त का गठन करने की घोषणा की। इसके साथ ही सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से गठित सनातन प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी के रूप में डॉ आशीष गुप्ता को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया तथा महिला सभा का संगठन विस्तार करते हुए महिला सभा अवध प्रांत का प्रभारी नीलमा त्रिपाठी को बनाया गया। सेक्टर छह जानकीपुरम विस्तार में हुयी बैठक के बाद यह जानकारी देते हुए जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि आज वसुधैव कुटुंबकम की परिभाषा सनातन संस्कृति से ही परिलक्षित होती है अत: सनातन संस्कृति और आस्था को वैज्ञानिक प्रमाण के साथ लोगों को जागरूक करना आवश्यक है तथा इसमें महिलाओं की अहम भागीदारी होगी और आधी आबादी के सहयोग के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है उपरोक्त विचारों को दृष्टिगत रखते हुये ही जनविकास महासभा द्वारा आयोजित बैठक में सनातन प्रकोष्ठ और महिला सभा के अवध प्रांत का गठन किया गया । पंकज तिवारी ने उम्मीद जताई कि जनविकास महासभा के संगठन विस्तार के माध्यम से सकारात्मक रूप से समाज को मजबूत बनाने में बल मिलेगा। मनोनीत किए जाने के पश्चात जनविकास महासभा सनातन प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता एवं अवध प्रांत महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी नीलमा त्रिपाठी में जनविकास महासभा का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्यए शिक्षाए रोजगारए पर्यावरणए सांस्कृतिक क्षेत्र में किए जाने वाले जनविकास कार्यक्रम में महिलाओं की जन सहभागिता बढ़ाते हुए कार्य करने का संकल्प लिया।

## 812 टीमें घर-घर तलाश रहीं मरीज

**चित्रकूट।** दस्तक अभियान के तहत आशा व आंगनबाडी घर-घर जाकर पांच तरह की बीमारियों का पता लगा रही हैं। किसी के घर के पास मच्छर पनप रहे हैं तो उसकी रिपोर्ट ब्लाक में करेंगे। रोगियों को चिन्हित कर सूची तैयार कर रही हैं। रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ दस्तक अभियान भी शुरु हो गया है। जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने बताया कि दस्तक अभियान में 812 आशा व 812 आंगनबाडियों को लगाया गया है। सुपरविजन को एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ अफसर, आशा संगनी भी लगाये गये हैं। आशा घर-घर जाकर मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुखाम व बुखार से संबंधित सवाल करेगी। जानकारी लेंगी कि घर में कोई अतिकुपोषित बच्चा तो नहीं है।

# युवक व परिवार पर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव







● पिता ने थाना कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराई, जांच शुरू

**बाँदा।** प्रेम प्रसंग में मुस्लिम महिला ने युवक और उसके परिवार पर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव। इससके लिए 4 लाख रु दिलाने का वादा भी किया। पुलिस उपाधीक्षक राकेश सिंह नगर बांदा ने बताया कि इस मामले में लड़के पक्ष के पिता की तरफसे थाना कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। यह धर्मांतरण का मामला है इस पर बराबर जांच की जा रही है। बांदा में प्रेम प्रसंग के चलते एक मुस्लिम महिला पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित पक्ष का आरोप है उसका लड़का और मुस्लिम लड़की का पढ़ने के दौरान आपस मे प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनो एक ही पढ़ते हैं। उस दौरान जब पीड़ित पक्ष लड़की के घर जाकर उसके परिजनों से इस बात की शिकायत करता है और मुस्लिम लड़की की शादी और कहीं और करने की जिस पर लड़की की मां ने कहा कि मैं अपनी लड़की की शादी तुम्हारे लड़के से धर्म परिवर्तन कराकर करूंगी तुम भी मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लो, तुम्हे 4 लाख रु भी मिलेंगे। जिस पर हिन्दू धर्म के पीड़ित परिवार ने मना किया तो उसने भला बुरा कहना शुरू कर दिया और जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। 2 अन्य महिलाओं को बुलाकर अभद्रता शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष ने डर के कारण अपने लड़के को दिल्ली रिश्तेदारी में भेज दिया। इस बीच हिंदू परिवार बांदा के बड़ोखर ग्राम का है पिता ने थाना कोतवाली नगर में एफआई आर दर्ज कराई है। 2 परिवार पहले से भी हिंदू से मुस्लिम बनाए जा चुके हैं और निकाह कराया जा चुका है। एक वकील साहब है जो सर्टिफिक्रेट बनवाते हैं ओखला दिल्ली एरिया में निकाह के बाद भेज दिया जाता है। गरीब परिवार को ?5लाख रुपए दिए जाते और लड़के को वहीं पर जॉब दे दिया जाता है द्यअर्थात धर्मांतरण कराने का लोगों को मोटिवेट करने का श् देखो मैं हिंदू हूं मुसलमान हो गया क्योंकि मुझे मुस्लिम कंट्रीज मुस्लिम संस्थाओं ने पैसा दिया इसी प्रकार आप लोग भी अपनी गरीबी हटाने के लिए धर्म छोड़ो और मुसलमान हो जाओ और मुस्लिम लड़कियों से शादी कर लोए सभी मुस्लिम धर्म खूबियां सिखाने के लिए दिल्ली के ओखला से ट्रेनिंग देने के लिए भेजें जाते हैं। बांदा जनपद में एक सर्जन डॉक्टर मोतीलाल प्रजापति हिंदू है मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया है और ओखला में सर्जरी करता है उसे बहुत सारा धन मुस्लिम धर्म का प्रचार करने के लिए पैसा मिलता है और वह वर्तमान समय में एक्सप्रेस वे के पास मवई चिल्ला रोड पर एक आश्रम बनाए हैं। वह इस प्रकार गरीब हिंदू परिवारों को मोटिवेट करता है द्यऔर उनको फिर ओखला ले जाता है इसी तरह से मुस्लिम धर्म स्वीकार करा देता है।

# किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म

## सगे फूफा के भाई ने सालों तक दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता रहा



**बांदा।** एक 15 साल की लड़की ने बच्चे को जन्म दिया है, इसके बाद से तमाम लोग हैरान हैं और चर्चा का बिषय बना हुआ है। इस मामले में आरोपी युवक फरार है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का है जहां पर एक लड़की से उसके ही सगे फूफा के भाई ने सालों तक दुष्कर्म किया है और लड़की के विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहा लड़की जब नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई तब तक घर वालों को कहीं कोई भनक नहीं लगी लेकिन समय बढ़ता गया और पेट में बच्चा पलता गया उसके बाद लड़की के हाथ पैरों में स्वेलिंग आ गई तब घरवालों ने डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने जांच करवाई तब बात स्पष्ट हो गई लड़की के पेट में बच्चा है पूरे मामले में लड़की के माता.पिता ने अपने रिश्तेदारों से बात की और कहा कि अब बच्चा आ गया है शादी करिए इसके बाद से उन्होंने कहा ठीक है अबॉर्शन करा दीजिए उसके बाद शादी कर ली जाएगी लेकिन उस वक्त बच्चा पैदा होने की स्थिति पर था और लड़की को दर्द शुरू हुआ जिसके बाद परिवार जनों ने आनन.फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां नाबालिक 15 साल की लड़की को बच्चा हो गया है पूरे घटनाक्रम में लड़की के पिता ने संबंधित चौकी पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी पुलिस भी पूरे मामले में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जिससे अब पीड़ित परिवार परेशान है। जिस व्यक्ति ने लड़की को गर्भवती किया है वह बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गाँव का रहने वाला है छोटू नाम बताया जा रहा है घटना के बाद से आरोपी युवक और उसके परिवार जनों ने मिलकर साजिश रच के युवक को अपने घरसे बाहर भेज दिया है ऐसे में अब सिर्फ न्याय की गुहार लगा रहा रही है पीड़ित लड़की! पुलिस उपाधीक्षक सदर ने अपने बयान में बताया की एक कुमारी बच्ची को एक रिश्तेदार ने काफी समय तक यौन शोषण किया आज उस नाबालिग बच्ची के पुत्र पैदा हो गया उसकी उम्र 15 वर्ष है इस मामले में परिजनों द्वारा तहरीर दी गई थी तिंदवारी थाने में समुचित गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम कर दिया गया है आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा विवेचक द्वारा तफ्तीश जारी है।

# पंड्या-पंत के कमाल से भारत का श्रृंखला पर कब्जा

● तीसरे वनडे में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

● हार्दिक का हरफनमौला प्रदर्शन, पंत का शतक




भाषा। मैनचेस्टर

**भारत ने हार्दिक** पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (नाबाद 125) के पहले वनडे शतक की बदौलत रविवार को यहां निर्णायक वनडे में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला 2-। से अपने नाम की।
भारत ने पहला वनडे 10 विकेट से जीता था जबकि दूसरे वनडे में इंग्लैंड ने 100 रन की जीत से बराबरी हासिल की थी। पंड्या ने पहले 24 रन में चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फिर 71 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जिसमें 10 चौके जड़े थे। पंत ने 113 गेंद में 16 चौके और दो छक्के लगाए। जिसमें उन्होंने 42वें ओवर में डेविड विली पर लगातार पांच चौके भी जड़े। भारत ने बल्लेबाजी का न्योता देने के बाद पंड्या के चार विकेट और अनुशासित गेंदबाजी से इंग्लैंड को 45.5 ओवर में 259 रन पर समेटने के बाद यह लक्ष्य 42.1 ओवर में हासिल कर लिया। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम को हालांकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले (35 रन देकर तीन विकेट) ने झकझोर दिया था। पर इसके बाद पंड्या और पंत ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए पांचवें विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की और टीम को मुश्किल से निकाला। फिर पंत ने रविंद्र जडेजा (नााबद 07) के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए नाबाद 56 रन की साझेदारी निभाई जिससे भारत ने 47 गेंद रहते पांच विकेट पर 261 रन बनाकर श्रृंखला जीती। टॉप्ले ने कप्तान रोहित शर्मा (17), शिखर धवन (01) और विराट कोहली (17) के विकेट झटके जिससे भारत ने 38 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। रोहित ने पहले ही ओवर में टॉप्ले की गेंद पर मिड विकेट क्षेत्र में और फिर अगले ओवर में डेविड विली पर दो शानदार चौके जड़े। टॉप्ले ने पहले धवन और फिर रोहित को पवेलियन भेजा। पांच ओवर में टीम ने 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। खराब फॉर्म को लेकर चर्चा का केंद्र बने हुए कोहली ने विली पर तीन चौके लगाकर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद बंधाई थी पर टॉप्ली की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में विकेट के पीछे कैच देकर आउट हुए। पंत और सूर्यकुमार यादव (28 गेंद में 16 रन) ने संभलकर खेलते हुए 15 ओवर तक टीम का स्कोर तीन विकेट पर 68 रन पहुंचाया। पर सूर्यकुमार ऑफ स्टंप से बाहर जाती उछाल भरी गेंद पर बल्ला लगाकर विकेटकीपर को आसान कैच दे बैठे जिससे भारत को 72 रन पर चौथा झटका लगा। पहले पंड्या ने 43 गेंद में सात चौके से अपने करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया। भारतीय टीम 30 ओवर में चार विकेट पर 152 रन बना चुकी थी। फिर पंत ने 71 गेंद में पांचवें चौके से अपने 50 रन पूरे किए। पंत ने 35वें ओवर की अंतिम गेंद पर क्रेग ओवरटन की गेंद पर लांग ऑन पर पारी का पहला छक्का जमाया, जिससे पहली गेंद को उन्होंने चौके के लिए भेजा था। इससे भारत को जीत के लिए 15 ओवर में 63 रन की जरूरत थी। पंड्या ने जल्दी मैच खत्म करने की कोशिश में ब्रायडन कार्स पर लगातार दो चौके लगाए, पर अगली ही गेंद पर उनकी पारी समाप्त हो गई। पंड्या (55 गेंद) कार्स की शार्ट गेंद को जल्दी खेल बैठे और मिडविकेट पर स्टोक्स ने शानदार कैच लपक लिया जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 205 रन था। पंत टीम को आसानी से जीत तक ले गए और रिवर्स स्विप से चौका लगाकर स्टाइल से जीत दिलाई

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड :** रॉय का पंत बो पंड्या 41,बेयरस्टो का सब (श्रेयस अय्यर) बो सिराज 00,रूट का रोहित शर्मा बो सिराज 00,स्टोक्स का एवं बो पंड्या 27, बटलर का जडेजा बो पंड्या 60, अली का पंत बो जडेजा 34,लिविंगस्टोन का जडेजा बो पंड्या 27,विली का यादव बो चहल 18,ओवरटन का कोहली बो चहल 32,कार्स नाबाद 03,टॉप्ले बो चहल 00,**अतिरिक्त** : 17,**कुल** : 45.5 ओवर मे सभी आउट : 259 रन,**विकेट पतन** :।-12, 2-12, 3-66, 4-74, 5-149, 6-198, 7-199, 8-247, 9-257,**गेंदबाजी** : शमी 7-0-38-0, सिराज 9-।-66-2,कृष्णा 9-0-48-0, पंड्या 7-3-24-4, चहल 9.5-0-60-3,जडेजा 4-0-21-।

**भारत :** रोहित का रूट बो टॉप्ले 17, धवन का रॉय बो टॉप्ले 01,कोहली का बटलर बो टॉप्ले 17,पंत नाबाद 125,सूर्यकुमार का बटलर बो ओवरटन 16,पंड्या का स्टोक्स बो कार्स 71, जडेजा नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 07 ,**कुल** : 42.1 ओवर मे पांच विकेट पर : 261 रन,विकेट पतन :।-13, 2-21, 3-38, 4-72, 5-205,**गेंदबाजी** : टॉप्ले 7-।-35-3,विली 7-0-58-0,कार्स 8-0-45-।,अली 8-0-33-0,ओवरटन 8-0-54-।, स्टोक्स 2-0-14-0, लिविंगस्टोन 2-0-14-0, रूट 0.1-0-4-0

## मेरा शरीर पूरी तरह से ठीक, बिना परेशानी के गेंदबाजी कर रहा हूं: हार्दिक



**मैनचेस्टर।** चोट के कारण लंबे समय तक गेंदबाजी नहीं करने वाले भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में दमदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब पूरी तरह से ठीक है और उन्हें पीठ मोड़ने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। हार्दिक ने 24 रन देकर चार विकेट झटके जिससे बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर इंग्लैंड की पारी 259 रन पर सिमट गई। एकदिवसीय में यह हार्दिक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने शॉर्ट गेंदों का शानदार इस्तेमाल किया और ऐसी गेंदों पर बेन स्टोक्स, लियाम लिविंगस्टोन और कप्तान जोस बटलर के विकेट लिए। हार्दिक ने भारतीय पारी के बाद कहा, मुझे अपनी पीठ को थोड़ा मोड़ना पड़ा, अपनी योजनाओं को बदलना पड़ा, मैंने महसूस किया कि यह विकेट फुल लेंथ वाली गेंद के लिए नहीं था। मैंने शॉर्ट-बॉल डालने की योजना बनाई।

### बुमराह पीठ में ऐंठन के कारण नहीं खेले



**मैनचेस्टर।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की ऐंठन के कारण रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे वनडे से बाहर हो गए। अंतिम एकादश में इस 28 वर्षीय तेज गेंदबाज की जगह मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। टीम प्रबंधन ने युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम पर विचार नहीं किया क्योंकि पेट में खिंचाव के बाद उन्होंने अभी पूरी फिटनेस हासिल नहीं की है। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह पीठ में ऐंठन के कारण इस मैच से बाहर है। अर्शदीप चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। वह पेट के दाहिने हिस्से में खिंचाव से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। बुमराह ने श्रृंखला के पहले मैच में 19 रन देकर छह विकेट लिए थे। उनके करियर के इस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भारत ने इस मैच को 10 विकेट से जीता था। इंग्लैंड ने हालांकि दूसरे मैच में वापसी की और रीस टॉपली के छह विकेट के दम पर भारत को 100 रन से हराया।

### लेबनॉन से हारकर भारत फीबा एशिया कप से बाहर

**जकार्ता।** भारतीय पुरूष बास्केटबॉल टीम को रविवार को यहां लेबनॉन के खिलाफ करारी शिकस्त झेलने पड़ी जिससे फीबा एशिया कप में देश का अभियान खत्म हो गया। यह प्रतियोगिता मे भारत की लगातार तीसरी हार थी। भारत को ग्रुप डी के अंतिम मैच मे 63 - 104 से हार मिली। चार टीमों के ग्रुप में भारत अंतिम स्थान पर रहा। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंचती है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ खेलती है। भारत को इससे पहले न्यूजीलैंड से 47 - 100 और फिलीपींस से 59 - 101 से हार मिली थी।

### टेटे खिलाड़ी मनोवैज्ञानिक की अनुपस्थिति पर निराश

**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत के 14 सदस्ईय टेबल टेनिस दल से खेल मनोवैज्ञानिक गायत्री वर्तक की अनुपस्थिति पर खिलाड़ियों ने निराशा व्यक्त की। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी वर्तक 28 जुलाई से शुरू होने वाले बर्मिंघम खेलों के लिए खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची (टीटीएफआई की वेबसाइट पर प्रकाशित) में थी, लेकिन उन्होंने अंतिम दल में जगह नही मिली। भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक शरत कमल मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा अकुला और रीथ ऋषि ने कहा कि दल मे वर्तक की मौजूदगी से बड़ा फर्क पड़ता।

### अदिति, पाजारी संयुक्त 24वें स्थान पर रही

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और थाईलैंड की पाजारी अनानारूर्क्णा की जोड़ी यहां एलपीजीए टूर की टीम स्पर्धा डॉउ ग्रेट लेक्स बे आमंत्रण टूर्नामेंट के चौथे दौर मे पांच अंडर का स्कोर करने के बाद भी संयुक्त रूप से 24वे स्थान पर रही। पिछले साल इस टूर्नामेंट मे संयुक्त तीसरे स्थान पर रही इस जोड़ी ने शुरुआती तीन दौर मे 72-62-69 का स्कोर किया था।

### हेविट अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल

**न्यूपोर्ट।** आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लेटन हेविट को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम मे शामिल किया गया है। हेविट को 2021 मे हॉल आफ फेम मे शामिल किया गया था लेकिन तब कोविड-19 के कारण यात्रा पाबंदियो के चलते वह कार्यक्रम मे हिस्सा नही ले पाए थे। वर्ष 2022 मे किसी को भी हॉल आफ फेम मे शामिल नही किया गया इसलिए कार्यक्रम मे अकेले उन्हे ही यह सम्मान दिया गया।

### यूएई में स्थानांतरित हो सकता है एशिया कप

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के सचिव मोहन डिसिल्वा ने रविवार को कहा कि देश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एशिया कप को श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित किए जाने की संभावना है और टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में हो सकता है। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका मे हफ्तो से सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे है।

### माधवन ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में नया मीट रिकॉर्ड बनाया

**भुवनेश्वर।** महाराष्ट्र के वेदांत माधवन ने रविवार को यहां चल रही जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप मे ग्रुप ए लड़को की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने 16:01.73 सेकेंड के समय से राज्य के अपने साथी अद्वेत पेज द्वारा 2017 में बनाए गए 16:06.43 सेकेंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वेदांत ने कर्नाटक के अमोघ वेंकटेश (16:21.98 सेकेंड) और बंगाल के शुभोजीत (16:34.06) को पीछे छोड़ा।

# सिंधू ने सिंगापुर ओपन जीता

● 2022 की तीसरी ट्रॉफी



भाषा। सिंगापुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में चीन की वैंग झी ई को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीता। गलतियों से भरे इस मुकाबले में सिंधू ने महत्वपूर्ण लम्हों पर धैर्य बरकरार रखते हुए कड़े मुकाबले में एशियाई चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन चीन की 22 साल की खिलाड़ी को 21-9 11-21 21-15 से हराया। हैदराबाद की सिंधू ने इससे पहले वैंग के खिलाफ अपना एकमात्र मैच जीता था। उन्होंने इसी साल आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चीन की खिलाड़ी को हराया था। इस खिताबी जीत से सिंधू का आत्मविश्वास बढ़ेगा जो बर्मिंघम में 28 जुलाई से होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। सिंधू का मौजूदा सत्र का यह तीसरा खिताब है। उन्होंने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय और स्विस ओपन के रूप में दो सुपर 300 टूर्नामेंट जीते। सिंधू ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। टॉस ने मैच में अहम भूमिका निभाई क्योंकि हॉल में ड्रिफ्ट के कारण खिलाड़ियों को परेशानी हो रही थी। अंतिम गेम के दूसरे हाफ में वैंग बेहतर स्थिति में थी क्योंकि उन्हें ड्रिफ्ट के खिलाफ खेलने का मौका मिला। सिंधू हालांकि गलतियों पर अंकुश लगाने के अलावा धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। सिंधू ने पहले गेम में शुरुआती दो अंक गंवाए लेकिन इसके बाद उन्होंने ड्रिफ्ट की मदद से जोरदार वापसी की ओर लगातार 11 अंक के साथ ब्रेक तक 11-2 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम सिंधू के लिए बुरे सपने की तरह रहा। इस बार वैंग कोर्ट में बेहतर स्थिति में थी और उन्होंने 11-3 की बढ़त बना ली।

### क्वार्टर फाइनल में लगातार हार का सामना करना निराशाजनक था: सिंधू

**सिंगापुर।** सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां उम्मीद जताई कि वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों सहित आगामी प्रतियोगिताओ मे अपनी शानदार लय को जारी रखेंगी। सिंधू ने जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ टूर्नामेंटों मे कड़े मुकाबले हुए थे और मेरे लिए क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मे हारना थोड़ा परेशान करने वाला था।

### मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पहली बार सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के लिए दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को बधाई देते हुए कहा कि यह देश के लिए गौरवपूर्ण लम्हा है और उनकी जीत आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।

# अंजुम को निशानेबाजी विश्व कप में कांस्य

भाषा। चांगवन



**भारत की** अंजुम मोदगिल ने रविवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अंजुम फाइनल में 402.9 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने नीलिंग में 100.7, प्रोन में 101.6 और स्टैंडिंग पोजीशन में 200.6 अंक जुटाए। जर्मनी की अन्ना जेनसन (407.7) ने स्वर्ण जबकि इटली की बारबरा गैमबारो (403.4) ने रजत पदक जीता। संजीव राजपूत, चैन सिंह और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुष थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा रजत पदक जीता। क्वालीफिकेशन चरण में भारतीय तिकड़ी दूसरे स्थान पर रही थी और स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना चेक गणराज्य की मजबूत टीम से हुआ था। चेक गणराज्य की टीम को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद भारतीय टीम को 12-16 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेक टीम में पेत्र निमबर्स्की, फिलिप नेपेचाल और जिरी परिव्रास्की शामिल थे। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम ने शनिवार को रैंकिंग दौर में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। अंजुम का विश्व कप चरण में यह लगातार दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने पिछले महीने बाकू विश्व कप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अंजुम दूसरी प्रोन सीरीज के बाद छठे स्थान पर खिसक गईं थी लेकिन अंतिम स्टैंडिंग सीरीज में वापसी करने में सफल रहीं। स्टैंडिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद पांचवें और छठे नंबर की निशानेबाजों के बाहर होने के समय अंजुम चौथे स्थान पर चल रही रेबेका कोएक से 0.2 अंक आगे थी। अंजुम अगली सीरीज के शुरुआती चरण में गैमबारो से 1.5 अंक से पीछे थी और पांच शॉट की स्टैंडिंग सीरीज के अंतिम दो शॉट पर पूरे अंक जुटाने के बावजूद उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

### केर्ले की अगुआई में अमेरिका ने पुरुष 100 मीटर दौड़ में क्लीन स्वीप किया

**यूजीन।** फ्रेड केर्ले की अगुआई में अमेरिका ने 31 साल में पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष 100 मीटर फर्राटा दौड़ में पदकों का क्लीन स्वीप किया। केर्ले ने बेहद कड़े मुकाबले में अपने साथी अमेरिकी धावकों मार्विन ब्रेसी और ट्रेवोन ब्रोमेल को बेहद करीबी अंतर से हराया। केर्ले ने 9.86 सेकेंड में दौड़ पूरी की और ब्रेसी तथा ब्रोमेल दोनों को 0.02 सेकेंड के अंतर से पछाड़ा। ब्रेसी और ब्रोमेल के बीच सिर्फ 0.002 सेकेंड का अंतर था।

# बाबर की शतकीय पारी से पाक ने की शानदार वापसी

भाषा। गॉल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने दबाव की परिस्थितियों में शतकीय पारी खेल कर श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी टीम की वापसी करवाई। श्रीलंका के 222 रन के जवाब में पाकिस्तान ने 85 रन पर सात और फिर 148 रन पर नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन शानदार लय में चल रहे बाबर ने 11वें नंबर के बल्लेबाज नसीम शाह के साथ आखिरी विकेट के लिए 70 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम की मैच में वापसी कराई। इस साझेदारी में नसीम का योगदान सिर्फ पांच रन का था। गॉल के मैदान पर पर आखिरी विकेट के लिए नया रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिमुथ करुणारत्ने और लक्षण संदाकन के नाम था। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 63 रन की साझेदारी की थी।पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 218 रन बनाए।बाबर ने 244 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए। वह महीश तीक्षणा की गेंद पर पगबाधा हुए। दिन का खेल खत्म होने तक श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 36 रन बना लिए।

# बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ किया

भाषा। जॉर्जटाउन (गयाना)

**बांग्लादेश ने** कमजोर गेंदबाजी आक्रमण वाली वेस्टइंडीज की टीम को शनिवार को यहां अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश की टीम वेस्टइंडीज को 178 रन पर समेटने के बाद इस टीम के खिलाफ लगातार 11वीं जीत दर्ज करने की प्रबल दावेदार थी। श्रृंखला में हालांकि यह मेजबान टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। शनिवार को मैच के दौरान वेस्टइंडीज को झटके लगे जब आलराउंडर कीमो पॉल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और सिर्फ 11 गेंद फेंकने के बाद कामचलाऊ तेज गेंदबाज रोवमैन पावेल की मांसपेशियों में भी खिंचाव का गया। वेस्टइंडीज ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन स्पिनर गुडाकेश मोती का 10 ओवर का कोटा खत्म होने के बाद बांग्लादेश ने नौ गेंद शेष रहते छह विकेट पर 179 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### तमीम ने टी20 से संन्यास की घोषणा की

**जॉर्जटाउन (गयाना)।** बांग्लादेश की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर की श्रृंखला मे जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलो से संन्यास की घोषणा की। तमीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, आज से ही समझे कि मैने टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलो से संन्यास ले लिया है। सभी को ध्न्यवाद।




## गांव के मेले में छर्रे की बंदूक से गुब्बारे फोड़ने वाले प्रिंस को कप में स्वर्ण



**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** दक्षिण कोरिया के चांगवन मे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (21) के मन मे बंदूको को लेकर बचपन से ही आकर्षण रहा है। खेती-किसानी से जुड़े परिवार का यह बालक गांव के मेले मे छर्रे की बंदूक से गुब्बारे फोड़ने का शौक पूरा करने से कभी नही चूकता था। विश्व कप मे ऐश्वर्य की सुनहरी कामयाबी से गदगद उनके पिता वीरबहादुर सिंह तोमर (59) ने अपने बेटे से जुड़ी ये यादें रविवार को पीटीआई-भाषा से साझा की। तोक्यो ओलंपिक में भारत की नुमाइंदगी कर चुके ऐश्वर्य मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महज 800 की आबादी वाले रतनपुर गांव के रहने वाले है। उन्हे घर मे प्यार सें प्रिंसै पुकारा जाता है। इंदौर से करीब 150 किलोमीटर दूर स्थित गांव मे खेती-किसानी करने वाले तोमर ने बताया, प्रिंस (ऐश्वर्य) बचपन मे गांव के मेले मे जब भी जाता था, तो उसकी सबसे ज्यादा दिलचस्पी र्छे की बंदूक से गुब्बारे फोड़ने मे रहती थी। वह इस बंदूक से गुब्बारो पर निशाना साधकर बहुत खुश होता था। तोमर ने बताया कि वह राजपूत समुदाय से ताल्लुक रखते है और उनके कुनबे मे रायफल व बंदूक जैसे लाइसेंसी हथियार पारंपरिक रूप से रखे जाते है, लिहाजा ऐश्वर्य ने ए हथियार बचपन से ही देख रखे थे। उन्होने बताया कि ऐश्वर्य ने निशानेबाजी के गुर सीखने के बारे मे तब मन बनाया, जब उनके भांजे नवदीप सिंह राठौड़ भोपाल मे राज्य सरकार की निशानेबाजी अकादमी मे प्रशिक्षण ले रहे थे। वैसे भी प्रिंस (ऐश्वर्य) का मन पढ़ाई-लिखाई मे कम ही लगता था। इसलिए हमने उसे 14 साल की उम्र मे भोपाल की निशानेबाजी अकादमी भेजा था। लेकिन पहले प्रयास मे प्रशिक्षण के लिए उसका चयन नही हो सका था।

### पैरा बैडमिंटन : नित्या ने स्वर्ण और भगत ने रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत की नित्या से सुमति सिवान ने रविवार को आयरलैंड के डबलिन में चार देशों के पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के महिला एकल एसएच6 वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता जबकि दुनिया के नंबर एक प्रमोद भगत पुरूष एकल एसएल3 वर्ग मे दूसरे स्थान पर रहे। नित्या ने 32 मिनट तक चले फाइनल मे इंग्लैंड की राचेल चूंग 21-14 18-21 21-7 से हराया लेकिन भगत इंग्लैड के डेनियल बेथेल से फाइनल मे 17-21 9-21 से हार गए। विज्ञप्ति मे भगत ने कहा, मै अपने प्रदर्शन से निराश हूं, मैने सबकुछ करने की कोशिश लेकिन जीत नही सका। डेनियल बहुत अच्छा खेल रहा था। यह हार मुझे आगामी टूर्नामेंट मे बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी।

### आरए ब्वायज व इलेवन स्टार की जीत



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में आरए ब्वायज व इलेवन स्टार ने अपने-अपने मैच जीत लिए। पहले मैच में आर ए ब्वॉयज क्लब ने पुलिस ब्वॉयज क्लब को 4-0 से हराया। आर ए ब्वॉयज क्लब की ओर से तुषार 6.29 वे मिनट, सार्थक 25 वे मिनट, अभिषेक 49 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में 11 स्टार क्लब ने एफएस ए क्लब को 5-3 से हराया। 11 स्टार क्लब की ओर से अमन 8 मिनट, अली 18,29, वे मिनट, कुनाल 40वे मिनट, कृष्णा 45 वे मिनट में गोल किया। एफएस ए क्लब की ओर से फहाद ने 18 वे मिनटए मुस्तफा 46,50 वे मिनट में गोल किया। सफ़ेद ओर लाल जर्सी में 11 स्टार की टीम और नीली ओर लाल जर्सी में एफएस ए क्लब की टीम है।

# श्रीशंकर लंबी कूद फाइनल में सातवें स्थान पर

● विश्व चैंपियनशिप: पारूल चौधरी का उम्दा प्रदर्शन

भाषा। यूजीन (अमेरिका)






**लंबी कूद के** खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन उम्मीद पर खरे नहीं उतर पाए और फाइनल में सातवें स्थान पर रहे।
विश्व चैंपियनशिप में लंबी कूद के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले पुरुष भारतीय एथलीट श्रीशंकर ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एतिहासिक पदक की उम्मीद जगाई थी। फाइनल में उनका प्रदर्शन हालांकि 8.36 मीटर के उनके सत्र के और निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी कम रहा। श्रीशंकर ने तीन वैध कूद लगाई। उन्होंने पहले प्रयास में 7.96 मीटर की दूरी तय की जबकि उनका चौथा प्रयास 7.79 मीटर का था। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने अंतिम प्रयास में 7.83 मीटर की कूद लगाई। उनके तीन प्रयास फाउल रहे। वहीं भारतीयों से जुड़ी अन्य प्रतियोगिताओं में पारूल चौधरी ने महिला तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में नौ मिनट 38.09 सेकेंड का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह हीट नंबर दो में 12वें और कुल 31वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।तीन हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाले धावकों और अगली छह सर्वश्रेष्ठ धावकों ने फाइनल में जगह बनाई।पारूल का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नौ मिनट 38.29 सेकेंड था जो उन्होंने मार्च में तिरूवनंतपुरम में इंडियन ग्रांप्री के दौरान हासिल किया था।पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में एमपी जाबिर भी सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह हीट दो में 50.76 सेकेंड के प्रयास के साथ सातवें और अंतिम स्थान पर रहे। तेइस साल के श्रीशंकर को अपने इस प्रयास से निराशा होगी क्योंकि वह छह प्रयास में आठ मीटर की दूरी पार करने में नाकाम रहे। वह ग्रुप बी में दूसरे और कुल सातवें स्थान पर रहे थे। श्रीशंकर प्रतियोगिता में 8.36 मीटर से विश्व में सत्र के संयुक्त दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ उतरे थे। उनका यह प्रयास राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चीन के जिनान वैंग ने अंतिम प्रयास में 8.36 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि यूनान के ओलंपिक चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने 8.30 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

### धोनी अगर मुझ पर विश्वास करते हैं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात: एनगिडी

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने अपने करियर में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा कि अगर उनकी क्षमता का कोई खिलाड़ी मैच जीतने के लिए युवावस्था में उन पर विश्वास करता है तो यह उनके लिए बहुत बड़ी बात है। सीएसके ने 2018 में एनगिडी को अपने साथ जोड़ा था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनगिडी ने उस सत्र में 14.18 के औसत से 11 विकेट चटकाए और टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 2021 में भी खिताब जीतने वाली चेन्नई की टीम का हिस्सा थे। धोनी की क्षमता का कोई खिलाड़ी अगर 22 साल की उम्र में मैच जितवाने के लिए मुझे पर विश्वास करता है तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी से निपटने को सिखाने का श्रेय आईपीएल को दिया।